मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.3 | 23.0 |
| डालटनगंज | 31.8 | 26.0 |
| धनबाद | 34.0 | 27.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, बुधवार 23 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 106 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूर किया उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की उत्तम स्वास्थ्य की कामना

एजेंसियां। नयी दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है. सोमवार देर शाम धनखड़ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र भेजकर पद से इस्तीफे की बात कही थी. उन्होंने अपने इस्तीफे के पीछे स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया था. मंगलवार को राज्यसभा को जगदीप धनखड़ के तत्काल प्रभाव से इस्तीफे के संबंध में गृह मंत्रालय की अधिसूचना के बारे में सूचित किया गया. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने संविधान के अनुच्छेद 67ए के तहत भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की सूचना तत्काल प्रभाव से राज्यसभा को दे दी है. इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर जगदीप धनखड़ के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की. उन्होंने लिखा, जगदीप धनखड़ को भारत के उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है. मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं.

बता दें कि जगदीप धनकड़ के उपराष्ट्रपति पद छोड़ने के साथ ही राज्यसभा के सभापति पद भी स्वतः रिक्त हो गया है. उपराष्ट्रपति उच्च सदन के पदेन सभापति होते हैं. ऐसे में अब जब इस्तीफा मंजूर हो गया है तो मानसून सत्र में राज्यसभा की पूरी कार्यवाही उपसभापति हरिवंश चलाएंगे. इसके अलावा राष्ट्रपति की ओर से अधिकृत सदस्य को भी यह जिम्मेदारी दी सकती है. उपराष्ट्रपति पद का चुनाव छह माह में कराना होता है. संविधान के अनुसार, मृत्यु, त्यागपत्र या हटाए जाने या अन्य किसी कारण से उपराष्ट्रपति पद की रिक्ति भरने के लिए चुनाव यथाशीघ्र कराने का प्रावधान है.

## कार्यकाल के बीच इस्तीफा देने वाले तीसरे उपराष्ट्रपति बने धनखड़



धनखड़ कार्यकाल के बीच में पद से इस्तीफा देने वाले तीसरे उपराष्ट्रपति बन गए हैं. इससे पहले, वीवी गिरि ने इस्तीफा दे दिया था, जिन्होंने तीन मई 1969 को तत्कालीन राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के निधन के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति का पद संभाला था. गिरि ने दो जुलाई 1969 को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देकर स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति चुनाव लड़ा. वह अपना कार्यकाल पूरा न कर पाने वाले पहले उपराष्ट्रपति थे. भैरों सिंह शेखावत ने यूपीए की प्रतिभा पाटिल के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव में हारने के बाद 21 जुलाई 2007 को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया. शेखावत के इस्तीफे के बाद, उपराष्ट्रपति का पद 21 दिनों तक रिक्त रहा, जिसके बाद हामिद अंसारी इस पद के लिए चुने गए. उपराष्ट्रपति आर वेंकटरमन, शंकर दयाल शर्मा और केआर नारायणन ने भी अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन राष्ट्रपति चुने जाने के बाद. कृष्णकांत एकमात्र उपराष्ट्रपति थे, जिनका पद पर रहते हुए निधन हो गया था. उन्होंने 27 जुलाई 2002 को अंतिम सांस ली थी.

**मॉनसून सत्र शुरू होते ही इस्तीफे से उठे सवाल :** संसद के मॉनसून सत्र का आगाज सोमवार को ही हुआ. उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सत्र के पहले दिन सभापति के तौर पर दिन भर राज्यसभा कार्यवाही का संचालन किया, शाम को सांसदों की बैठक भी की. फिर करीब तीन घंटे बाद खराब सेहत का हवाला देकर पद से इस्तीफा दे दिया. इसी के साथ सवाल उठने लगे कि अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा?

**नए उपराष्ट्रपति की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया जल्द :** संवैधानिक प्रक्रिया के तहत राज्यसभा के सभापति का पद रिक्त हो गया है और नए उपराष्ट्रपति की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया जल्द शुरू हो सकती है. संबंधित विभाग द्वारा जल्द ही गजट अधिसूचना जारी की जाएगी, जिसमें इस्तीफा स्वीकृत किए जाने की आधिकारिक जानकारी दी जाएगी.

**2027 तक था कार्यकाल :** धनखड़ का कार्यकाल अगस्त 2027 तक था, यानी उनके पास अभी दो साल से अधिक समय बाकी था. ऐसे में अचानक इस्तीफे ने कई तरह की अटकलों को जन्म दिया. उन्होंने अपने त्यागपत्र में स्वास्थ्य कारणों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रति आभार व्यक्त किया.

## राष्ट्रपति से मिले हरिवंश नारायण

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने मंगलवार को राष्ट्रपति से मुलाकात की. धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के 24 घंटे के भीतर उपसभापति की राष्ट्रपति से मुलाकात कई मायनों में अहम मानी जा रही है. सभापति का पद खाली होने के बाद हरिवंश ने कार्यवाहक सभापति की जिम्मेदारी संभाल ली है. उपराष्ट्रपति को लेकर संभावित चेहरों पर चर्चाएं शुरू हो गई है. इस रेस में हरिवंश को अब सबसे आगे माना जा रहा है. राष्ट्रपति भवन ने बैठक की तस्वीर शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति से मुलाकात की.

## संसद-विधान सभाओं की गरिमा गिरती गई, तो एक दिन लोकतंत्र भी हिल जाएगा

सुरेंद्र किशोर



'हल्ला ब्रिगेड' के खिलाफ शून्य सहनशीलता वाले नेता ही स्पीकर -सभापति बनें. विधायिकाओं को मछली बाजार बनने से रोकने में सत्ताधारी दल पीठासीन पदाधिकारियों को पूर्ण सहयोग दें. अन्यथा, विभिन्न सदनों में जारी हड़भोंग के खिलाफ देश में बढ़ते जन रोष का लाभ उठा कर कोई हिटलर नुमा निष्ठुर तानाशाह सत्ता हथिया लेगा.

संसदीय नियमों के पालन को लेकर दृढ इच्छा शक्ति वाले सांसदों-विधायकों को ही संसद और विधान मंडलों का स्पीकर या सभापति बनाया जाना चाहिए. वैसी स्थिति में सदन की कार्य संचालन नियमावली के कम से कम आधे नियमों का पालन हो पाएगा. अब तक हुए पीठासीन पदाधिकारियों के अखिल भारतीय सम्मेलनों की कुछ सिफारिशों का भी पालन हो पाएगा. 'हल्ला ब्रिगेड' का मुकाबला 'पीस कीपिंग फोर्स' ही तो कर सकता है !!

अन्यथा शालीन और संवेदनशील पीठासीन पदाधिकारियों को तो बारी -बारी से हल्ला ब्रिगेड के लोग शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार करते जाएंगे! (कोई पक्की जानकारी तो नहीं, मेरे मन में यह सवाल जरूर उठ रहा है कि क्या सदन में तनाव झेलते- झेलते जगदीप धनखड़ साहब बीमार तो नहीं हो गए हैं.)

**छूट पर अंकुश लगे :** सदन के भीतर कुछ भी बोल कर आपराधिक मुकदमे से बच जाने का प्रावधान तब किया गया था, जब राजनीति में अधिकतर लोग शालीन व कानून मानने वाले हुआ करते थे.

आज तो कई ऐसे सदस्य हैं, जो सदन के बाहर जब भी मुंह खोलते हैं, उन पर कोर्ट में केस हो जाता है. पर, सदन से मिली छूट का लाभ उठा कर वे आए दिन कुछ का कुछ, अंट-शंट और मानहानिकारक बातें बोलते रहते हैं. वैसे इस छूट का सबसे अधिक लाभ मुख्य मंत्री के रूप में केजरीवाल ने उठाया था. इसलिए अब उस छूट को तत्काल समाप्त कर दिया जाना चाहिए. पेज शेष 11 पर...

## ब्रीफ न्यूज

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से विदेश यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र की बुधवार से शुरू हो रही ब्रिटेन यात्रा के दौरान दोनों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है. मोदी पहले ब्रिटेन की यात्रा पर लंदन के लिए रवाना होंगे और वहां से सीधे मालदीव जाएंगे और 26 को मालदीव के 60वें स्वतंत्रता समारोह में शामिल होने के बाद स्वदेश लौटेंगे. मोदी की ब्रिटिश पीएम के साथ वार्ता के दौरान भारत ब्रिटेन एफटीए की घोषणा हो सकती है.

### खगड़िया में चार बच्चों की डूबने से हुई मौत

**पटना।** बिहार के खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र अन्तर्गत कंकड़ कुड़िया बहियार में एक ही परिवार के 4 बच्चों की डूबने से मौत हो गयी. ये सभी बच्चे सोमवार को पानी भरे गड्ढे में नहाने गये हुए थे. इसी दौरान चारों बच्चे गहरे पानी में डूब गये. एसडीआरएफ की टीम लापता बच्चों की तलाश में जुटी थी. एसडीआरएफ ने मंगलवार को काफी मशक्कत के बाद चारों बच्चों के शव को बरामद कर लिया. बच्चों का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है.

### एअर इंडिया के विमान में आग, सभी यात्री सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** हांगकांग से दिल्ली आ रही एअर इंडिया के एक फ्लाइट में मंगलवार को लैंडिंग के बाद आग लग गई. राहत की बात यह रही कि विमान में सवार सभी यात्री और क्रू सदस्य सुरक्षित हैं. एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया, फ्लाइट एआई-315 की लैंडिंग और गेट पर पार्किंग के बाद उसकी ऑक्जिलियरी पावर यूनिट में आग लग गई. घटना के समय यात्री विमान से उतरना शुरू कर चुके थे. विमान को नुकसान पहुंचा है, लेकिन सभी यात्री और क्रू सदस्य सामान्य रूप से उतर गए.

## मानसून सत्र : हंगामे की भेंट चढ़ी लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही

# विपक्ष का एसआईआर पर हल्ला बोल, सरकार का भी पलटवार

एजेंसियां। नयी दिल्ली

संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विपक्षी दलों के जोरदार हंगामे के चलते मंगलवार को पूरे दिन के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई. विपक्ष की मुख्य मांग थी बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराई जाए और इसे वापस लिया जाए. बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के बाद बार-बार स्थगित होने के कारण सोमवार को सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही नहीं चल सकी थी.

**लोकसभा में क्या-क्या हुआ :** मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही जैसे ही सुबह 11 बजे शुरू हुई, कांग्रेस समेत विपक्षी सांसदों ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी. वे बिहार में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर चर्चा की मांग कर रहे थे और ऑपरेशन सिंदूर पर भी बहस चाहते थे. इस दौरान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष से अपील की कि वे अपनी सीटों पर लौटें ताकि किसानों से जुड़े सवालों पर चर्चा की जा सके. स्पीकर ओम बिरला ने भी विरोध कर रहे सांसदों से अनुरोध किया कि वे नारेबाजी और तख्तियां दिखाना बंद करें क्योंकि इससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंचती है. लेकिन हंगामा जारी रहने पर सदन को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया.

दोपहर 12 बजे जब सदन फिर से शुरू हुआ तो स्थिति वैसी ही रही. इस बार बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल पीठासीन अधिकारी के रूप में थे. उन्होंने विपक्ष से अपील की कि वे अपने मुद्दे लिखित रूप में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में रखें. लेकिन हंगामा बढ़ता गया और कार्यवाही दोपहर दो बजे तक फिर स्थगित करनी पड़ी. जब दोपहर दो बजे सदन दोबारा चला, तो दिलीप सैकिया पीठासीन अधिकारी थे. उन्होंने भी विपक्ष से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गए और नारेबाजी जारी रही. इसके बाद कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई.

### बिहार में एसआईआर लेकर संसद के बाहर विपक्ष का प्रदर्शन, कहा

## वोट चोरी की कोशिश की जा रही

**नयी दिल्ली।** संसद पर मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने जमकर विरोध किया. बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में विपक्ष के सांसदों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में मकर द्वार पर प्रदर्शन किया. कहा कि पुनरीक्षण से वोट की चोरी की कोशिश की जा रही है. यह चुनाव की चोरी के जैसा है. इस दौरान सांसदों ने भारतीय अधिकारों की चोरी और एसआईआर) गणराज्य को नुकसान पहुंचाना लिखी तख्तियां ले रखी थीं. प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस, सपा, राजद, टीएमसी, डीएमके, झामुमो समेत कई दलों के सांसदों ने इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया. इससे पहले खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में इंडिया ब्लॉक की बैठक हुई. केसी वेणुगोपाल ने बताया कि बैठक के दौरान विपक्ष ने कई मुद्दों पर सवालों के जवाब देने के लिए सदन में पीएम की उपस्थिति पर जोर देने का फैसला किया. उन्होंने कहा कि विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, भारत-



पाकिस्तान संघर्ष विराम पर ट्रंप के बयान, बिहार का एसआईआर, परिसीमन, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों व महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, एआई 171 विमान दुर्घटना और मणिपुर जैसे मुद्दों पर सवालों के जवाब देने के लिए सदन में मोदी की उपस्थिति पर दबाव बनाने का फैसला किया. उन्होंने कहा कि ये लोगों के मुद्दे हैं और इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए. विपक्षी नेताओं ने यह मुद्दा भी उठाया कि राहुल गांधी को सदन में बोलने की अनुमति दी जाए. यह भी निर्णय लिया गया कि विपक्ष संसद के दोनों सदनों में एसआईआर का मुद्दा उठाएगा.

**सरकार ने विपक्ष के रवैये की निंदा की :** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के रवैये की निंदा की. उन्होंने कहा, एक ओर वे बहस की मांग कर रहे हैं और दूसरी ओर खुद ही बहस नहीं होने दे रहे हैं. यह दोहरा मापदंड है. उन्होंने कहा कि सोमवार को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय हुआ था कि पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी. सरकार की ओर से कहा गया कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष खुद ही संसद का समय बर्बाद कर रहा है.

**रास में भी विपक्ष का एसआईआर को लेकर हंगामा :** विपक्ष की तरफ से राज्यसभा में भी जोरदार हंगामा किया गया. इस दौरान विपक्ष के सदस्यों ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जमकर हंगामा किया. जिसकी वजह से पूरे दिन राज्यसभा में कोई भी काम नहीं हो सका. जैसे ही सदन की कार्यवाही सुबह शुरू हुई, विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी. विपक्षी सदस्य बिहार में एसआईआर, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में चर्चा की मांग कर रहे थे.

**हंगामे के कारण दो बार स्थगित हुई कार्रवाई :** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने पहले दो बार सदन को स्थगित किया और आखिरकार दोपहर दो बजे के बाद सदन को पूरे दिन के लिए स्थगित करना पड़ा. इससे पहले सीपीआई सांसद पी. संतोश कुमार ने धनखड़ के अप्रत्याशित और असामान्य इस्तीफे पर भी चर्चा की मांग की थी. हालांकि, सभी 12 स्थगन प्रस्तावों को नियम 267 के तहत खारिज कर दिया गया. दोपहर 12 बजे प्रश्नकाल के दौरान भी हंगामा जारी रहा और घनश्याम तिवारी, जो उस समय पीठासीन अधिकारी थे, ने सदन को दो बजे तक स्थगित कर दिया. इसी दौरान गृह मंत्रालय की अधिसूचना के जरिए जगदीप धनखड़ के तत्काल प्रभाव से इस्तीफे की जानकारी भी दी गई.

## झारखंड के नए चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान पहुंचे रांची

# आज राजभवन में लेंगे पद की शपथ



शुभम संदेश। रांची

झारखंड हाई कोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान मंगलवार को विमान से रांची पहुंच गए हैं. बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर हाईकोर्ट के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया. राजभवन में 23 जुलाई की सुबह 10 बजे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है. राज्यपाल संतोष गंगवार नए चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. जस्टिस चौहान के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए उनके रिश्तेदार रांची आने लगे हैं. लगभग 50 से 60 रिश्तेदार समारोह में शामिल होंगे. उन्हें अलग-अलग होटल और स्टेट गेस्ट हाउस में ठहराने की व्यवस्था की गयी है.

### कौन हैं जस्टिस तरलोक सिंह चौहान

झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस के बाद सबसे सीनियर जज थे. उन्होंने शिमला से स्कूली शिक्षा प्राप्त की है. पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से कानून की पढ़ाई की है. जस्टिस तरलोक सिंह चौहान ने 1989 में हिमाचल प्रदेश स्टेट बार काउंसिल में एडवोकेट के तौर पर दाखिला लिया था. वर्ष 2014 में उन्हें हाईकोर्ट के अतिरिक्त जज के तौर पर पदोन्नत किया गया था. उसी साल उन्हें स्थायी न्यायाधीश भी नियुक्त किया गया था. गौरतलब है कि वर्तमान में झारखंड हाई कोर्ट में वरिष्ठ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं. उन्होंने पूर्व चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के त्रिपुरा ट्रांसफर के बाद यह जिम्मेदारी संभाली थी.

### रेंजर अदिति राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित


**चाईबासा।** चक्रधरपुर की रेंजर अदिति कुंडू को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किया गया है. यह प्रतिष्ठित पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिया. अदिति कुंडू की इस उपलब्धि ने चक्रधरपुर मंडल का नाम रोशन किया है. पूरे स्काउटिंग समुदाय के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी बनी हैं. उनके समर्पण, सेवा ने सिद्ध किया है कि परिश्रम से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है.

## बिहार विस में मार्शल-विपक्ष में धक्का-मुक्की

# विधानसभा में खड़े होकर ताली बजाने लगे नीतीश

- स्पीकर बोले : ई काला-काला पहनकर क्यों आ गये?

शुभम संदेश। पटना



बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन के अंदर और बाहर जबरदस्त बवाल हुआ. विपक्षी विधायकों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ जोरदार हंगामा किया. काले कपड़े पहनकर और पोस्टर लहरा कर सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की.

कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी विधायकों का विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया. अध्यक्ष नंदकिशोर यादव की अपील के बावजूद हंगामा जारी रहा. हंगामा के चलते 21 मिनट बाद ही कार्यवाही को दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया. जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया. एसआईआर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विपक्षी सदस्य हाथों में पोस्टर लिए वेल में आ गए. विपक्ष ने काले कपड़े पहन कर विरोध प्रदर्शन किया. वहीं विपक्ष के विधायक मुख्य प्रवेश द्वार पर बैठ गए, और एसआईआर को वापस लेने की मांग उठाई. मार्शल ने उन्हें वहां से हटाने की कोशिश की. इस दौरान मार्शल और विधायकों मे हल्की धक्का-मुक्की भी हुई. स्पीकर नंदकशोर यादव ने जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी विधायक सदन में खड़े होकर शोरगुल करने लगे. हंगामा कर रहे विधायक वेल में पहुंच गए नारेबाजी करने लगे. स्पीकर ने हंगामा कर रहे विधायकों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन वो मानने को तैयार नहीं. स्पीकर ने विपक्षी विधायकों से पूछा आपलोग काला-काला पहन कर क्यों आ गए हैं, अच्छा नहीं लग रहा है. उन्होंने नारेबाजी कर रहे विधायकों से कहा कि नारा लगाते-लगाते गला बझ जाएगा, चुनाव में नारा लगाना है, पहले ही बझ जाएगा. इसलिए आपलोग सीट पर बैठिए. इसके बाद विपक्षी हाथ में पोस्टर लेकर वेल में पहुंच गये. स्पीकर ने विपक्षी विधायकों के हाथ से प्ले कार्ड छीनने का आदेश दिया. इसके बाद मार्शल ने सभी पोस्टर ले लिए. उधर विपक्ष की नारेबाजी पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खड़े होकर ताली बजाई. हंगामा बढ़ता देख स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी.

## बड़ी खबर : भारतीय सेना को मिला बहुप्रतीक्षित अपाचे हेलीकॉप्टर, अब युद्ध की स्थिति में दिखाएंगे अपना कमाल

# 1 मिनट में 128 टारगेट लॉक, 16 धुआं-धुआं, खौफ में दुश्मन

शुभम संदेश डेस्क

भारतीय थलसेना को अब अपाचे एएच-64ई लड़ाकू हेलीकॉप्टर की पहली खेप मिल चुकी है, जिसे राजस्थान के जोधपुर एयरबेस पर तैनात किया गया है. इससे पहले ये हेलीकॉप्टर केवल भारतीय वायुसेना के पास थे. अब थलसेना को इन शक्तिशाली हेलीकॉप्टरों की तैनाती से पश्चिमी सीमाओं पर तेजतर्रार प्रतिक्रिया करने की क्षमता हासिल हुई है. इन हेलीकॉप्टरों की तैनाती भारत की सामरिक रणनीति को बदलने की क्षमता रखती है. यह फैसला इस बात को रेखांकित करता है कि भारतीय सेना अब मल्टी-डोमेन ऑपरेशनों की ओर बढ़ रही है, जहां थलसेना और वायुसेना के बीच तालमेल बेहद महत्वपूर्ण है.




**एडवांस्ड सेंसर और नाइट विजन सिस्टम से लैस :** अपाचे हेलीकॉप्टर की सबसे बड़ी खूबी, इसका एडवांस्ड सेंसर सिस्टम है. इसमें नाइट विजन और थर्मल इमेजिंग सेंसर लगे हैं, जो रात के अंधेरे और खराब मौसम में भी दुश्मन को सटीकता से पहचान सकते हैं. इसका टारगेट सिस्टम और पायलट नाइट विजन सेंसर (पीएनवीएस) पायलट को कम विजिबिलिटी में भी सटीक हमले की क्षमता देता है.

**रडार और संचार सिस्टम :** यह हेलीकॉप्टर एएन/एपीजी-78 लांगबो रडार और ज्वाइंट टेक्निकल इनफार्मेशन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (जेटीआईडीएस) से लैस है, जो इसे नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर में उपयोगी बनाता है. साथ ही यह सीडीएल और केयू फ्रीक्वेंसी बैंड पर डेटा ट्रांसफर करने में भी सक्षम है.

**अपाचे की वेपन सिस्टम मल्टी-टारगेट हमलों में क्षमता :** अपाचे में लगे हथियार इसे किसी भी युद्धभूमि में बेहद खतरनाक बनाते हैं, जो इस प्रकार है...

**एजीएम-114 हेलफायर मिसाइल:** टैंक और बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने में सक्षम.

**हाइड्रा 70 राकेट्स:** 70एमएम के अनगाइडेड रॉकेट, जमीनी ठिकानों पर हमला.

### स्टिंगर मिसाइल्स

हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें

स्पाइक एनएलओएस मिसाइल्सः 25+ किमी तक टारगेट को निशाना बना सकती हैं.

यह हेलीकॉप्टर एक मिनट में 128 टारगेट को लॉक कर 16 अलग-अलग लक्ष्यों पर हमला कर सकता है. इसकी मल्टी-टारगेट इन्वॉल्वमेंट क्षमता इसे भीड़ वाले युद्धक्षेत्र में बेहद उपयोगी बनाती है.

**उड़ान संबंधी क्षमताएं :** अपाचे हेलीकॉप्टर की अधिकतम गति 280 से 365 किमी/घंटा तक होती है. इसके साथ ही यह एक बार में 3.5 घंटे तक उड़ान भर सकता है और ऑपरेशनल रेंज 500 किमी तक जाती है (बाहरी फ्यूल टैंक के साथ और भी अधिक). इसका मतलब है कि यह लंबी दूरी तक गश्त- हमले कर सकता है.

**ड्रोन नियंत्रण व नेटवर्कः** अपाचे हेलीकॉप्टर एमक्यू-1सी ग्रे ईगल जैसे ड्रोन को कंट्रोल कर सकता है, जिससे एक नया युग शुरू होता है मानव-मशीन टीमिंग (एमयूएम-टी) का. इसके सेंसर और रडार सिस्टम से यह टोही मिशनों में भी दक्ष है.

**मल्टी डोमेन कोऑर्डिनेशन :** इस हेलीकॉप्टर का डिजाइन इसे मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस के लिए आदर्श बनाता है. यह ग्राउंड स्ट्राइक, एयर डिफेंस और रिकॉन मिशन में एक साथ काम कर सकता है.

**दो पायलटों की क्षमता और बख्तरबंदी :** हेलीकॉप्टर को दो पायलटों के लिए डिजाइन किया गया है, एक उड़ान संचालन के लिए और दूसरा हथियार नियंत्रण के लिए. इसका खाली वजन 6,838 किलो और अधिकतम टेक-ऑफ वजन 10,433 किग्रा है. इसे छोटे हथियारों, बुलेट्स और बैलिस्टिक मिसाइलों से सुरक्षा देने के लिए भी आर्मर से लैस किया गया है.

## 1 अगस्त से रांची में जमीन और फ्लैट खरीदना होगा महंगा

# कई इलाकों में 12% तक बढ़ सकती हैं दरें

शुभम संदेश। रांची



राजधानी रांची और इसके आसपास के क्षेत्रों में घर या जमीन खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए एक अहम जानकारी सामने आई है. आगामी 1 अगस्त से रांची में जमीन और फ्लैट की कीमतों में बढ़ोतरी होने जा रही है. जिला निबंधन कार्यालय ने नई सरकारी मूल्यांकन दर लागू करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, जो सीधे तौर पर संपत्ति खरीदने वालों की जेब पर असर डालेगी.

नई दरें लागू होने के बाद जमीन और फ्लैट की कीमतों में 8 से 10 फीसदी तक की बढ़ोतरी संभव है. वहीं, शहर के कुछ पॉश इलाकों में यह वृद्धि 10 से 12 फीसदी तक हो सकती है. रांची नगर निगम के अंतर्गत आने वाले सभी 53 वार्डों और 13 राजस्व मौजों में यह नई दरें प्रभावी होंगी. हालांकि, जिन लोगों की रजिस्ट्री 31 जुलाई तक हो जाएगी, उन्हें पुरानी दर का ही लाभ मिलेगा. ऐसे में अगस्त से पहले जमीन या फ्लैट की खरीदारी करना आर्थिक रूप से लाभकारी हो सकता है.

### बढ़ेगी स्टाम्प ड्यूटी और कोर्ट फीस का भार

नई सरकारी मूल्यांकन दरों के साथ-साथ संपत्ति पंजीकरण से जुड़े खर्चों में भी वृद्धि देखने को मिलेगी. किसी भी संपत्ति के पंजीकरण पर अब चार प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी और तीन प्रतिशत कोर्ट फीस देनी होगी, जिससे कुल सात प्रतिशत का अतिरिक्त बोझ खरीदारों पर पड़ेगा. उदाहरण के लिए, अगर कोई व्यक्ति एक डिसमिल जमीन खरीदता है, जिसकी बाजार दर 20 लाख रुपए है, तो उसे 1.4 लाख रुपए स्टाम्प और कोर्ट फीस के रूप में अदा करने होंगे. यानी कुल लागत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. जिला निबंधन कार्यालय ने नई दरों का प्रस्ताव तैयार कर लिया है, जिसे अंतिम स्वीकृति के लिए रांची के उपायुक्त सह जिला रजिस्ट्रार मंजूनाथ भजंत्री को भेजा गया है. स्वीकृति मिलते ही यह दरें प्रभाव में आ जाएंगी.

### खरीददारों के लिए जरूरी सावधानी

जमीन या फ्लैट खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए यह समय निर्णायक हो सकता है. 1 अगस्त के बाद नई दरें लागू होते ही संपत्ति खरीदना और अधिक महंगा हो जाएगा. ऐसे में यदि किसी ने अग्रिम बातचीत या सहमति कर ली है, तो 31 जुलाई से पहले रजिस्ट्री कराना आर्थिक रूप से बुद्धिमानी होगी. नई मूल्यांकन दरों से राज्य सरकार को अधिक राजस्व मिलने की उम्मीद है, लेकिन आम जनता के लिए यह एक अतिरिक्त वित्तीय बोझ बन सकता है. इसलिए निवेश से पहले सभी पहलुओं पर विचार करना जरूरी होगा.

### इन इलाकों में होगी सबसे ज्यादा बढ़ोतरी

सूत्रों के अनुसार, रांची के जिन वार्डों में जमीन और फ्लैट की दरें ज्यादा बढ़ने की संभावना है, उनमें वार्ड संख्या 1, 2, 3, 6, 11, 13, 14, 16, 17, 18, 21, 22 और 23 प्रमुख हैं. ये वो इलाके हैं, जहां आवासीय और व्यावसायिक दोनों तरह की संपत्तियों की मांग अधिक है और कई पॉश मोहल्ले भी इन्हीं क्षेत्रों में आते हैं. इस प्रकार, शहर के उन हिस्सों में जहां विकास तेजी से हो रहा है या पहले से ही आकर्षक सुविधाएं उपलब्ध हैं, वहां कीमतों में दो अंकों की बढ़ोतरी तय मानी जा रही है.

## एक नजर

### अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने किया स्वागत



**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह के नेतृत्व मे मंगलवार को झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर ऑपरेटर संघ का शिष्टमंडल अनन्य मित्तल, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, पलाश, ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार से मिलकर संघ/ महासंघ की ओर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को डाटा एंट्री ऑपरेटरों की जायज मांगो को लागू करने के लिए महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह ने मांग पत्र दिया, जिसमें मुख्य रूप से जेएसएलपीएस में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर जिसकी कुल कार्यरत संख्या 384 है. उन्हें मानव संसाधन नियमावली लेवल एल 7 में नहीं जोड़ा गया, जबकि इसके लिए संघ/ महासंघ द्वारा कई शिष्टमंडल वार्ता खासकर मुख्यमंत्री की तत्कालीन प्रधान सचिव वंदना दादेल को वर्ष 2023 में भेजी गई, आज तक कोई कारवाई नहीं हुई. इस संवर्ग को अन्य लाभों के साथ स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दी जाए. संचार भत्ता दिया जाए. इस मौके पर महामंत्री सुनील साह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जो संलेख समर्पित किया था उसकी प्रति भी दी गई. शिष्टमंडल में महासंघ के महामंत्री सुनील साह, संघ के अध्यक्ष करन गुप्ता, महामंत्री पंकज कुमार, पवन कुमार, अभिषेक कुमार सिन्हा शामिल रहे.

### साइबर ठगों ने बुजुर्ग को कॉल कर कहा- पानी कनेक्शन काट देंगे, फिर उड़ा लिए 4.68 लाख

**रांची।** राजधानी रांची के कांके रोड निवासी 71 वर्षीय राजीव गर्ग से साइबर ठगों ने बड़ी चालाकी से 4.68 लाख रुपये की ठगी कर ली. ठगों ने पानी का कनेक्शन काटने का डर दिखाकर उनके बैंक खाते से यह रकम उड़ा ली. राजीव गर्ग ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि 16 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आया, जिसमें लिखा था कि पुराने बकाया भुगतान नहीं करने के कारण उनका जल आपूर्ति कनेक्शन काट दिया जाएगा.राजीव गर्ग ने जब उस नंबर पर फोन किया तो सामने वाले व्यक्ति ने खुद को नगर निगम कर्मचारी बताया. कहा कि वर्ष 2012 का 12 रुपये बकाया है, जिसे तुरंत ऑनलाइन जमा करना होगा. इसके बाद उन्हें एक और व्हाट्सएप नंबर (9835907984) से बात करने को कहा गया. राजीव गर्ग ने जैसे ही उस नंबर से संपर्क किया, तो ठगों ने उनके डेबिट कार्ड की जानकारी ली और उनके मोबाइल को हैक कर लिया। मोबाइल हैक होने के बाद ठगों ने ओटीपी समेत बैंक से जुड़ी सारी जानकारी हासिल कर ली. इसके बाद उनके खाते से 4.68 लाख रुपये की अवैध निकासी कर ली गई. राजीव गर्ग ने कहा कि यह पूरी ठगी एक साजिश के तहत हुई है. उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर दोषियों को पकड़ने और रकम वापस दिलाने की मांग की है.

### उपराष्ट्रपति से इस्तीफा दिलवाया गया : कैलाश

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद ने कहा है कि आजाद भारत में पहली बार उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दिया है जो अत्यंत अफसोसजनक और चिंता का विषय है. पार्टी के प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्ष 2014 से मोदी सरकार के शासनकाल में भाजपा के नेता खुलेआम देश की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था का अपमान कर रहे हैं. इसे विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका और पत्रकारिता की स्थिति काफी चिंताजनक बनी हुई है. उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा नहीं दिया बल्कि उनसे इस्तीफा दिलवाया गया है. उप-राष्ट्रपति पहले से दिन भर इत्मीनान नजर आए और राज्यसभा के चेयर से सदन को चलाते नजर आए. लेकिन शाम होते ही ऐसी क्या बात हो गई कि उन्होंने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया. इससे पूरा देश स्तब्ध है.

झामुमो नेता विनोद पांडेय ने दिया जवाब, कहा

# राजनीतिक दिवालियापन की शिकार हो गई भाजपा

- भाजपा का 'नाम परिवर्तन घोटाले' वाले आरोप पूरी तरह निराधार और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की कोशिश
- हेमंत सोरेन सरकार हर विभाग में पारदर्शिता के लिए तकनीकी उन्नति कर रही है. सरकार गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं रहने दे रही



शुभम संदेश। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा के 'नाम परिवर्तन घोटाले' वाले आरोपों को पूरी तरह निराधार और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की कोशिश बताया है. पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह समझना चाहिए कि हेमंत सोरेन सरकार हर विभाग में पारदर्शिता के लिए तकनीकी उन्नति कर रही है. सरकार गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं रहने दे रही है. कहीं इस वजह से ही भाजपा के व्यापारी नेताओं में बेचैनी तो नहीं बढ़ गई है.

उन्होंने कहा कि भाजपा का यह कहना कि रजिस्टर गायब कर दिए गए हैं, पूरी तरह भ्रामक है. पांडेय ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह झारखंड में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने के लिए हर मुद्दे को धर्मांतरण से जोड़ रही है. यह वही भाजपा है जिसने अपने शासनकाल में कई विभागों में घोटाले होने पर भी किसी प्रकार की सीबीआई जांच की अनुशंसा नहीं की थी.

अब जब राज्य में आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों की सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है तो भाजपा को यह रास नहीं आ रहा.उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने राजकीय प्रेस के अधिकारियों से पूरी रिपोर्ट मांगी है और यदि कोई लापरवाही पाई गई तो कड़ी कार्रवाई होगी. लेकिन भाजपा का हर मुद्दे पर सीबीआई जांच की मांग करना सिर्फ संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का प्रयास मात्र है.भाजपा को झारखंड की जनता ने नकारा है और वे बौखलाहट में इस तरह के झूठे आरोप लगा रही है. हेमंत सरकार जनता को जवाबदेह है और किसी के भी दबाव में नहीं आएगी.

रांची और धनबाद में 25 जुलाई से नया नियम होगा लागू

# स्मार्ट मीटर में बैलेंस नहीं तो कट जाएगी बिजली

शुभम संदेश। रांची



झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने राज्य के दो प्रमुख शहरों-रांची और धनबाद-के बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक अहम घोषणा की है. 25 जुलाई 2025 से इन दोनों शहरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर वाले घरों में अगर बैलेंस नहीं रहेगा, तो बिजली की आपूर्ति स्वतः ही बंद हो जाएगी. यह कदम 'ऑटोमेटिक लाइन डिस्कनेक्शन अभियान' के तहत उठाया जा रहा है, जिसका सीधा असर लाखों उपभोक्ताओं पर पड़ेगा. 7 लाख उपभोक्ताओं के घरों में लगे हैं स्मार्ट मीटर

जेबीवीएनएल के अनुसार, रांची और धनबाद सर्किल में अब तक लगभग 7 लाख घरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं. इन उपभोक्ताओं के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वे अपने मीटर में पर्याप्त बैलेंस बनाए रखें. यदि बैलेंस शून्य या नकारात्मक हुआ, तो बिजली की आपूर्ति बिना किसी पूर्व सूचना के स्वतः ही काट दी जाएगी.

### 10 हजार से अधिक बकाया वालों की बिजली पहले ही कटी

बिजली निगम पहले ही उन उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई कर चुका है, जिन पर 10,000 या उससे अधिक की राशि बकाया है. रांची सर्किल में 8,000 से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली पहले ही ऑटोमेटिक सिस्टम के माध्यम से काटी जा चुकी है. इस पूरे सिस्टम को डिजिटल बना दिया गया है, जिससे अब विभाग को बिजली काटने के लिए कर्मचारियों को भेजने की आवश्यकता नहीं होती.

### उपभोक्ताओं को क्या करना चाहिए

अगर आपके घर में पहले से प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा हुआ है, तो यह जरूरी है कि आप उसमें नियमित रूप से बैलेंस की जांच करें और समय पर रिचार्ज कराते रहें. 25 जुलाई के बाद अगर बैलेंस खत्म हो गया, तो आपकी बिजली बिना किसी चेतावनी के कट सकती है. जेबीवीएनएल ने स्पष्ट किया है कि यह कदम उपभोक्ता सेवाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में उठाया गया है. अतः सभी उपभोक्ताओं से आग्रह है कि वे समय पर भुगतान करें और सेवा में बाधा से बचें.

### मोबाइल नंबर अपडेट कराना जरूरी

जेबीवीएनएल ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अपने बिजली कनेक्शन के साथ मोबाइल नंबर जरूर लिंक कराएं. इससे उपभोक्ता अपने बिजली बिल को व्हाट्सऐप पर प्राप्त कर सकते हैं. बिल की कॉपी 9431135503 नंबर पर भी डाउनलोड की जा सकती है. किसी भी जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 या अपने नजदीकी बिजली कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं.


### स्मार्ट मीटर के फायदे

स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को अपने बिजली उपयोग पर सीधी नजर रखने में मदद मिलती है. यह व्यवस्था रिचार्ज आधारित है, जिससे उपभोक्ता अपनी सुविधा अनुसार भुगतान कर सकते हैं और बिलिंग प्रक्रिया की जटिलता से बच सकते हैं. वहीं बिजली विभाग के लिए भी यह सिस्टम लाभकारी है, क्योंकि इससे न केवल बिल वसूली आसान हुई है, बल्कि बिजली चोरी को रोकने में भी सफलता मिली है.

भाजपा फैला रही 'नाम परिवर्तन' के नाम पर सियासी ज़हर

# नफरत फैला कर हेमंत सरकार को बदनाम करना चाहती है : दूबे

शुभम संदेश। रांची



भाजपा द्वारा लगाए गए तथाकथित 'नाम परिवर्तन घोटाले' के आरोपों पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने पलटवार करते हुए कहा है कि यह पूरी तरह से भाजपा का राजनीतिक षड्यंत्र है, जो सिर्फ अफवाह, झूठ और नफरत फैलाकर हेमंत सोरेन सरकार को बदनाम करना चाहती है. उन्होंने कहा कि यह एक और भाजपा-प्रायोजित 'मैन्युफैक्चर्ड स्कैंडल' है, जिसका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है. आलोक दूबे ने कहा, भाजपा को जब भी अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती दिखती है, वे धर्मांतरण, सीबीआई जांच और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों का दुरुपयोग कर जनता को गुमराह करने लगते हैं. अब नाम परिवर्तन के सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया को धार्मिक षड्यंत्र बताना भाजपा की मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है. आलोक दूबे ने कहा कि जिस नाम परिवर्तन के गजट रिकॉर्ड की बात भाजपा कर रही है, वह पूरी तरह एक प्रशासनिक मामला है. कुछ दस्तावेजों का गायब होना जांच का विषय हो सकता है, लेकिन उसे धर्मांतरण से जोड़ना और आधार, जाति, उम्र बदलने का हवाला देना घोर गैरजिम्मेदाराना, खतरनाक और समाज को बांटने वाली सोच का प्रतिबिंब है.

### एफआईआर की नौटंकी भाजपा का एजेंडा

राजकीय प्रेस के स्पष्टीकरण पर बोलते हुए आलोक ने कहा कि बिना प्राथमिक जांच के एफआईआर करना सिर्फ सनसनी फैलाने जैसा होता. सरकार गंभीर है और जांच प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं. भाजपा चाहती है कि बिना जांच ही सिर कलम कर दिया जाए—यह उनकी तानाशाही सोच है.

**भाजपा अपने शासनकाल का हिसाब दे :** उन्होंने पलटवार करते हुए कहा, भाजपा यह बताये कि 2014 से 2019 के बीच जब उनकी सरकार थी, तब नाम परिवर्तन संबंधी रिकॉर्ड की डिजिटाइजेशन क्यों नहीं करवाई गई? क्यों नहीं कोई प्रोटोकॉल बनाया गया कि दस्तावेज़ संरक्षित रहें? भाजपा की हताशा इसलिए भी स्पष्ट है क्योंकि वही पार्टी है जिसने महाराष्ट्र में लोकतंत्र की खुलेआम चोरी की, सत्ता की खरीद-फरोख्त की मिसाल पेश की और बिहार में भी यही प्रयास किया, जिस पर न्यायालय ने संज्ञान लिया.

# हेमंत सरकार में अब 'नाम परिवर्तन घोटाला' : शाहदेव

- नाम परिवर्तन संबंधी दस्तावेजों का गायब होना कहीं धर्मांतरण के आंकड़ों को छुपाने की साजिश तो नहीं?



शुभम संदेश। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि इस सरकार के घोटाले की श्रृंखला में अब नाम परिवर्तन घोटाला भी शामिल हो गया है. प्रतुल ने कहा कि राज्य बनने के बाद अनेक वर्षों तक नाम परिवर्तन संबंधित नोटिफिकेशन मैन्युअल होता था. रजिस्टर मेंटेन होता था. अब वो सारे रजिस्टर ही गायब हो गए हैं. नाम परिवर्तन संबंधी कोई भी दस्तावेज मिल नहीं रहा है. इस अवधि में कितने नाम परिवर्तन हुए, किसके नाम परिवर्तन हुए उसका कोई उत्तर नहीं है. प्रतुल ने कहा कि इस प्रक्रिया के ऑनलाइन होने के बाद भी रिकॉर्ड ठीक से मेंटेन नहीं होते हैं. प्रतुल ने सरकार से जानना चाहा कि कहीं यह पूरा मुद्दा धर्मांतरण की संख्या को छुपाने से संबंधित तो नहीं है? प्रतुल ने कहा कि झारखंड में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण में लिप्त शक्तियां सक्रिय हैं. चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर अभियान शुरू किया है. नाम परिवर्तन का रजिस्टर भी लोगों की पहचान का एक आधार हो सकता था. इसलिए यह आशंका है की सिर्फ बड़े पैमाने पर हुए धर्मांतरण के आंकड़ों को छिपाने के लिए ये सारे दस्तावेज गायब कर दिए गए हैं.

- **एफआईआर नहीं करना मुद्दे को संदेहास्पद बनाता है :** प्रतुल ने कहा कि सरकार ने प्राथमिकी दर्ज नहीं करके इस मामले को और संदिग्ध बना दिया है. सिर्फ राजकीय प्रेस के संजीव कुमार से स्पष्टीकरण पूछा गया है. जब सरकारी दस्तावेज गायब होते हैं, तो प्राथमिकी दर्ज होती है और अधिकारी पर भी कड़ी कार्रवाई होती है. इस पूरे घटना की सीबीआई जांच हो क्योंकि आशंका है कि जांच में कई और रहस्य सामने आ सकते हैं.

राष्ट्रपति के देवघर, रांची व धनबाद दौरे की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने की बैठक, कहा

# राष्ट्रपति के झारखंड प्रवास के पहले व्यवस्था चाक-चौबंद करें

शुभम संदेश। रांची



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई से 1 अगस्त तक दो दिवसीय दौरे पर देवघर, रांची और धनबाद पहुंच रही हैं. इस दौरान देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी. वहीं धनबाद में आइआइटी (आइएसएम) के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी. उनके आगमन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा की गयी. मुख्य सचिव अलका तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रपति के दौरे को लेकर हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को समय रहते चाक-चौबंद कर लेने का निर्देश दिया. सावन माह में देवघर में श्रद्धालुओं के कांवरिया पथ को बिना बाधित किये राष्ट्रपति को एयरपोर्ट से एम्स तक ले जाने के लिए अलग मार्ग तय किया गया. बताते चलें कि इसके पहले 10-11 जून को राष्ट्रपति का झारखंड दौरा अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया था. 31 जुलाई से 1 अगस्त तक राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे की तैयारियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व के दौरे के दौरान दिये गये निर्देश इस बार भी यथावत रहेंगे.

मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की व्यवस्था तय करते हुए उसकी जवाबदेही संबंधित विभागों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. वहीं अन्य व्यवस्था की निगरानी बतौर नोडल पदाधिकारी वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और आईजी अखिलेश कुमार झा करेंगे. पब्लिक एड्रेस सिस्टम की जवाबदेही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की होगी. वहीं देवघर, धनबाद और रांची के उपायुक्तों ने समीक्षा के दौरान राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक के कार्यक्रमों को पूरे प्रोटोकॉल के साथ संपन्न कराने का ब्लू प्रिंट साझा किया. इसी तरह समीक्षा के दौरान मंच व्यवस्था के प्रारूप, राष्ट्रपति के प्रत्येक कार्यक्रम के लिए नोडल पदाधिकारी को नामित करना, देवघर, धनबाद और रांची में आगवानी और विदाई के दौरान उपस्थित रहनेवाले महानुभावों की सूची, एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट व बुके, राष्ट्रीय गान, कारकेड, आउट राइडर्स, फोटोग्राफरों के लिए खुली जीप, बैगेज वैन तथा छाता, देवघर एयरपोर्ट से एम्स तक पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था और मंच से संबोधित करनेवाले महानुभावों की सूची पर विस्तृत चर्चा के बाद जवाबदेही तय की गयी है.

## राजनीति

फरवरी में होना था चुनाव, अब तक नहीं हो पाया

# आखिर कब मिलेगा भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष?

शुभम संदेश। रांची



झारखंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नामों पर कई कयास भले लगाए जा रहे हो, लेकिन राज्य में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में देश में सबसे पीछे रह सकता है. दरअसल झारखंड भाजपा के सांगठनिक चुनाव में काफी देरी हो रही है. बीते आठ माह में सिर्फ बूथ स्तर पर ही चुनाव संपन्न हो पाए हैं. अभी मंडल स्तर पर भी चुनाव संपन्न नहीं हो पाए हैं. दरअसल भाजपा के राज्यभर में 515 मंडल हैं। इन मंडलों में आधे के चुनाव होने पर 26 सांगठनिक जिलों के चुनाव होंगे. वहीं 26 सांगठनिक जिलों में कम से कम 14 में चुनाव पूरे होने के बाद ही चयनित जिलाध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कर पाएंगे.

**चुनाव प्रक्रिया शिथिल :** जानकारी के मुताबिक, मंडल स्तर के चुनाव में विवाद के कारण चुनाव प्रक्रिया शिथिल पड़ी है. पार्टी सूत्रों के मुताबिक, फरवरी माह तक ही चुनाव प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा गया था. भाजपा के संविधान के अनुसार आधे मंडल का चुनाव होने पर जिलाध्यक्षों का चुनाव होता है. आधे जिलाध्यक्ष का चुनाव हो जाने के बाद ये प्रदेश अध्यक्ष का चयन करते हैं. इसी तरह देशभर में भाजपा के सांगठनिक राज्यों की संख्या 37 है, अतः 19 राज्यों के अध्यक्ष मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करते हैं.

### महाराष्ट्र में हुए चुनाव, वहां नए अध्यक्ष का चयन

झारखंड प्रदेश के नेताओं के मुताबिक, विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड में ससमय चुनाव नहीं हो पाए. लेकिन राज्य में महाराष्ट्र के साथ ही विधानसभा चुनाव हुए थे. महाराष्ट्र में सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई. 1 जुलाई को महाराष्ट्र में रवींद्र चव्हाण को प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया. जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में गुजरात, यूपी, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी जिलाध्यक्षों का चुनाव पूरा हो चुका है. वहीं कुछ माह में पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, मिजोरम, पुंडूचेरी, तेलंगाना, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, त्रिपुरा, अंडमान व निकोबार, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है.

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के बाद ही अब प्रदेश अध्यक्ष मिलेंगे

राज्य में सांगठनिक चुनाव में पिछड़ने की वजह से राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में झारखंड भाजपा का प्रतिनिधित्व मिलना असंभव है. अब चूंकि 19 से अधिक राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो चुका है, राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा कभी भी संभव है. ऐसे में भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष अब तभी मिल पाएगा, जब नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष किसी नेता को नए अध्यक्ष के तौर पर नामित करें.

# इरफान के पुत्र का अस्पताल में रील बनाना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं : बाबूलाल

शुभम संदेश। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंत्री इरफान अंसारी के पुत्र द्वारा अस्पताल का निरीक्षण करते हुए रील बनाने के मामले में प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो और राजद की राजनीति परिवार और पैसे के लिए है, इसलिए इरफान के पुत्र का अस्पताल में रील बनाना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है. वे मंगलवार को दुमका परिसदन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे.

**बिहार विधानसभा चुनाव पर दावा :** बाबूलाल मरांडी ने दावा किया कि बिहार में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है. उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर सवाल उठाना इस बात को दर्शाता है कि काफी गड़बड़ी है और वे नहीं चाहते हैं कि यह सब सामने आए.

### कानून व्यवस्था पर सवाल



बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है. सरकार हर मोर्चे पर विफल है और जनता की समस्याओं से उसे कोई लेना-देना नहीं है. उन्होंने कहा कि दिन-दहाड़े दिल दहलाने वाली घटनाएं हो रही हैं और जनता त्राहिमाम कर रही है, लेकिन सरकार के लोग बस अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं.

### हेमंत सरकार पर निशाना

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता की समस्याओं से झारखंड सरकार को कोई लेना-देना नहीं है, उन्हें तो बस रुपये कमाने की चिंता है. उन्होंने सरकार को सलाह दी कि बारिश में जो पुल-पुलिया और सड़क पानी में बह गए हैं, उनकी जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि अगले साल जब बारिश का मौसम आए तो जनता को फिर से परेशान न होना पड़े.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



रांची, बुधवार 23 जुलाई 2025 I श्रावण कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 I रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 106 I मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


## धूप में भी बाबा धाम मंदिर पहुंच रहे कांवरिये

# एक लाख से ज्यादा भक्तों ने किया जलार्पण



**शुभम संदेश । देवघर**

सावन की दूसरी सोमवार के बाद मंगलवार को भी देवघर बाबा धाम मंदिर में कांवरियों की भीड़ देखने को मिल रही है. हालांकि दूसरी सोमवारी की तुलना में मंगलवार को कांवरियों की भीड़ कम दिखी. देवघर जिला प्रशासन से मिले आंकड़ों के अनुसार दूसरी सोमवारी के मौके पर करीब पौने चार लाख श्रद्धालुओं ने बाबा धाम पर जलाभिषेक किया. सोमवार को रात्रि के करीब 9 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का पट खोल कर रखा गया. वहीं मंगलवार को सुबह 4:30 बजे पट खोल दिया गया, जिसके बाद लोग लगातार जलाभिषेक कर रहे हैं. मंगलवार को एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक करने का अनुमान है. श्रावणी मेला में गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए पानी, इंद्र वर्षा, फव्वारे के साथ-साथ कांवरियों के आराम करने के भी इंतजाम किए गए हैं. शहर के विभिन्न जगहों पर विश्रामालय, टेंट सिटी जैसे जगह का विस्तार किया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु जलाभिषेक करने के बाद आराम कर सकें.

वहीं मंगलवार को मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कहा कि आज धूप की वजह से श्रद्धालुओं को थोड़ी दिक्कत हो रही है. लेकिन जिला प्रशासन के तरफ से किए गए इतंजाम उन्हें राहत भी पहुंचा रही है. श्रद्धालुओं के लिए पानी के साथ-साथ शरबत भी जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों के द्वारा दिया जा रहा है. जो चिलचिलाती धूप में कहीं ना कहीं भक्तों को आराम महसूस हो रहा है.

मंगलवार को कांवरियों के कतार की बात करें तो जलसार मोड़ तक सुबह में लाइन देखने को मिली. लेकिन पट खुलने के बाद मंगलवार को बनी भक्तों की लाइन छोटी होती चली गई. जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई. मंदिर में मौजूद पंडा समाज के लोगों ने कहा कि आज कृष्ण पक्ष का द्वादश तिथि है. आज का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है और हनुमान जी भगवान भोलेनाथ के करीबी माने जाते हैं. इसीलिए आज के दिन जलाभिषेक करने से भक्तों को भगवान भोलेनाथ के साथ-साथ बजरंगबली का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है.

## स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने दी घटना की जानकारी

# तमिलनाडु पुलिस ने झारखंड के छह मजदूरों को बचाया

- मजदूरों के परिजनों ने फिरौती के रूप में दिए थे 80 हजार रुपए

**शुभम संदेश । रांची**

झारखंड के 6 मजदूरों का तमिलनाडु में अपराधियों ने अपहरण कर लिया. जिसके बाद किडनैपर्स द्वारा वीडियो कॉल कर पैसे की डिमांड की गई. इधर, स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने अब वीडियो जारी कर जानकारी दी है कि उनके गृह जिला जामताड़ा के नारायणपुर प्रखंड के छह मजदूर, रोजगार की तलाश में तमिलनाडु गए थे, जब सभी मजदूरों का तमिलनाडु के सेलम में अपहरण की खबर, जैसे ही परिजनों से मिली उन्होंने तत्काल राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को इसकी जानकारी दी. मंत्री इरफान अंसारी ने राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता को धन्यवाद देते हुए कहा कि, उनके प्रयास से ही सभी छह मजदूरों को अपहरणकर्ताओं से मुक्त करा लिया गया है. सेलम में झारखंड के 6



मजदूरों का अपहरण हुआ था. जिससे पूरे झारखंड में चिंता और आक्रोश का माहौल बन गया था. स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस घटना में परिजनों से बात हुई थी, जिसमें अपहरणकर्ताओं द्वारा वीडियो कॉल के माध्यम से डराया और धमकाया गया साथ ही फिरौती की रकम की मांग की गई, तो सभी मजबूरों के परिजनों ने 80,000 की रकम उन्हें फिरौती के रुप में भेजी थी.मंत्री इरफान अंसारी ने तत्काल इसे मुख्य सचिव अलका तिवारी और पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के संज्ञान में लाया. मंत्री इरफान अंसारी के निर्देश पर तमिलनाडु पुलिस से संपर्क किया गया और उच्च स्तरीय समन्वय के बाद, तमिलनाडु के सलेम जिले से सभी मजदूर को सकुशल बरामद कर लिया गया है. इरफान अंसारी ने बताया कि सभी मजदूर फिलहाल सलेम थाना में पुलिस सुरक्षा में हैं.

**दबिश के दौरान मौके से फरार हुए आरोपी :** घटना पर जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि तमिलनाडु पुलिस ने उन्हें बताया है कि सभी अपहरणकर्ता पुलिस की दबिश के दौरान, मौके से फरार हो गए थे. जिनकी गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान जारी है. आईजी ऑपरेशन्स डॉक्टर माइकल राज एस ने मंत्री इरफान अंसारी को जानकारी देते हुए आश्वस्त किया है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जाएगी.

**प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा वहां की सरकार की :** इधर, मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि समय पर सूचना मिलने से बच्चों की जान बचाई जा सकी, अगर थोड़ी भी देर हो जाती, तो कोई अप्रिय घटना घट सकती थी. उन्होंने तुरंत तमिलनाडु के अधिकारियों से बात कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है. क्योंकि सभी मजदूर गरीब परिवार से आते हैं, जो रोजगार तलाश में बाहर गए थे. उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां सरकार की है. राज्य सरकारों को मिलकर सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई प्रवासी श्रमिक, इस प्रकार की घटना का शिकार न हो.

**स्वास्थ्य मंत्री ने तमिलनाडु सरकार को धन्यवाद कहा :** मंत्री इरफान अंसारी ने तमिलनाडु सरकार को धन्यवाद देते हुए आग्रह किया है कि सभी बच्चों को पूरी सुरक्षा के साथ, शीघ्र झारखंड लौटाया जाए और इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए आपसी समन्वय और निगरानी को और मजबूत किया जाए. उन्होंने कहा कि झारखंड से रोजी रोटी की तलाश में जो भी झारखंडी किसी दूसरे राज्य में जाता है तो उसकी सुरक्षा वहां की सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए.

# अपराधियों ने जेवर दुकानदार के घर से सात लाख के गहने लूटे

**दुमका ।** जिला के हंसडीहा शीतला मंदिर रोड में सोमवार देर रात हथियार से लैस अपराधियों ने एक ज्वेलर्स दुकान के मालिक के घर में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया. घटना करीब एक बजे रात की बताई जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर रही है. ज्वेलर्स मालिक संजीत कुमार ने बताया कि करीब सात लाख रुपए के आभूषण और नगदी की लूट हुई है. अपराधियों ने घर में घुसते ही घर के सभी सदस्यों को बंधक बना कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया. घटना को अंजाम देने के बाद वह सभी पैदल ही गोड्डा रोड की ओर भाग निकले. ज्वेलर्स मलिक के अनुसार अपराधियों की संख्या करीब 9 बताई गई है. उन्होंने बताया कि सभी अपराधी मास्क पहने हुए थे. लूटपाट के दौरान अपराधियों ने ज्वेलर्स दुकान के मालिक के साथ मारपीट भी की. उल्लेखनीय है कि ज्वेलर्स व्यवसायी की दुकान हंसडीहा स्थित हटिया गली में संतोषी ज्वेलर्स के नाम से स्थित है दुकान की छत खपरैल के रहने की वजह से वह हर रोज दुकानदारी करने के बाद सभी जेवरात को रात में अपने घर ले जाकर रखा करते थे. अपराधियों को इसकी भनक लग गई होगी. उसके बाद अपराधियों ने प्लान बनाकर घटना को अंजाम दिया.

## ब्रीफ न्यूज

### कुचाई पहाड़ी में 1.5 किलो का केन बम व 12 आईईडी बरामद



**खरसावां ।** कुचाई की नीमडीह पहाड़ी में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के उग्रवादियों द्वारा गोला-बारूद छुपाकर सुरक्षा बलों के विरुद्ध उनका अभियान रोकने तथा लंक्षित कर हानि पहुंचाने के उद्देश्य से छिपाकर रखा गया था. पुलिस, झारखंड जगुआर व एसएसबी -26 बटालियन का एक संयुक्त अभियान दल ने मंगलवार को कुचाई के नीमडीह के पहाड़ी क्षेत्रों में सर्च अभियान शुरू किया. संयुक्त अभियान दल के अभियान के दौरान नीमडीह के पास पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा डम्प किया गया 1.5 किलो का केन आईईडी-12 पीस बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है. इस संदर्भ में विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है. इस अभियान में सरायकेला-खरसावा पुलिस, झारखंड जगुआर, एसएसबी-26 बटालियन के जवान शामिल थे.

# आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत, तीन जख्मी

**संवाददाता । मेदिनीनगर**

पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो महिला सहित तीन जख्मी हो गए. जख्मी को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. मृतक दोनों महिलाएं अपने-अपने खेत में धान रोपने में लगी थी. जानकारी के अनुसार पाटन के सहदेवा गांव में आशा देवी (45), पति दिलीप महतो अपने खेत में धान रोप रही थी. इसी क्रम में अचानक बारिश होने लगी और आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से आशा देवी की मौके पर ही मौत हो गई. साथ ही आकाशीय बिजली गिरने से हेमंती देवी एवं सुवचना देवी जख्मी हो गए. दूसरी घटना बसडीह गांव में हुई. यहां मानती देवी (40), पति दयाल महतो भी खेत में धान रोप रही थी. अचानक मौसम का मिजाज बदला और बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से मानती देवी इसकी चपेट में आ गई. मानती की भी मौत मौके पर हुई. तीसरी घटना चेतमा किशुनपुर गांव में हुई. यहां वज्रपात से महमूद अंसारी जख्मी हो गए. महमूद भी खेत में ही काम कर रहे थे.

## युवक का जंगल से शव बरामद

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के राजनगर के रहने वाले 24 वर्षीय सुभाष कुमार की पोटका में हत्या कर दी गई और उसके शव को साक्ष्य छिपाने के लिए जंगल में फेंक दिया गया. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है, हालांकि हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है. पुलिस ने वरीय अधिकारियों को सूचना दे दी है और मामले की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है. सुभाष राजनगर स्थित बालाजी पैकेजिंग कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था। रविवार को कंपनी में छुट्टी थी. उसने जमशेदपुर जाने की बात कहकर कंपनी के क्वार्टर से निकलने की जानकारी दी थी, लेकिन वापस नहीं लौटा. जानकारी के अनुसार, सुभाष को जमशेदपुर जाना था, लेकिन पहले वह हाता चौक पहुंचा और उसके बाद एक बाइक से कालिकापुर चला गया. आखिर वह कालिकापुर क्यों गया, यह पुलिस के लिए जांच का विषय बना हुआ है.

## बिहार से झारखंड लाया जा रहा था नकली पनीर

# 780 किलो पनीर सहित खोया-लड्डू जब्त

**धनबाद ।** धनबाद में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली डेयरी उत्पादों की बड़ी खेप जब्त की. यह छापेमारी श्रमिक चौक के समीप पूजा टॉकीज क्षेत्र में की गई, जहां विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार से मिलावटी डेयरी उत्पादों की आपूर्ति की जा रही है. सूचना के आधार पर टीम ने एक यात्री बस की तलाशी ली, जिसमें से 780 किलो नकली पनीर, 60 किलो खोवा, 25 किलो लड्डू और 25 किलो



पेड़ा बरामद किया गया. मौके पर किए गए तत्काल केमिकल टेस्ट में पनीर की गुणवत्ता की सच्चाई उजागर हो गई. जांच के दौरान केमिकल डालते ही पनीर कोयले की तरह काला पड़ गया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि उत्पाद में खतरनाक रसायनों की मिलावट की गई थी. फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. राजा कुमार ने बताया कि संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने आम जनता से अपील की कि डेयरी उत्पाद खरीदते समय सावधानी बरतें, और किसी भी संदेहजनक वस्तु की सूचना तुरंत विभाग को दें. यह कार्रवाई स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के निर्देश पर की गई, और धनबाद में अब तक की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा जांच मानी जा रही है.

## बालूमाथ में नक्सली वारदात पर डीआईजी सख्त, कहा–

# मूकदर्शक बने रहे जवानों पर भी होगी कड़ी कार्रवाई

- फायरिंग और हाईवा में आग लगाने की घटना को बताया सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी चूक

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मगध परियोजना अंतर्गत चढ़तापहाड़ इलाके में बीती रात अपराधी राहुल दुबे गिरोह ने एक हाईवा वाहन में आग लगा दी और मौके पर अंधाधुंध फायरिंग की. इस पर पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि घटना के वक्त लगभग 40 एसआईएसएफ जवान मौके पर मौजूद थे, जो पूरी तरह हथियारों से लैस थे, फिर भी कोई प्रतिरोधात्मक कार्रवाई नहीं की गई, जो कि सुरक्षा व्यवस्था की सीधी विफलता को दर्शाता है. डीआईजी आलम ने कहा कि इस तरह की चूक अस्वीकार्य है. जिस टीम के पास बल और संसाधन थे, वह मूकदर्शक बनी रही. यह गंभीर लापरवाही है. इसलिए संबंधित टीम लीडर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि बालूमाथ थाना से एक योग्य अधिकारी को तत्काल मौके पर भेजा गया है, जो स्थिति की निगरानी और अगली कार्रवाई सुनिश्चित करेगा.

## सोनारी एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

# लैंडिंग के दौरान फिसला विमान, बच गए नौ यात्री

**जमशेदपुर ।** जिले के सोनारी एयरपोर्ट पर मंगलवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया. भुवनेश्वर से आने वाला इंडिया वन एयर का 19 सीटर विमान लैंडिंग के दौरान अचानक फिसल गया. विमान रनवे से उत्तर दिशा की ओर घास पर जा रुका. इस विमान में दो पायलट सहित कुल 9 यात्री सवार थे. हालांकि एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से अभी इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है. भुवनेश्वर से आने वाले इंडिया वन एयर विमान के सोनारी एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह लैंडिंग के समय आए झटके से यात्रियों में अफरा तफरी मच गई और कई यात्री डर के मारे चीखने-रोने लगे. हालांकि पायलट की सूझबूझ और तत्परता से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. केवल एक यात्री को हल्की चोट आई, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है. घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट पर फायर ब्रिगेड की टीम सक्रिय हो गई और तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया.

## बच्ची के साथ दुष्कर्म एमएमसीएच में भर्ती

**शुभम संदेश । गढ़वा /मेदिनीनगर**

गढ़वा जिले के चिनिया थाना क्षेत्र में दो साल की आदिम जनजाति बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला मंगलवार को सामने आया है. बच्ची की हालत जब खराब हो गई तो उसे बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदिनी नगर में मंगलवार सुबह भर्ती कराया गया. बच्ची का इलाज किया जा रहा है. परिजन एवं अन्य मौके पर मौजूद हैं. परिजनों के अनुसार गांव का ही युवक बच्ची को घुमाने के बहाने साथ ले गया था. वापस जब घर लेकर पहुंचा तो बच्ची के गुप्तांग से खून निकल रहा था. परिजनों को शुरुआत में दुष्कर्म की जानकारी नहीं हुई, लेकिन बाद में स्थानीय डॉक्टर के पास दिखाने पर मामला स्पष्ट हुआ. तत्काल बच्ची को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया. वहां प्राथमिक उपचार के बाद जब स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच रेफर कर दिया गया. बच्ची के पिता ने घटना की पूरी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि गांव के ही युवक ने उसकी बेटी के साथ घिनौना कार्य किया. घुमाने के बाद घर लाकर पहुंचाया और कहा कि बच्ची के गुप्तांग से अचानक खून निकलने लगा था. शुरुआत में लगा कि लकड़ी के नुकीला भाग लगने से जख्म बन गया होगा, लेकिन बाद में लोकल डॉक्टर को दिखाने पर दुष्कर्म की जानकारी हुई. पिता ने आरोपित युवक पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है. पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है. डॉ. नीलम होरो और डॉ प्रियंका ने बच्ची का इलाज किया. सुबह 10 बजे बताया कि की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रांची रिम्स रेफर करने का निर्णय लिया गया.

## देवघर में दर्दनाक हादसा

# स्कूल बस की चपेट में आने से पिता की मौत

**शुभम संदेश । देवघर**

मंगलवार सुबह देवघर के बॉईपास टाऊन के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने शहर को झकझोर कर रख दिया. एक पिता जो रोज़ की तरह अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जाते थे, एक बेकाबू बस ने उन्हें कुचल दिया. यह हादसा सिर्फ एक मानव त्रासदी नहीं है, बल्कि हमारे सिस्टम की घोर लापरवाही की एक मिसाल है. सुबह लगभग 7:45 के आस - पास, सेंट जेवियर्स स्कूल की एक बस अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर चल रहे टोटो को घसीटते हुए, स्कूटी से एक व्यक्ति (इंजीनियर आलोक कुमार सिंह) अपने मासूम बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रहे थे. बस की गंभीर टक्कर ने उस व्यक्ति की जान ले ली.एक कार चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए अपनी गाड़ी को सामने अड़ा दिया, जिससे बस की रफ्तार रुक गई और कई अन्य बच्चों व अभिभावकों की जान बच गई.

हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने नाबालिग बस चालक को पकड़ लिया और उससे आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस दिखाने की मांग की. लेकिन चौंकाने वाली बात यह थी कि ड्राइवर के पास न तो आधार कार्ड था, न ही ड्राइविंग लाइसेंस. चश्मदीदों की मानें तो ड्राइवर की उम्र भी बेहद कम थी. यह न केवल गैरकानूनी है, बल्कि स्कूल और ट्रांसपोर्ट एजेंसी की लापरवाही का गंभीर उदाहरण है.

**नाबालिग ड्राइवर के पास न आधार, न लाइसेंस**



### बाबा धाम जा रहे दोस्तों की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, एक मरे

**सरायकेला-खरसावां ।** जिले के चांडिल से मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे हुआ है . यह घटना नीमडीह थाना क्षेत्र के एनएच-32 पर पितकी गांव के पास सुबह करीब 5 बजे हुई . ओडिशा से बाबा बैद्यनाथ धाम जा रही एक कार की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई . टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया . इस हादसे में कार चला रहे संजय मिहिर (38) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार उनके 3 साथी गंभीर रूप से घायल हो गए .नीमडीह और चांडिल थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को ग्रामीणों की मदद से ऑटो से चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल भिजवाया गया . वहीं, मृतक का शव एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया .

## दबंगई : चतरा में वन विभाग की टीम पर हमला, कई घायल, चल रहा इलाज

# हथकड़ी समेत आरोपी को छुड़ा ले गए लोग

**शुभम संदेश । चतरा**

जिले में वन भूमि पर अवैध कब्जा हटाने गई वन विभाग की टीम पर हमला हुआ है. इस हिंसक घटना में एक वनकर्मी की वर्दी फट गई, जबकि कई अन्य को गंभीर चोट आई है. हमले के दौरान आरोपी महेश बांडों को हथकड़ी सहित जबरन छुड़ा कर लोग ले गए. घटना के बाद इलाके में तनावपूर्ण माहौल है. घायल वनकर्मियों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है.

जानकारी के अनुसार टीम अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक इलाके में गई थी. इस दौरान महेश बांडों नामक व्यक्ति को वन भूमि पर अवैध कब्जे के आरोप में गिरफ्तार किया. इसके बाद उसे मेडिकल जांच के लिए टीम अस्पताल ले गई. इसी बीच दर्जनों लाठी-डंडों से लैस लोग अस्पताल में पहुंच गए. लोगों ने वनकर्मियों पर हमला बोल दिया. जिससे स्थिति अनियंत्रित हो



गई. हमले के दौरान लोगों ने न केवल वनकर्मियों के साथ मारपीट की, बल्कि हथकड़ी के साथ ही महेश बांडों को छुड़ा ले गए. इस घटना में कई वनकर्मियों को गंभीर चोट आई हैं और एक जवान की वर्दी फट गई. घायल वनकर्मियों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है. वन अधिकारियों ने घटना को गंभीरता से लिया है और पुलिस से मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और फरार हुए आरोपी महेश बांडों की तलाश के लिए टीम गठित की गई है. उन्होंने कहा कि वन भूमि पर अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. स्थानीय लोगों के अनुसार, जिले में वन भूमि पर अवैध कब्जे की समस्या लंबे समय से है. कई बार वन विभाग की कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है. इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन के सामने वन भूमि के संरक्षण और अतिक्रमण रोकने की चुनौती खड़ी हो गई है.

पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. अस्पताल में हुई इस हिंसक घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने की बात कही जा रही है. थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा. घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और मामले की गहन जांच का आश्वासन दिया है.

# हरियाली तीज 27 को, अखंड सौभाग्य की महिलाएं करेंगी कामना



**शुभम संदेश। रांची**

रवि योग के संयोग में हरियाली तीज का व्रत इस बार 27 जुलाई को रखा जाएगा. इस योग में कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आती है और कार्य शुभफलदायक होता है. आचार्य मनोज पांडेय ने मंगलवार को बताया कि पंचांग के अनुसार तृतीय तिथि 26 जुलाई को रात्रि 11.08 बजे प्रवेश कर रही है, जो 27 जुलाई को रात्रि 11.10 तक रहेगी. उदयातिथि होने के कारण 27 जुलाई को तीज मनाई जाएगी. इस व्रत को करने से महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है. इस दिन महिलाएं हरे वस्त्र, हरी चूड़ियां पहनकर गौरी गणेश और महादेव की पूजा करती हैं. आचार्य ने बताया कि इस दिन मघा नक्षत्र पड़ने से उन्नति, प्रगति और अच्छे स्वस्थ के कारक होगा. यह नक्षत्र पड़ने से व्रत की महिमा कई गुणा अधिक हो जाता है. सुहागिन पति की लंबी उम्र के लिए सिद्धिविनायक भगवान गणेश, महादेव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करेंगी. उन्होंने बताया कि ईश्वर का नाम लेने और सत्कर्म करने के लिए यह योग अति उत्तम माना गया है. यह व्रत माता पार्वती और भगवान शंकर के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है. हरियाली तीज सावन माह के शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है. इसे सावन तीज के नाम से भी जाना जाता है. पति की दीर्घायु और संपत्रता के लिए पंचामृत से शिव जी का अभिषेक करें. साथ ही दुर्गा जी के 108 नाम का पाठ करें. इसके अलावा परिवार की उन्नति और संतान प्राप्ति के लिए शिव जी को बेलपत्र चढ़ाकर दुर्गा सप्तशती के 11वें अध्याय का पाठ करें. उन्होंने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार जब शिव की तपस्या में देवी ने 107 जन्म बिताने के बाद पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया था. इस व्रत को करने से स्त्री के पति को लंबी उम्र का वरदान मिलता है. यह व्रत महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक है. इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और सुख समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं. सुहागिन स्त्रियां सोलह श्रृंगार कर हाथों में मेहंदी लगाती हैं और सावन मास के गीत गाकर हरियाली तीज का उत्सव मानती हैं.

## एक नजर

### मां दुर्गा मंदिर निर्माण का भूमि पूजन, दुर्गा पूजा तक होगी प्रतिमा की स्थापना



**रांची।** तुपुदाना स्थित डुंगरी के ओमप्रकाश नगर में मंगलवार को मां दुर्गा मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन मंगलवार को किया गया दुर्गा मंदिर निर्माण समिति की ओर से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया. समिति के अध्यक्ष मुकेश नायक की अगुवाई में पूजा-पाठ और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ. नायक ने बताया कि आगामी दुर्गा पूजा तक मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना कर दी जाएगी. पूजन अनुष्ठान में मुख्य रूप से टाइगर संदीप नायक, रौनक कुमार नायक, आकाश नायक, कृष्णा नायक, शक्ति नायक, कैलाश नायक, मोहित सिंह, कोमल देवी, शोभा देवी, शांति देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

### अपना आश्रम में दिव्यांगों के लिए 50 बेड की करेंगे व्यवस्था : सदानंद महाराज



**रांची।** पुंदाग में मंगलवार को सदगुरू कृपा अपना घर आश्रम में मंगलवार को परमहंस डॉ संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज का पावन आगमन हुआ. इस अवसर पर गुरु सदानंद महाराज ने अपना 81वां जन्मोत्सव भी आश्रम में रह रहे दिव्यांगों और निराश्रितों के बीच मनाया. साथ ही उन्होंने आने वाले दिनों में ट्रस्ट की ओर से 50 और अतिरिक्त बेड की व्यवस्था दिव्यांगों के लिए करने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि अपना घर आश्रम मानव सेवा का मंदिर है. समाज के उपेक्षित वर्ग की सेवा ही सच्चे धर्म का मार्ग है, और युवाओं को इस सेवा से जुड़कर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए. मौके पर उन्होंने आश्रम में निवास कर रहे दिव्यांग, निराश्रित एवं दीनबंधुओं से आत्मीय भेंट कर उनकी दिनचर्या, देखभाल एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. आश्रम की स्वच्छता, सेवा भावना और समर्पण को देखकर उन्होंने इसे ईश्वर के साक्षात दर्शन की संज्ञा दी.

### पूर्व पार्षद असलम के 3 भाइयों की संपत्ति होगी कुर्क

**रांची।** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी क्षेत्र में युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में पूर्व पार्षद असलम के तीन भाइयों की संपत्ति और घर को कुर्क करने का आदेश रांची सिविल कोर्ट ने दिया है. यह आदेश हिंदपीढ़ी थाना पुलिस के आवेदन पर सीजेएम कोर्ट ने जारी किया. तीनों भाइयों के नाम मो. अकबर (मुन्ना), मो. अकरम (राजू) और मो. दिलावर बताये गये है.
**तीन आरोपी अभी भी फरारः** पुलिस के अनुसार मो. अकबर, मो. अकरम और मो. दिलावर अब तक फरार हैं. वहीं, पूर्व पार्षद असलम और उनके भाई आसिफ ने पिछले महीने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था. दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. असलम और आसिफ ने जमानत के लिए आवेदन किया था, लेकिन कोर्ट ने उनकी जमानत खारिज कर दी. **क्या है मामला :** यहां याद दिला दें कि 23 जनवरी को हिंदपीढ़ी निवासी कलीम ने असलम और उनके भाइयों के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी. कलीम ने आरोप लगाया कि 22 जनवरी को मोजाहिद नगर में असलम और उनके भाइयों ने इरशाद (अप्पू) पर जानलेवा हमला किया. आरोपियों ने उस पर फायरिंग की और मारपीट की. इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद मामला चर्चा में आया.

### हिन्दी साहित्य गोष्ठी की तैयारियों पर हुई चर्चा



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती, झारखंड इकाई की ओर से मंगलवार को पुराना विधानसभा स्थित सभागार में बैठक का आयोजन किया गया. इस अवसर पर इकाई की ओर से आगामी 27 जुलाई को आयोजित होने वाली एक दिवसीय हिन्दी साहित्य गोष्ठी की तैयारियों पर चर्चा हुई. बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अरुण सज्जन ने की. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री आरएन शुक्ला ने कहा कि यह संगोष्ठी, साहित्य को जन-जन तक पहुंचाएगी. नई पीढ़ी को भाषा और संस्कृति से जोड़ने में जनजागृति लाने में सार्थक साबित होगी. हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा है और इसके प्रचार-प्रसार में साहित्यिक गोष्ठियों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है. उन्होंने झारखंड इकाई द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया. गोष्ठी के संयोजक अजय राय ने बताया कि यह आयोजन प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकारों, शिक्षाविदों और हिंदी प्रेमियों को एक मंच पर लाएगा. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, स्वागत भाषण, साहित्यिक परिसंवाद, कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह जैसे विविध सत्र होंगे. बैठक में प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेंद्र नाथ मिश्र, वरिष्ठ साहित्यसेवी बलराम पाठक तथा अन्य सक्रिय सदस्यगण उपस्थित रहे.

### स्टेशन रोड पर चला बुलडोजर, अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन में रांची नगर निगम

**रांची।** रांची नगर निगम लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहा है. शहर को जाम और अव्यवस्था से मुक्त कराने के लिए मंगलवार को निगम की इनफोर्समेंट टीम ने ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन के साथ मिलकर स्टेशन रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. इस दौरान निगम ने नालियों के ऊपर और सड़क के किनारे बने खोमचा, दुकानों, गुमटी और ठेला को हटाया. इसके अलावा मौके पर ही कई अस्थायी ढांचों को तोड़ा गया और जब्त किया गया. बता दें कि मंगलवार सुबह से ही निगम की टीम इलाके में पहुंच गई थी. टीम ने ट्रैफिक को नियंत्रित करते हुए बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया. सबसे पहले दुकानदारों को चेतावनी दी गई. इसके बाद भी जिन लोगों ने कब्जा किया हुआ था, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई.

### तेज रफ्तार बोलेरो ने कार को मारी टक्कर

## छह लोग गंभीर रूप से घायल

**शुभम संदेश। रांची**

रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र में बीती देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ. माझी डीह पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में चार बच्चों सहित छह लोग बेतरह जख्मी हो गए. यह घटना तमाड़-खूंटी मुख्य मार्ग पर हुई, जिसके बाद वहां कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई.
**मंदिर दर्शन से लौट रहे थे कार सवारः** स्थानीय लोगों ने तुरंत जख्मियों को तमाड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया. प्राथमिक इलाज के बाद सभी को रांची के रिम्स अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार लोग रांची से तमाड़ के महामाया मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे. उसी समय बुंडू की ओर जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने कार को सामने से टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.
**जख्मियों में महिलाएं और बच्चेः** हादसे में सुवेदी देवी, दुर्गी देवी, शुभदा देवी, बिंदा देवी और चार बच्चे बेतरह जख्मी हुए. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बोलेरो की रफ्तार बहुत तेज थी और चालक ने मोड़ पर गाड़ी से नियंत्रण खो दिया.
**बोलेरो ड्राइवर घटनास्थल से फरारः** हादसे के बाद तुरंत तमाड़ थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि हादसे के बाद बोलेरो ड्राइवर घटनास्थल से फरार हो गया.

## उत्तराखंड में पढ़ाई कर रही रांची की मेडिकल छात्रा ने की आत्महत्या, हॉस्टल में मिला शव

**रांची।** उत्तराखंड के श्रीनगर गढ़वाल में झारखंड की मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाली एक पीजी छात्रा ने अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. छात्रा एनाटॉमी विभाग की प्रथम वर्ष की छात्रा थी. छात्रा की पहचान रांची निवासी 27 वर्षीय आकृति श्रेया के रूप में हुई है. मामला तब सामने आया जब छात्रा तय समय पर सेमिनार में नहीं पहुंची. इसकी जानकारी विभाग के शिक्षकों ने मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक को दी. अधीक्षक ने हॉस्टल के केयरटेकर को फोन कर छात्रा का हालचाल लेने को कहा.करीब दोपहर 1 बजे केयरटेकर जब छात्रा के कमरे पर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला. संदेह होने पर अधीक्षक को इसकी सूचना दी गई. इसके बाद अधीक्षक डॉ. राकेश रावत और एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल द्विवेदी मौके पर पहुंचे. कमरा लगातार खटखटाने के बावजूद नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई. श्रीकोट चौकी पुलिस जब मौके पर पहुंची तो दरवाजा तोड़ कर कमरे में दाखिल हुई. वहां छात्रा का शव पंखे से लटका मिला. डॉक्टरों ने जांच कर बताया कि उसकी मौत हो चुकी है.पुलिस ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. छात्रा के फोन पर घर से लगातार कॉल आ रहे थे. फिलहाल पुलिस ने फोन जब्त कर लिया है और कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं.

### पहली बार सरकारी अस्पतालों में अनुबंध आधारित चिकित्सक देंगे सेवा

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने 126 डॉक्टरों को दिए नियुक्ति पत्र

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में मंगलवार को चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे सरकारी अस्पतालों को 126 नये विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी मिल गए हैं. हालांकि इनकी नियुक्ति अनुबंध आधारित हुई है, जिनका कार्यकाल प्रारंभ में एक साल और अधिकतम तीन वर्षों की होगा. रांची में नामकुम के आईपीएच प्रेक्षागृह में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने नवनियुक्त इन विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा. जिन 126 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है. उनमें सबसे अधिक 22 शिशु रोग चिकित्सक हैं. इसके बाद 20 सर्जन, 19 गायनेकोलाजिस्ट, 17 एनेस्थेटिक्स, 11 जेनरल मेडिसिन, 10 हड्डी रोग विशेषज्ञ, नौ नेत्र रोग विशेषज्ञ, पांच ईएनटी विशेषज्ञ, पांच साइकेट्रिस्ट, चार रेडियोलाजिस्ट और इतने ही त्वचा रोग विशेषज्ञ सम्मिलित हैं. हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने अनुबंध पर 219 चिकित्सकों की टेंडर के जरिए नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था जिसमें 126 ने ही रुचि दिखाई. इस मौके पर नियुक्ति पत्र पानेवाले चिकित्सकों ने खुशी जताते हुए सरकार का अनुबंध आधारित नियुक्ति पॉलिसी की सराहना की.



### हर हाल में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था होगा दुरुस्त

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य का सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था हर हाल में दुरुस्त होगा. इसके लिए सरकारी अस्पतालों को संसाधनयुक्त बनाया जाएगा. नवनियुक्त चिकित्सक को आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आप सिर्फ मरीज का इलाज नहीं करेंगे बल्कि आप अस्पताल की व्यवस्था को भी देखेंगे जिससे सभी कमी को दूर किया जा सके. उन्होंने कहा कि झारखंड में कोई भी निजी अस्पताल गरीब मरीजों की मौत होने पर पैसे के अभाव में बॉडी नहीं रख सकता. इसके लिए निर्देश दिए जाने के बाद अब असम, यूपी और बंगाल में भी कवायद शुरू हो गई है. स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जल्द ही रिम्स-2 का शिलान्यास करने की बात कहते हुए कहा कि इसके नाम पर राजनीति करनेवाले इसे छोड़ दें. रिम्स में मरीजों का भारी दवाब है इसलिए मेडिकल सुविधा बढाने के लिए रिम्स-2 का निर्माण जरूरी है. स्वास्थ्य मंत्री ने न्यूरो हॉस्पिटल बनाने के लिए चल रही कवायद की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में मेडिको सिटी बनाया जाएगा. मेडिको सिटी हर तरह का हॉस्पिटल होगा जिससे झारखंड के मरीजों को बाहर इलाज कराने नहीं जाना होगा. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बाइक एंबुलेंस की शुरुआत हमने देवघर से की है जल्द ही राज्यभर में इसकी शुरुआत की जायेगी. एंबुलेंस की कमी जल्द दूर होगी, सरकार 206 एंबुलेंस खरीद करने जा रहा है. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 100 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में रिनपास का शताब्दी समारोह अगस्त के प्रथम सप्ताह में मनाया जाएगा जिसके लिए राष्ट्रपति और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को आमंत्रित किया गया है. अपने पुत्र कृष द्वारा पिछले दिनों रिम्स का दौरा किए जाने पर सफाई देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मीडिया में बेबजह यह बातें आ गई थी.

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाएं रोक

**शुभम संदेश। रांची**

सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग और प्राकृतिक आवरण पर पड़ रहे इसे विपरीत प्रभाव को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गंभीर चिंता जताई है. पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों और जलाशयों के आसपास इसके उपयोग पर रोक लगाने को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है.

सेठ ने अपने पत्र में कहा कि प्राकृतिक आवरण और सौंदर्य से भरपूर झारखंड में कई पर्यटन और धार्मिक स्थल हैं, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं. झारखंड चूंकि जंगल और प्रकृति के सौंदर्य उपहारों से भरा-पूरा है, ऐसे में इसका संरक्षण भी हम सबकी जिम्मेदारी है. वर्तमान समय में प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा बनकर उभरा है. विशेष रूप से पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थानों पर फेंकी जाने वाली सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलें और




प्लास्टिक बड़ा खतरा बन रहे हैं. यह सिर्फ मानवीय जीवन के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी और जलीय जंतुओं के लिए जलाशयों में प्लास्टिक फेंका जाना, पर्यावरण के साथ-साथ जैव जगत के लिए भी बड़ा खतरा है.
उन्होंने कहा कि झारखंड के बड़े जलप्रपात, नदियां, तालाब, बड़े जलाशय में आज भी प्लास्टिक के कचरो का ढेर दिखता है जो हमें आने वाले भविष्य के खतरों से आगाह कर रहा है. कई समाचार माध्यमों में यह समाचार आ रहे हैं कि रांची सहित पूरे झारखंड के जलाशय और प्राकृतिक आवरण विदेशी पक्षियों व जंतुओं के भी आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं. ऐसे में हमारी चिंता और जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है. उन्होंने पत्र में कहा है कि हम झारखंड के लोग प्रकृति से अगाध प्रेम करते हैं. इसलिए प्रकृति का संरक्षण हम सबके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है. झारखंड के पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल और जलाशय सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलों और ऐसे सिंगल यूज प्लास्टिक से बच सकें, इस दिशा में सरकार को कठोर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है; ताकि हम आने वाली पीढियां को बेहतर प्राकृतिक आवरण दे सकें. उन्होंने सुझाव देते हुए कहा है कि अपने सुखद और बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान में ऐसे सभी पर्यटन व धार्मिक स्थल और जलाशयों के पास सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलों और सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती से बैन लगाया जाए और इसका अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए.

### रांची में जर्जर बसों पर ट्वीट से हरकत में आया विभाग

## मंत्री ने दिया सुधार का आश्वासन

**शुभम संदेश। रांची**




राजधानी में चल रही जर्जर सरकारी बसों को लेकर जेबीकेएसएस आर्मी नाम के ट्विटर हैंडल से मंगलवार को की गई एक पोस्ट ने शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया. इस ट्वीट में लिखा गया था रांची में चलती हैं हाइटेक बसें. इस ट्वीट को लेकर परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया. उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से जवाब में लिखा, आपको साधुवाद. सभी साथियों को बताना चाहता हूं कि यह सभी विषय मेरे संज्ञान में हैं और इस व्यवस्था को ठीक करने के लिए वे और उनका विभाग लगातार प्रयासरत है. उन्होंने कहा कि बहुत जल्द पूरे राज्य की व्यवस्था का कायाकल्प होगा.
उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर राज्य की परिवहन सेवा को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने का संकल्प लिया गया है, जो जल्द ही धरातल पर दिखाई देगा. मंत्री ने आम लोगों से इस प्रक्रिया में सहयोग की अपील भी की. इधर, जेबीकेएसएस की ओर से ट्विटर पर राजधानी रांची में वर्षों से संचालित हो रही जर्जर और खराब हालत वाली सरकारी बसों की तस्वीरें साझा कर तंज कसते हुए लिखा गया था कि रांची में चलती हैं हाइटेक बसें. इस व्यंग्यात्मक टिप्पणी को लेकर सोशल मीडिया पर काफी प्रतिक्रियाएं आईं, इससे सरकार को भी तत्काल प्रतिक्रिया देनी पड़ी. समाजसेवी मिथुन कुमार और चंदन सिंह सहित अन्य लोगों ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि परिवहन व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, टिकाऊ और यात्री सुविधाजनक बनाया जाए. मंत्री के आश्वासन से यह संकेत मिलता है कि आने वाले समय में झारखंड की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में व्यापक बदलाव देखने को मिल सकते हैं.

### दिए सुझाव | उत्पाद विभाग की बैठक में पड़ोसी राज्यों के व्यापारियों ने की शिरकत

# कई मुद्दों पर दिया गया कार्यवाही का आश्वासन

**शुभम संदेश। रांची**

मुख्यमंत्री सभागार में मंगलवार को उत्पाद विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें झारखंड राज्य एवं अन्य पड़ोसी राज्यों के उत्पाद व्यापारियों ने भाग लिया. इस संवादात्मक बैठक की अध्यक्षता उत्पाद आयुक्त रविशंकर शुक्ल ने की. बैठक के दौरान व्यापारियों द्वारा आगामी उत्पाद नीति 2025 से संबंधित विभिन्न प्रश्न एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए. आयुक्त ने सभी बिंदुओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं कई महत्वपूर्ण प्रश्नों का तत्काल उत्तर भी दिया. कुछ जटिल विषयों पर स्पष्ट समाधान हेतु समय मांगा गया है, जिनपर शीघ्र कार्यवाही का



आश्वासन दिया गया. सभा में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि किसी व्यक्ति के पास अतिरिक्त सुझाव या जानकारी हो, तो वे विभागीय वेबसाइट के माध्यम से अपना प्रतिनिधित्व प्रस्तुत कर सकते हैं.
बैठक में यह भी चर्चा हुई कि लॉटरी में भाग लेने वाले आवेदकों द्वारा जमा की गई 2% अर्जेस्ट मनी को, पूर्व निर्धारित दो महीने के समय के स्थान पर, अब 15 दिनों के भीतर वापस करने का निर्णय लिया गया है, जिससे आवेदकों को शीघ्र लाभ मिल सकेगा. इसके अतिरिक्त, आगामी नीति में एवीएन की दरें झारखंड में पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल की अपेक्षा अधिक हो सकती हैं – इस पर भी व्यापारियों द्वारा चिंता प्रकट की गई. इस पर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि इस विषय की गहराई से समीक्षा कर शीघ्र समाधान निकाला जाएगा, ताकि राज्य में व्यापारिक प्रतिस्पर्धा संतुलित रह सके. इस बैठक में अचिंत्य, राजीव भगत, अजय साहू, उमेश साहू, वीरेंद्र साहू, जय राम, नरेंद्र सिंह, इंदर सिंह, हरेंद्र सिंह, शकुंतला जयसवाल, संजीत चौधरी, वीरेंद्र यादव, देवेंद्र सिंह, राहुल गुप्ता अन्य करीब 1500 शराब व्यापारी राज्य और बहार से आए हुए लोगो में नई नीति को लेकर उत्साह दिख रहा था. यह जानकारी झारखंड शराब व्यवसायी संघ के महासचिव सुबोध कुमार जयसवाल ने दी है.

## मारवाड़ी कॉलेज में 'एक पेड़ के मां नाम' कार्यक्रम का शुभारंभ

**शुभम संदेश। रांची**

मारवाड़ी कॉलेज, रांची में राष्ट्र सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-2 के तत्वावधान में "एक पेड़ मां के नाम" नामक मासिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई. पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को समर्पित इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में किया गया. इस पहल का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना है.प्राचार्य ने कहा कि वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण न केवल प्रकृति के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करते हैं, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित करते हैं.



**कार्यक्रम के पहले दिन इन प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**
**भाषण प्रतियोगिताः** दीपिका राज, दीप अंशु, शिवम कुमार प्रजापति, पोस्टर निर्माणः यति झा, कनक शशि, क्रितिका कुमारी, दिप्ति लता, प्राची कुमारी, **निबंध लेखनः** दीपा कुमारी, अक्तिति गुप्ता, रोहित कुमार पांडेय, **नारा लेखनः** सत्या भारती, शिवम कुमार प्रजापति, विश्वजीत आनंद

इन प्रतियोगिताओं में एमसीए विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर नेहा और अनुभूति श्रीवास्तव निर्णायक के रूप में उपस्थित रहीं. कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 के कार्यक्रम अधिकारी अनुभव चक्रवर्ती द्वारा किया गया.छात्रों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से यह संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. वृक्षारोपण, वायु शुद्धि और जैव विविधता की रक्षा इन सभी पहलुओं को छात्रों ने गंभीरता से समझा और प्रस्तुत किया.कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस स्वयंसेवकों - नीतीश पाठक, विश्वजीत आनंद, यति झा, आस्था गाड़ी, सत्या, कनक साक्षी एवं अन्य ने सराहनीय भूमिका निभाई.

## ब्रीफ न्यूज

### पुलिस ने जांच अभियान में 100 दोपहिया वाहन पकड़े

मेदिनीनगर। पलामू एसपी रिश्मा रमेशन के निर्देशानुसार यातायात पुलिस ने मंगलवार को स्थानीय छहमुहान चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया. इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई. जांच के दौरान कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और लाइसेंस के वाहन चलाते पकड़े गए, जिससे ट्रैफिक नियमों की अनदेखी उजागर हुई. ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि कुल 100 से अधिक दोपहिया वाहनों को जांच के दौरान पकड़ा गया, जिनमें से 10 वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है. जब्त वाहनों से संबंधित चालान की प्रक्रिया पूरी कर रिपोर्ट पलामू जिला परिवहन कार्यालय को भेज दी गई है. यातायात पुलिस का कहना है कि नियमों के उल्लंघन पर सख्ती बरती जाएगी और आगे भी इस तरह के नियमित जांच अभियान जारी रहेंगे.

### शराब के नशे में नाले में गिरा मुखदेव, मौत

पाटन। नावाजयपुर थाना क्षेत्र के रोल गांव निवासी मुखदेव उरांव (पिता स्व. प्रकाश उरांव) की मौत पानी में डूबने से हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रविवार को घोरीघाट बाजार गया था, जहां उसने अत्यधिक मात्रा में महुआ शराब का सेवन किया. नशे की हालत में घर लौटते समय वह बाजार के पास एक नाले में गिर गया. नाले में पानी भरे होने के कारण उसकी डूबकर मौत हो गई. जब मुखदेव देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव नाले में देखा और तुरंत नावाजयपुर थाना को सूचना दी. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया.

### खेत में काम कर रहे युवक की वज्रपात से मौत

बालूमाथ (लातेहार)। शेरेगड़ा गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में 24 वर्षीय युवक उपेंद्र उरांव की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई. उपेंद्र खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ और वह इसकी चपेट में आ गया. मौके पर ही वह गंभीर रूप से झुलस गया. घटना के तुरंत बाद ग्रामीण उसे लेकर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

### मातृशक्ति ने ऋतु उत्सव में लिया पर्यावरण रक्षा का संकल्प

लातेहार। सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार के श्री कृष्ण चंद्र गांधी ऑडिटोरियम में ऋतु उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया. यह कार्यक्रम विद्यालय में मातृशक्ति को रचनात्मक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से गठित मातृ भारती के तत्वावधान में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता मातृ भारती की अध्यक्ष ऋतु रानी पांडे ने की. ऋतु उत्सव में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित ₹पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ₹ विषय पर विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को हरे रंग की पोशाक में अपनी प्रस्तुति देनी थी. महिलाओं ने वेशभूषा और विचार अभिव्यक्ति के माध्यम से पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता दिखाई. प्रतियोगिता में नेहा साहू विजेता रहीं, जबकि पुष्पा सिन्हा को उपविजेता घोषित किया गया. कुल 15 महिलाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया.

## डीसी ने की श्रम जिला नियोजनालय के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा, कहा

# श्रमिकों का शीघ्र पंजीकरण सुनिश्चित करें

शुभम संदेश। लातेहार




समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में श्रम विभाग एवं जिला नियोजनालय के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में उपायुक्त ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर शीघ्र पंजीकरण कराने का निर्देश दिया ताकि उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सके.

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र श्रमिकों का पंजीकरण तेजी से किया जाए तथा उनके बैंक खाते भी सक्रिय कराए जाएं. साथ ही बाल श्रम की रोकथाम के लिए अब तक की गई कार्रवाई की गहन समीक्षा की गई. उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में बच्चों से श्रम नहीं कराया जाए और ऐसे मामलों में त्वरित व कठोर कार्रवाई की जाए. बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि गरीब एवं वंचित परिवारों को सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ दिलाया जाए, जिससे उनके बच्चे शिक्षा से जुड़ सकें और बाल श्रम से बचाया जा सके. सभी बच्चों के बैंक खाते खुलवाने का निर्देश भी दिया गया, ताकि सरकारी सहायता सीधे उनके खातों में पहुंच सके.

उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक दिनेश भगत को श्रम कानूनों और योजनाओं के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के निर्देश दिए. उन्होंने यह भी कहा कि श्रम विभाग की सभी योजनाओं पर आवंटित बजट का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में खाली सीटों को अगस्त तक भरने का निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि इससे अगले सत्र में अधिक नामांकन सुनिश्चित किया जा सकेगा. जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिले में रोजगार मेला, भर्ती कैंप और करियर काउंसलिंग की जानकारी दी. बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, सभी आईटीआई के प्रभारी प्राचार्य, प्रशिक्षण अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे.

## जन सुनवाई में लातेहार और गढ़वा जिले के हजारों ग्रामीण शामिल हुए, कहा

# अगर वन पट्टा नहीं मिला तो होगा व्यापक जन आंदोलन

शुभम संदेश। लातेहार



वन अधिकार कानून 2006 के तहत लंबित सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन भूमि दावों के निस्तारण की मांग को लेकर लातेहार के कल्याण विभाग परिसर में सोमवार को एक बड़ी जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित की गई. कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त ग्राम सभा मंच (बरवाडीह) और ग्राम स्वशासन अभियान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. इसमें लातेहार और गढ़वा जिले के गारू, मनिका, बरवाडीह और चिनिया क्षेत्रों से हजारों आदिवासी एवं ग्रामीण शामिल हुए.

कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 9 अगस्त, जो कि विश्व आदिवासी दिवस है, तक वन अधिकार कानून के तहत लंबित सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टे नहीं दिए गए तो जन आंदोलन शुरू किया जाएगा.

जन सुनवाई में आए जेम्स हेरेंज ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि बरवाडीह प्रखंड के 22 गांवों से कुल 16,050.5 एकड़ भूमि का दावा सामुदायिक वन अधिकार के लिए किया गया था, लेकिन मात्र 2.7 एकड़ भूमि ही स्वीकृत हुई. उन्होंने कहा कि 99.99 प्रतिशत दावित भूमि को अस्वीकार कर दिया गया है, जो कि कानून की खुली अवहेलना है. हेरेंज ने आगे बताया कि लातेहार जिले में अनुमंडल और जिला स्तरीय वन अधिकार समितियों में अभी भी 98 सामुदायिक और 1,700 व्यक्तिगत वन अधिकार दावा पत्र लंबित हैं. जून 2019 में अनुमंडल समिति ने 135 व्यक्तिगत दावों की अनुशंसा की थी, लेकिन आज तक दावेदारों को पट्टा नहीं मिला है.

बरवाडीह पूर्वी के जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी केवल खानापूर्ति कर रहे हैं और कानून को लागू करने में कोताही बरत रहे हैं. उन्होंने यह भी बताया कि संयुक्त ग्राम सभा बरवाडीह ने अपने 16 गांवों में 20,000 से अधिक पौधे सीड बॉल के माध्यम से लगाए हैं, जबकि वन विभाग केवल नाम मात्र का कार्य कर रहा है. जन सुनवाई में कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग के अधिकारी उन्हें डराते हैं और जंगल में जाने पर पशुओं के चरने या लकड़ी काटने के आरोप में फर्जी मुकदमे दर्ज करते हैं.

ग्रामीणों के अनुसार, विभाग के लोग उनकी टंगी, कोड़ी, कुदाल आदि भी जब्त कर लेते हैं. सुप्रीम कोर्ट आयुक्त के पूर्व राज्य सलाहकार बलराम ने कहा कि वन अधिकार कानून का गंभीर उल्लंघन हो रहा है और दावों में भारी कटौती की जा रही है. उन्होंने दावों की स्वीकृति के लिए एक स्पष्ट समय सीमा तय करने की मांग की.

वहीं, जन सुनवाई में उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) अजय राजक ने कहा कि अनुमंडल कार्यालय सभी दावों की अनुशंसा कर जिला कार्यालय भेज देता है और अब तक लगभग 200 से 250 आवेदन आए हैं. नियमों के तहत सभी पात्र व्यक्तियों को पट्टा मिलेगा. कार्यक्रम का संचालन विमल सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मिथिलेश कुमार ने दिया. जन सुनवाई में सामाजिक और आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता सुनील मिंज, दीपक बाड़ा, भूखन सिंह, कविता सिंह खरवार, श्यामा सिंह, महावीर परहिया, बालकी सिंह और मनीता कुमारी खरवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे. ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि अधिकारों के लिए लड़ाई जारी रहेगी और यदि सरकार समय रहते कार्रवाई नहीं करती, तो नौ अगस्त से बड़ा जन आंदोलन शुरू किया जाएगा.

### विधायक ने एकलव्य विद्यालय में पठन-पाठन कार्य का किया शुभारंभ

बरवाडीह (लातेहार)। बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत में मंगलवार को नवनिर्मित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में पठन-पाठन कार्य की शुरुआत की गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सह सभापति रामचंद्र सिंह थे. दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई. इसके बाद बच्चों के बीच स्कूल बैग वितरण और पौधारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया. केंद्र सरकार द्वारा विद्यालय में चार शिक्षकों की नियुक्ति की गई है, वहीं जिला प्रशासन ने भी शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए चार अतिरिक्त शिक्षक उपलब्ध कराए हैं. यह विद्यालय क्षेत्र के आदिवासी और पिछड़े वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोला गया है. हालांकि, कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत मुखिया और पत्रकारों को आमंत्रित नहीं किए जाने को लेकर कार्यक्रम के दौरान चर्चाएं होती रहीं. जब इस बाबत विद्यालय के प्राचार्य से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया है और उनकी कोई भूमिका नहीं रही. वहीं जिला स्तर के एक अधिकारी ने इस विषय पर कुछ भी कहने से इंकार कर दिया. इस अवसर पर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, कांग्रेस, झामुमो और भाजपा के कई नेता तथा सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे. कार्यक्रम में स्थानीय जनता की भागीदारी भले ही सीमित रही हो, लेकिन विद्यालय संचालन की शुरुआत ने क्षेत्र में शिक्षा के नए अध्याय की नींव रख दी है.

# जंगल के समीप लूट की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार

शुभम संदेश। मेदिनीनगर



नावाबाजार थाना पुलिस ने विश्रामपुर-इटको रोड स्थित कोरटा चमरदोहरी जंगल के समीप लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया. पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी आपराधिक वारदात होने से टल गई. गिरफ्तार आरोपियों में मनातू थाना क्षेत्र के टंडवा गांव निवासी रविन्द्र सिंह, नावाबाजार के रजदीरिया गांव निवासी उमेश सिंह और राधे सिंह शामिल हैं. रविन्द्र सिंह के पिता का नाम सुरेश सिंह है, जबकि उमेश सिंह के पिता कुलदीप सिंह और राधे सिंह के पिता स्वर्गीय सरदयाल सिंह हैं. नावाबाजार थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात अपराधी कोरटा चमरदोहरी जंगल क्षेत्र में सड़क पर पत्थर (वोल्डर) लगाकर मार्ग जाम कर रहे हैं, ताकि लूटपाट की घटना को अंजाम दिया जा सके. सूचना मिलते ही पुलिस टीम एक प्राइवेट वाहन से मौके पर रवाना हुई. जब टीम जंगल के समीप पहुंची, तो देखा गया कि विश्रामपुर-इटको जाने वाली पक्की सड़क को वोल्डर से पूरी तरह जाम किया गया था. वाहन के रुकते ही तीन युवक वहां पहुंचे, लेकिन पुलिस को देखते ही भागने लगे. पुलिस जवानों ने घेराबंदी कर तीनों को मौके पर ही पकड़ लिया. पूछताछ के दौरान तीनों ने अपराध की योजना स्वीकार की. इसके आधार पर नावाबाजार थाना में बीएनएस की धारा 309(5) के तहत कांड संख्या 53/25 दर्ज कर तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा और अपराधियों में डर का माहौल बना है.

# उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

शुभम संदेश। लातेहार



जिले में किसानों को फसल बीमा योजना की जानकारी देने और उन्हें योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मंगलवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने समाहरणालय परिसर से बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह रथ जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत क्षेत्रों में जाकर कृषक मित्रों एवं किसानों को बीमा योजना की जानकारी देगा और उन्हें बीमा कराने हेतु जागरूक करेगा. उपायुक्त ने बताया कि जिले के किसान केवल एक रुपये टोकन मनी देकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं. इसके लिए 31 जुलाई 2025 तक पंजीकरण कराया जा सकता है. किसान नजदीकी प्रज्ञा केंद्र या स्वयं ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं. खरीफ मौसम 2025 के लिए मक्का और धान को अधिसूचित किया गया है. मक्का की फसल क्षति पर प्रति हेक्टेयर 59,934.10 रुपये और धान की फसल क्षति पर प्रति हेक्टेयर 75,631.13 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि किसानों को दी जाएगी. इस योजना के अंतर्गत किसानों को किसी प्रकार का प्रीमियम नहीं देना होगा. मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा और कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल दीपक कुमार महतो मौजूद रहे.

## लॉन्च

## महिंद्रा ने लॉन्च की नई एसयूवी एक्सयूवी 3एक्सओ आरईएक्स

# मत ₹8.94 लाख से शुरू, टेक्नोलॉजी है जबरदस्त

शुभम संदेश। मेदिनीनगर



मोटर वाहन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने नावाटोली स्थित एक्सक्लुसिव शोरूम, आनंद मोटर्स में एसयूवी एक्सयूवी 3एक्सओ का भव्य अनावरण किया. इस अवसर पर एसबीआई के रीजनल मैनेजर अमीय अभिषेक, क्रेडिट चीफ मैनेजर राहुल स्वास्तिक, सीए सरस जैन और जय शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे.

गाड़ी की खूबियों की जानकारी देते हुए आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद ने बताया कि एक्सयूवी 3एक्सओ आरईएक्स एक परफॉर्मेंस पैक एसयूवी है जिसकी शुरुआती कीमत 8.94 लाख है. यह गाड़ी अपनी रेंज में बेहतरीन टेक्नोलॉजी और फीचर्स से लैस है और हर पैरामीटर पर खरी उतरती है.

आनंद मोटर्स के जीएम प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि एक्सयूवी 3एक्सओ आरईएक्स अपने मूल्य से अधिक सुविधाएं दे रही है. इसमें पैनोरमिक सनरूफ, ब्लैक एलॉय व्हील्स, प्रीमियम इंटीरियर, 26.03 सेमी का डिजिटल क्लस्टर स्क्रीन, 6 स्पीकर सिस्टम, साथ ही एड्रेनोस और एलेक्सा जैसे स्मार्ट फीचर्स शामिल हैं, जो इसे एक स्मार्ट और स्टाइलिश विकल्प बनाते हैं.

लॉन्चिंग इवेंट में आनंद मोटर्स के जीएम मनप्रीत सिंह, सेल्स मैनेजर निखिल कुमार, अन्य कर्मचारी, महिंद्रा फाइनेंस, चोलामंडलम फाइनेंस, एचडीबी फाइनेंस के अधिकारी, बड़ी संख्या में ग्राहक और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मौजूद रहे. सभी ने इस नई एसयूवी की सराहना की और इसे टेक्नोलॉजी और विश्वसनीयता में नंबर वन बताया.

### बालूमाथ सीएचसी बना कचरे का डंपिंग यार्ड

बालूमाथ (लातेहार)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के आसपास की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है. अस्पताल के ठीक बगल में लगी फलों की दुकानों से निकलने वाला सड़ा-गला कचरा और मोबाइल कवर जैसी प्लास्टिक सामग्री खुले में फेंकी जा रही है. इससे अस्पताल परिसर कचरे का डंपिंग यार्ड बन गया है. आसपास गंदगी और बदबू का आलम है, जिससे मरीजों, परिजनों और आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है. मौके पर मच्छरों और आवारा जानवरों की मौजूदगी आम हो गई है, जिससे संक्रमण और गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है. यह स्थिति अस्पताल जैसे अति संवेदनशील स्थान पर सफाई व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है. इस मामले को लेकर झामुमो बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू ने गहरी नाराजगी जताई है.

## एक नजर



### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता

मेदिनीनगर। स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मंगलवार को कक्षा 11 (कला संकाय) के विद्यार्थियों के बीच एक विचारोत्तेजक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का विषय था ₹राजनीति में धार्मिक मान्यताओं को शामिल करना लोकतंत्र के लिए खतरा₹. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने तर्कों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया. प्रतियोगिता में पक्ष रखने वाले विद्यार्थियों ने कहा कि धर्म और राजनीति को मिलाने से लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर होती है. धर्म आधारित राजनीति समाज को विभाजित कर सकती है और यह देश को उसकी पुरानी रूढ़िवादी परंपराओं की ओर ले जा सकती है. उन्होंने तर्क दिया कि एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र ही नागरिकों के अधिकारों की रक्षा बेहतर ढंग से कर सकता है. विवेक, कर्म और मानवता को धर्म से ऊपर स्थान दिया जाना चाहिए. वहीं विपक्ष में बोलते हुए छात्रों ने कहा कि धर्म, नागरिकों की जीवनशैली और मूल्यों से गहराई से जुड़ा होता है. उन्होंने तर्क दिया कि धर्म के बिना लोगों का जीवन अधूरा होता है और वे अपने दैनिक कार्यों में भी धार्मिक सिद्धांतों को शामिल करते हैं. अतः धर्म को लोकतंत्र से अलग नहीं किया जा सकता. विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताएं छात्रों में तर्कशक्ति, आत्मचिंतन और संवाद कौशल को बढ़ावा देती हैं. निर्णायक मंडल में शिक्षक गौरव कुमार और सचिन संथालिया उपस्थित रहे. प्रतियोगिता में अभिलाषा कुमारी प्रथम, क्रीति कुमारी द्वितीय और अंशिका कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं.

### श्री श्री सूर्य मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन संपन्न



हुसैनाबाद। झारखंड-बिहार की सीमा पर स्थित हुसैनाबाद प्रखंड के कररबार नदी के तट पर अवस्थित श्री श्री सूर्य मंदिर, काजरात में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. यह आयोजन वैश्विक कल्याण और शांति स्थापना के उद्देश्य से किया गया, जिसकी शुरुआत रविवार दोपहर 12:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य महेंद्र पाठक, आलोक पाठक और मुरली मिश्रा ने करवाई. अखंड कीर्तन सोमवार को दिव्य भंडारे के साथ संपन्न हुआ. आयोजन के मुख्य यजमान कृष्णा यादव, ममता कुमारी, बिगन प्रजापति, श्रीराम यादव, ललन मेहता, प्रमोद प्रजापति, रंजना देवी, ममता देवी और विमल देवी रहे. भव्य भंडारे का आयोजन बेल बिगहा पंचायत की मुखिया अनंती देवी के सौजन्य से किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. इस पावन अवसर पर पूर्व मुखिया रामलखन यादव, शंकर राम, लवकुश राम, लालदीप प्रजापति, चंचल सिंह, जयराम यादव, मुकेश प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे. आयोजन ने क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक एकता का संदेश प्रसारित किया.

### लायंस क्लब ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को वितरित किए 130 छाते



मेदिनीनगर। शहर की सड़कों पर हर मौसम में अपनी ड्यूटी निभा रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के समर्पण को सम्मान देते हुए लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज ने एक सराहनीय पहल की है. सोमवार को क्लब द्वारा नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर तैनात 130 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के बीच छातों का वितरण किया गया. यह पहल ट्रैफिक जवानों की कठिन ड्यूटी और उनके सेवाभाव को नमन करने के उद्देश्य से की गई. इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष लायन रूपेश कुमार ने कहा कि तेज धूप, मूसलधार बारिश या ठिठुरती सर्दी में भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटते. यह छाते एक छोटे से प्रयास के रूप में उनके समर्पण के प्रति कृतज्ञता जताने के लिए दिए गए हैं. उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि ऐसे निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने वालों को सम्मानित करने की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी. कार्यक्रम में क्लब के सचिव प्रभात कुमार अग्रवाल, सह सचिव राकेश पांडेय, समीर खन्ना, नवीन गुप्ता, आलोक माथुर, रितेश कुमार, ध्रुव अग्रवाल, संजय पाठक और अमित आनंद सहित कई सदस्य मौजूद थे. छाता पाकर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने भी क्लब के इस gesture के लिए आभार प्रकट किया.

### विद्यार्थियों ने संभाली विद्यालय की कमान

लातेहार। शहर के धर्मपुर पथ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को 'छात्र नेतृत्व दिवस' के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने एक दिन के लिए विद्यालय की सम्पूर्ण व्यवस्था संभाली. इस विशेष अवसर पर कक्षा 10 के छात्र हर्ष राज को एक दिन का प्रधानाचार्य और उसी कक्षा की रूपाली राज को उप-प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया. विद्यार्थियों ने शिक्षण, अनुशासन, उपस्थिति, निरीक्षण और प्रशासनिक कार्यों का संचालन कुशलता से किया. इस आयोजन के दौरान विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय, सचिव नरेंद्र कुमार पांडेय और अभिभावक धीरेंद्र शुक्ला ने विद्यालय का दौरा कर व्यवस्था का निरीक्षण किया और छात्रों के कार्यों का मूल्यांकन किया. विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि यदि छात्रों को सही दिशा, अवसर और जिम्मेदारी मिले, तो उनमें नेतृत्व क्षमता का अद्भुत विकास हो सकता है. यह आयोजन उनके आत्मविश्वास को बढ़ाता है और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करता है. विद्यालय समिति के अध्यक्ष ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है. इससे उनमें आत्म-नियंत्रण, अनुशासन, नेतृत्व और समस्याओं के समाधान की क्षमता विकसित होती है. एक दिन के प्राचार्य बने हर्ष राज ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि विद्यालय संचालन एक चुनौतीपूर्ण लेकिन प्रेरणादायक कार्य है. उप-प्राचार्य रूपाली राज ने कहा कि इस अनुभव से आत्मविश्वास और संवाद क्षमता में वृद्धि हुई. वहीं कक्षा 9 की छात्रा नीति कुमारी ने वाटिका शिक्षण के दौरान मिली चुनौतियों और अनुभवों को साझा किया.

### कांवरियों का जत्था बाबा नगरी के लिए रवाना



महुआडांड़ (लातेहार)। सावन माह की पवित्रता और श्रद्धा के बीच महुआडांड़ प्रखंड से कांवरियों का एक उत्साही जत्था बाबा नगरी देवघर के लिए बोलबम के जयकारों के साथ रवाना हुआ. जत्था रवाना होने से पूर्व स्थानीय दुर्गा मंदिर और शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया. यह कांवरिया जत्था बोधगया और राजगीर होते हुए सुल्तानगंज पहुंचेगा, जहां गंगा जल लेकर वे पैदल यात्रा करते हुए देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचेंगे. वहां बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करेंगे. इसके साथ ही श्रद्धालु बासुकीनाथ और तपोवन पहाड़ का भी दर्शन करेंगे. श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया. यात्रा में शामिल कांवरियों में रोहित कुमार मंगल, दीपक, सुमंत और शौभिक का नाम प्रमुख है. जत्थे के लोगों ने बताया कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आस्था, आत्मिक शांति और सामाजिक समर्पण का प्रतीक है. स्थानीय लोगों ने कांवरियों को फूल-मालाओं से विदा किया और उनकी सफल व सुरक्षित यात्रा की कामना की.

**ब्रीफ न्यूज**

### बदुलिया घाट से दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**जयनगर (कोडरमा)।** एनजीटी की रोक के बावजूद बदुलिया घाट पर अवैध बालू उठाव लगातार जारी है. सूचना पर सीओ गौतम कुमार व थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह के नेतृत्व में छापेमारी कर बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया गया. कार्रवाई के दौरान दोनों चालक फरार हो गए. ट्रैक्टरों को जयनगर थाना लाया गया, जहां थाना कांड संख्या 175/25 दर्ज की गई है. प्रशासन ने कहा अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा.

### वाहन की चपेट में आने से तीन मवेशी की मौत

**चरही ।** चरही थाना क्षेत्र के चरही-घाटो मोड़ के पास 23 नंबर स्थित सड़क पर मंगलवार को किसी भारी अज्ञात वाहन ने तीन मवेशी को अपने चपेट में ले लिया.जिसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई.वाहन भागने में सफल रहा.सभी गया चरकर सड़क को पार कर रही थी.तभी किसी भारी वाहन ने अपने चपेट में ले लिया.इसकी जानकारी मिलते ही आस-पास के ग्रामीणों ने घटना स्थल पर पहुंचकर सड़क को जाम कर दिया.जो करीब चार घण्टों तक जाम रहा.जाम के कारण सीसीएल कोलियरी से कोयला लादकर चरही रेलवे साइडिंग में आपूर्ति करने वाले हाईवा वाहनों के कतार लग गए.इसकी सूचना मिलते ही चरही पुलिस स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को काफ़ी समझाने बुझाने के बाद सड़क जाम को हटाने में सफल रहे.ज्ञात हो कि चरही-घाटो मार्ग पर सैकड़ों हाइवा वाहन सीसीएल कोलियरी कोयला लादकर तेज रफ्तार में चलते हैं.

### करंट लगने से तीन मवेशियों की हुई मौत

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के माधोपुर पंचायत अंतर्गत सेलारी गावँ में मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे डाँटी फीडर की ग्यारह हजार वोल्ट की तार की चपेट में आने से दो दुधारू समेत तीन मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गयी. मिली जानकारी के मुताबिक सेलारी गांव में सड़क के दक्षिण दिशा भीठा के समीप सरबहना निवासी उज्ज्वल कुमार तथा चमारी यादव के दुधारू गाय रोज की तरह चर रही थी तभी ग्यारह हजार वोल्ट का तार टूट कर गिर गया. जिसकी चपेट में आने से दो दुधारू समेत तीन गाय की मौके पर ही मौत हो गयी.घटना के बाद ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना विभागकर्मी को दी गई.तब विभाग कर्मियों के द्वारा विधुत कनेक्शन काटा गया. मृत मवेशियों में उज्वल कुमार की एक दुधारू गाय तथा चमारी यादव के दो गाय शामिल है. घटना के संबंध में पशुपालकों ने बताया कि इस हादसे भारी नुकसान हुआ है.

### वीएलई की हड़ताल शुरू बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत में कार्यरत वीएलई ने अपने साथी शैलेंद्र सिंह द्वारा आत्महत्या कर लेने से आहत होकर दो दिनों की हड़ताल शुरू कर दी है. यह हड़ताल 24 जुलाई तक चलेगा. इस संबंध में उन्होंने एक ज्ञापन देकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचित किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि हम लोगों पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाया जाए, पंचायती राज द्वारा निर्धारित मानदेय 7050 का नियमित भुगतान किया जाए. अभी अनियमित रूप से 2475 ही दिया जा रहा है, अगर इन बातों में सुधार नहीं किया गया तो हड़ताल आगे भी जारी रखी जाएगी ज्ञापन में भारी संख्या में वीएलई के हस्ताक्षर हैं. हड़ताल के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा.

स्वास्थ्य के क्षेत्र में जयंत सिन्हा की एक और बड़ी सौगात, डेमोटांड में सिन्हा हेल्थ इंस्टीट्यूट का भूमिपूजन

## लोगों को देंगे विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ : जयंत

**शुभम संदेश .हजारीबाग**



हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने झारखंड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात दी है. उन्होंने डेमोटांड में 'सिन्हा हेल्थ इंस्टिट्यूट' की स्थापना करने का निर्णय लिया है.इस कार्य को सफल बनाने के लिए 22 जुलाई को इस इंस्टिट्यूट का विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न किया गया.

मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित हुए.इस संस्थान की बिल्डिंग अगले 6 से 9 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगी. साथ ही यहां मेडिकल उपकरण भी स्थापित कर दिए जाएंगे. जयंत सिन्हा द्वारा स्थापित किया जा रहा सिन्हा हेल्थ इंस्टीट्यूट एक गैर-लाभकारी संस्थान है, जिसका लक्ष्य झारखण्ड में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है.झारखंड जयंत सिन्हा की जन्मभूमि के साथ कर्मभूमि भी है.इसलिए वे सदैव ही सेवा भाव से राज्य की प्रगति और उन्नति के लिए कार्यरत रहते हैं.उनके द्वारा स्थापित किया जा रहा यह संस्थान प्रतिबद्धता, करुणा, समानता और सेवा के मूल्यों से प्रेरित होकर जनता के कल्याण के लिए कार्य करेगा.

डेमोटांड में स्थापित किये जा रहे इस संस्थान में जनता को एमआरआई, पैथोलॉजी लैब, एक्सरे, सिटी स्कैन, ओपीडी और मेडिकल शॉप जैसी विभिन्न उच्चस्तरीय सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा.जयंत सिन्हा का प्रयास अगले 6 महीनों में यहाँ एमआरआई मशीनों को स्थापित करना है.वर्तमान में झारखंड में एमआरआई मशीनें काफी कम संख्या में हैं, जिससे मरीजों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है.इन मशीनों के आने से लोगों को एमआरआई जैसी सुविधाओं के लिए रांची और झारखंड से बाहर नहीं जाना पड़ेगा. लोगों को हज़ारीबाग में ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा प्राप्त हो सकेगी.जयंत सिन्हा इस संस्थान में मरीज़ों को आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजना से जोड़ेंगे ताकि उन्हें निशुल्क इलाज़ का लाभ मिले.इस संस्थान के मेडिकल डायरेक्टर डॉ एस. के. सिन्हा होंगे.साथ ही इस संस्थान से विश्वस्तरीय चिकित्सक जुड़ें हैं जिनके सहयोग और मार्गदर्शन में मरीजों को चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी l सिन्हा हेल्थ इंस्टीच्यूट को महाजन इमेजिंग और लैब्स जैसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय संस्थान से तकनीकी सहायता मिल रही है .

स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

## मुख्य समारोह बागीटाड़ स्टेडियम में होगा आयोजित

**शुभम संदेश ।कोडरमा**

स्वतंत्रता दिवस 2025 के सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई.

बैठक में मुख्य समारोह के रूप में बागीटाड़ स्टेडियम, कोडरमा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा हुई.बैठक में समाहरणालय, मुख्य समारोह स्थल और अन्य सरकारी कार्यालयों में झंडोत्तोलन की प्रक्रिया, समय निर्धारण तथा समुचित तैयारियों की समीक्षा की गई. कार्यपालक अभियंता को स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग-रोगन और साज-सज्जा के निर्देश दिए गए.

जिले भर में महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई और माल्यार्पण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी.मुख्य समारोह में जिला बल, सीआरपीएफ, होमगार्ड और वनरक्षी बल की टुकड़ियों द्वारा परेड की प्रस्तुति की जाएगी. समारोह की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. मैदान के समतलीकरण, डस्ट बिछाने, पेयजल, शौचालय और चिकित्सा सुविधा के इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं.नगर परिषद झुमरी तिलैया व नगर पंचायत कोडरमा को चौक-चौराहों की सजावट, सफाई और विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.



### उपायुक्त ने की जन शिकायत पोर्टल के लंबित मामलों की समीक्षा

कोडरमा. उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग के तहत लंबित आवेदनों की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की विभागवार समीक्षा करते हुए शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए.उपायुक्त ने ग्रामीण कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, उत्पाद, पर्यटन, लघु सिंचाई, तथा प्रखंड व अंचल कार्यालयों से जुड़े आवेदनों पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की शिकायतों का समाधान समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है.बैठक में जन शिकायत पोर्टल पर दर्ज मामलों की नियमित मॉनिटरिंग और त्वरित निष्पादन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया. उपायुक्त ने विभागों को निर्देशित किया कि किसी भी शिकायत को अनदेखा न किया जाए और सभी आवेदनों का निपटारा निर्धारित समय सीमा में किया जाए.बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुर्णेंदु, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.

### वित्तीय साक्षरता व निर्णय क्षमता पर मिला प्रशिक्षण

**रामगढ़।** टाउन हॉल, रामगढ़ में मंगलवार को "सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान" के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिला मुखिया, वार्ड सदस्य, जनप्रतिनिधि, डीपीएम तथा सभी प्रखंड समन्वयक उपस्थित रहे.इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला जनप्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता को मजबूत करना, पंचायती राज संस्थाओं में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना एवं ग्राम स्तर पर सुशासन सुनिश्चित करना था. प्रशिक्षण सत्र के दौरान महिला प्रतिनिधियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही प्रबंधन कौशल, वित्तीय साक्षरता एवं निर्णय लेने की क्षमता पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया.जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी ने कहा कि महिला प्रतिनिधियों का सशक्तिकरण सामाजिक विकास का मूल है. जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह ने भी पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने पंचायतों में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बढ़ाने के लिए महिला नेतृत्व को अहम बताया.कार्यशाला में महिलाओं की भागीदारी और जागरूकता उत्साहजनक रही, जिससे भविष्य में पंचायती व्यवस्था को और अधिक मजबूत आधार मिलेगा.

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, अब तक 118 कान की सफल सर्जरी



**शुभम संदेश ।कोडरमा**

जिला प्रशासन कोडरमा एवं इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित लाईफलाईन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 11 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन झुमरीतिलैया स्थित सीएच हाई स्कूल में किया जा रहा है.

इस शिविर का लाभ जिले के हजारों लोग उठा रहे हैं.16 से 21 जुलाई तक आयोजित कान जांच एवं सर्जरी कार्यक्रम के अंतर्गत 118 मरीजों की सफल सर्जरी की गई.,

कुल 2852 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से 1500 की बीपी व शुगर जांच, 894 की ऑडियोमेट्री, 421 लोगों को श्रवण यंत्र वितरण और 221 को भर्ती किया गया.इससे पूर्व, 11 से 16 जुलाई तक मोतियाबिंद सर्जरी के अंतर्गत 229 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया था.

मरीजों ने प्रशासन एवं इम्पैक्ट इंडिया टीम का आभार जताते हुए कहा कि यह शिविर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है.22–24 जुलाई को मुड़े हुए पैर और कटे-फटे होंठ की सर्जरी, जबकि 25–30 जुलाई को दांत जांच और उपचार किया जाएगा. प्रशासन ने मरीजों से पहचान पत्र लाने का अनुरोध किया है.

## अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन

**शुभम संदेश ।चतरा**



उपायुक्त कीर्तिश्री जी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग चतरा द्वारा अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया. मौके पर काफी संख्या में अवैध नकली अंग्रेजी शराब बरामद किया गया. यह कार्रवाई जिले के वशिष्ठ नगर थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में थाना क्षेत्र के कटैया गांव स्थित एक पोल्ट्री फार्म की आड़ में संचालित अवैध विदेशी शराब निर्माण की मिनी फैक्ट्री के विरुद्ध की गई.प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि कटैया गांव के रहने वाले मुन्ना साव, छोटू साव एवं अशोक साव द्वारा संचालित इस मिनी फैक्ट्री में स्पिरिट के साथ कृत्रिम कैरेमल और एसेंस मिलाकर नकली शराब तैयार की जा रही थी.

तैयार शराब को ब्रांडेड विदेशी शराब की बोतलों में भरकर, नकली लेबल और होलोग्राम लगाकर ड्राई स्टेट बिहार के विभिन्न बाजार में खपाने की तैयारी की जा रही थी. मौके पर घटनास्थल से बोतलबंद विदेशी शराब की 598 बोतल (लगभग 291.015 लीटर),तैयार नकली रंगीन शराब 20 लीटर, स्पिरिट 90 लीटर, 8 पीएम व्हिस्की एवं आइकॉनिक व्हाइट व्हिस्की के नकली लेबल, नकली होलोग्राम, शराब पैकिंग एवं बोतलबंदी के उपकरण बरामद किया गया. इस कार्रवाई के दौरान अवैध कारोबार में संलिप्त सभी आरोपी मौके से जंगल की ओर फरार हो गए. उनकी गिरफ्तारी हेतु निरंतर छापामारी अभियान जारी है.

मामले में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध झारखंड उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया जा रहा है.इस बाबत उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार ने जानकारी दी कि उपायुक्त के निर्देशानुसार यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है. उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध सख्त अभियान चला रहा है, और आगे भी इसी प्रकार की सघन छापामारी जारी रहेगी. छापामारी दल में आशीष कुमार पांडेय अवर निरीक्षक उत्पाद, अभिषेक आनंद अवर निरीक्षक उत्पाद, उत्पाद आरक्षी दल, गृहरक्षक बल, महिला गृह रक्षक, वशिष्ठ नगर थाना की पुलिस टीम समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे.

**समझौता** स्मार्ट मीटर बिल विवाद पर कार्यपालक अभियंता ने की परसाबाद में बैठक

## बाजार बंदी टली, कल त्रुटि सुधार को लगेगा कैंप

**शुभम संदेश ।जयनगर**



स्मार्ट मीटर से बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में बुधवार को प्रस्तावित परसाबाद बाजार बंदी को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है. गौरतलब है कि इस मुद्दे पर रविवार को कटिया शिव मंदिर धर्मशाला में उपभोक्ताओं की आपात बैठक हुई थी, जिसमें सर्वसम्मति से बुधवार को बाजार बंद करने का फैसला लिया गया था. इस खबर को शुभम संदेश अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था. खबर का व्यापक असर यह हुआ कि मंगलवार को कार्यपालक अभियंता रणधीर कुमार परसाबाद पहुंचे और उपभोक्ताओं, व्यवसायियों तथा ग्रामीणों के साथ बैठक की. बैठक में लोगों ने बिजली विभाग को बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनका बिल दो से तीन गुना तक बढ़ गया है. इससे गरीब, व्यवसायी और मध्यम वर्ग सभी प्रभावित हैं.कनीय अभियंता ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि गुरुवार को परसाबाद बाजार में विशेष कैंप लगाकर बिलों की जांच की जाएगी. जिन उपभोक्ताओं के बिल में त्रुटि होगी, उसे तत्काल दुरुस्त किया जाएगा आगे कहा कि जिन ग्रामीणों को नया कनेक्शन लेना है उसे नया कनेक्शन दिया जाएगा.अभियंता ने कहा कि स्मार्ट मीटर से वास्तविक खपत का ही बिल बनता है, लेकिन अगर रीडिंग या तकनीकी गड़बड़ी के कारण बिल ज्यादा आया है तो उसे सुधारने में विभाग देर नहीं करेगा.व्यवसायियों और ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर कैंप के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बाजार बंद कर उग्र आंदोलन किया जाएगा. बैठक में जिप सदस्य केदारनाथ यादव,जनार्दन मोदी, मोहन स्वर्णकार, सुनील यादव, आशीष गुप्ता,रवि चौधरी, कुंदन मोदी, ध्रुव गुप्ता, संजय बिहारी, विवेक गुप्ता, हरिहर मोदी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे. स्थानीय लोगों ने कहा कि अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग हरकत में आया, अन्यथा समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं था.

### एनटीपीसी ने चलाया है विशेष स्वच्छता अभियान

**हजारीबाग।** केरेडारी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कार्यक्रम के तहत झारखंड की वंचित बिरहोर जनजाति समुदाय के लिए एक विशेष स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान चलाया.मानसून में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों के बढ़ते खतरे को देखते हुए बिरहोर बस्तियों में कीटनाशक और मच्छर रोधी दवाओं का छिड़काव किया गया. जंगलों में निवास करने वाली यह जनजाति पारंपरिक जीवनशैली पर निर्भर रहती है और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से प्रायः वंचित रह जाती है.इस अभियान का उद्देश्य न केवल बीमारियों से सुरक्षा देना है, बल्कि स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैलाना है. कंपनी ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना उनकी प्रतिबद्धता है और यह प्रयास उसी दिशा में एक सार्थक पहल है.

**एक नजर**



### अडानी फाउंडेशन ने लगाया शिविर, 105 लोगों की हुई जांच

**बड़कागांव।** अडानी फाउंडेशन द्वारा गोंदलपूरा खनन परियोजना के तहत चंदौल और बड़कागांव प्रखंड मुख्यालयों में स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. चंदौल के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय और बड़कागांव के प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित इस शिविर में कुल 105 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 55 लाभार्थियों को निशुल्क आवश्यक दवाएं भी प्रदान की गईं. शिविर का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या माला कुमारी और कृष्णा कन्हैया को पुष्पगुच्छ देकर किया गया. प्राचार्यों ने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए लाभकारी बताया. शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कुमार और जेनरल फिजिशियन डॉ. रोहित कुमार ने स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक परामर्श दिया. छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को इससे काफी लाभ मिला. अडानी फाउंडेशन पूर्व में भी कृषि सहायता, छात्रवृत्ति वितरण, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चला चुका है. फाउंडेशन ने टीबी के 80 मरीजों को गोद लेकर उन्हें मासिक पोषण किट भी प्रदान किया है.

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन से भाजपा नेत्री ने की मुलाकात



**हजारीबाग ।** ओम् आरोहणम् संस्था की संस्थापिका, सदस्य दिशा (भारत सरकार), लायंस क्लब की अध्यक्ष सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल पहुंची. जहां झारखंड के आदिवासी समाज के पथप्रदर्शक एवं वरिष्ठ नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन इलाजरत हैं. उन्होंने गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की. इस दौरान उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर गुरुजी की स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली.मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा दिशोम गुरु शिबू सोरेन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं. उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ. पूरा झारखंड उनकी कुशलता के लिए चिंतित है और प्रार्थना कर रहा है.

### डीलर ने नहीं दिया राशन कार्डधारियों ने किया हंगामा

**चौपारण ।** चौपारण प्रखंड के चैथी पंचायत अंतर्गत तेतरिया गांव में जन वितरण प्रणाली को लेकर मंगलवार को जमकर बवाल हुआ. गांव के दर्जनों कार्डधारियों ने स्थानीय डीलर रवि बरनवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए पंचायत के मुखिया उपेंद्र उर्फ गुलाबी यादव के समक्ष हंगामा किया.ग्रामीणों का आरोप है कि डीलर द्वारा अंगूठा लगवाकर रसीद तो निकाल दी जाती है, लेकिन उसके बावजूद राशन नहीं दिया जाता. लोगों ने बताया कि पिछले महीने का राशन अभी तक नहीं मिला है. जब भी वे राशन लेने जाते हैं, डीलर बहाने बनाकर टाल देता है. कभी कहता है कि राशन खत्म हो गया है, तो कभी कहता है बाद में आना. इससे कार्डधारियों में भारी आक्रोश है. ग्रामीणों ने प्रशासन से इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है . गौरतलब है कि प्रखंड क्षेत्र में कई डीलरों द्वारा इस तरह की शिकायतें मिलती रही हैं, जो पर्ची निकालने के बाद भी कार्डधारियों को महीनों तक राशन नहीं देते. राशन मांगने पर कई बार लाभुकों से दुव्यवहार भी किया जाता है.

### नव झारखंड फाउंडेशन ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित




**हजारीबाग ।** नव झारखंड फाउंडेशन के तत्वधान में खिलड़ियों को सम्मान समारोह आयोजित धारा ढाबा मीरा रोड में किया गया. इस सम्मान समारोह में नेशनल टेनिस क्रिकेट अंपायरिंग में सफलता हासिल करने वाले चतरा झारखंड से प्रेम राणा , पिक्कल बॉल में नेशनल गोल्ड मैडल जीत चुके जिगर विश्वकर्मा पिता विनय विश्वकर्मा हजारीबाग झारखंड,और क्रिकेट में सुर्य कुमार यादव के साथ मुंबई प्रीमियर लीग में खेल चुके जिगर राणा पिता सुरेंद्र राणा, मुंबई में क्रिकेट खेल रही नेहा कुमारी पिता बिनोद राणा कोडरमा को नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा के नेतृत्व में धारा ढाबा में मीरा रोड में अंगवस्त्र और बुके देकर व सम्मानित किया गया. और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं. इस सम्मान समारोह के संचालन समाजसेवी सुमन रजक ने किया. इस समारोह में समाजसेवी ईश्वर गुप्ता , नव झारखंड फाउंडेशन के सचिव अमर सिंह ,अध्यक्ष युगल किशोर दांगी ,सदस्य तिलेश्वर् यादव ,धारा ढाबा के मैनेजर अभय तिवारी, पाली विलेज ढाबा के मैनेजर राशिद जी आदि उपस्थित थे.

### शिक्षा निकेतन हाईस्कूल में लगा निशुल्क दंत जांच शिविर



**हजारीबाग ।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के बाल दंत चिकित्सकों के द्वारा कोर्रा स्थित शिक्षा निकेतन हाई स्कूल को निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन हुआ. विद्यालय के बच्चे, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण सहित कई जरूरतमंद मरीजों ने निशुल्क दंत जांच शिविर का लाभ उठाया. जिसमें 250 से अधिक स्कूली बच्चे एवं अन्य जरूरतमंदों ने शिविर में जांच एवं उपचार करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया. हजारीबाग डेंटल कॉलेज द्वारा लगाए गए निशुल्क दंत जांच शिविर की प्रशंसा कर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति कृतज्ञ व्यक्त किया. मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के डॉ सौर्य गुप्ता, पीजी की छात्रा डॉ अनय शैलानी उराँव, डॉ मंशी महाराज, अंतिम वर्ष की छात्रा साक्षी मिश्रा, रक्षंदा औकाब, प्रियांशी प्रीत, साफिया प्रवीण, फुलकेरिया पुरती एवं अभिषेक कुमार ने अपना सरहानीय योगदान दिया.

### डीडीसी ने की कई विभागों के कार्यों की समीक्षा



**चतरा।** जिला समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजना की प्रगति की समीक्षा तथा जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक में जिले में बाल संरक्षण से संबंधित सभी इकाइयों–जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बाल देखरेख संस्थान एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रगति की समीक्षा की गई.जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद ने मिशन वात्सल्य योजना के उद्देश्य और क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना 18 वर्ष से कम आयु के असहाय, परित्यक्त, जोखिमग्रस्त या कानूनी उलझन में फंसे बच्चों की सुरक्षा, देखभाल और पुनर्वास हेतु कार्य करती है.सिविल सर्जन को बाल गृह में मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच और दिव्यांग प्रमाण-पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया गया. वहीं शिक्षा विभाग को बाल गृह एवं बाल श्रमिकों के नामांकन को प्राथमिकता देने को कहा गया. बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बाल संरक्षण से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित थे.

**ब्रीफ न्यूज**

### सांप काटने से बच्चे की मौत, गांव में शोक

**सिमडेगा/बानो।** बानो प्रखंड के सोय पंचायत अंतर्गत ग्राम सिजांग गिरजा टोली में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया. सुबह लगभग 3 बजे ओसिस जड़िया नामक बालक को विषैले सांप ने डंस लिया. परिजन उसे गंभीर स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो गया और बच्चे का शव पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा गया. घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है. मौके पर बानो जिप सदस्य बिरजो कंडुलना, विश्वनाथ बड़ाईक, तनवीर हुसैन, तुरतन गुड़िया, अमित बडिंग, जगदीश बागे, कामिल डांग सहित थाना प्रभारी बानो, एसआई ललन कुमार एवं एएसआई सत्यनारायण कुमार पहुंचे .

### इटकी में विक्षिप्त युवक की हत्या

**इटकी।** थाना क्षेत्र के मलार गांव में सोमवार की देर रात लाठी डंडा से पीट पीटकर एक विक्षिप्त युवक की हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान मलार गांव के 37 वर्षीय शनिचरवा लकड़ा , पिता गणेश लकड़ा के रूप में की गई है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पंचनामा कर पोस्मार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सोमवार की देर रात समीर तिर्की के घर का ताला को पत्थर से मार कर तोड़ने का प्रयास कर रहा था. आवाज सुनकर समीर तिर्की अपने पुत्र अनीस तिर्की के साथ घर से बाहर निकला और मृतक के साथ झड़प हो गया. इसके बाद पिता पुत्र ने लाठी डंडा से पीट पीटकर शनिचरवा लकड़ा को गंभीर रूप से घायल कर दिया.

### सेविका का किया गया चयन

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखण्ड के कैरो मुस्लिम टोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को सेविका चयन को लेकर मुखिया बीरेंद्र महली की अध्यक्षता में महिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सोनिया मंजुल ठाकुर व पर्यवेक्षिका निशु महतो की उपस्थिति में एक बैठक की गई.बैठक में सर्वसमिति से सेविका के रूप में पूर्व में कार्यरत सेविका स्व नसीमा खातून जिसका विगत 22 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया था उनकी बहू रुबीना खातून का चयन किया गया.मौके पर महिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने सेविका चयन प्रक्रिया की जानकारी दी . मौके पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, वार्ड सदस्य सागर सोनी, एएनएम राजमणि कुमारी, मनान खान, सेविका अखतरुन खातून, खुर्शीदा खातून, मंजु लकड़ा,कोयल उरांव, सईदा खातून, सहायिका रौशन खातून, तम्मना खातून, रूबी खातून, आदि उपस्थित थे.

### कोडरमा कोर्ट परिसर से बाइक चोरी, पुलिस कर रही है छानबीन

कोडरमा। जिले में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं से आम जनता में दहशत का माहौल है. मंगलवार को एक और वारदात सामने आई, जब कोडरमा थाना क्षेत्र स्थित कोर्ट परिसर के बाहर से अज्ञात चोरों ने एक स्प्लेंडर प्रो बाइक चोरी कर ली. मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा निवासी राजेश दास अपने साले अजय दास (निवासी - रूपनडीह, डोमचांच) की बाइक संख्या जेएच 12एल/0411 लेकर कोर्ट आए थे. राजेश ने बताया कि वह कोर्ट गेट के सामने बाइक खड़ी कर अपने वकील से मिलने गए थे. लौटने पर बाइक गायब मिली. उन्होंने कोडरमा थाना को इसकी जानकारी दी. स्थानीय लोगों का कहना है कि कोडरमा थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से बाइक चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन चोरों पर लगाम नहीं लग पा रही है.

साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस पर आए 40 मामले, डीसी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

## महिला मंडल से डेढ़ लाख की ठगी, डीसी से लगाई गुहार

**शुभम संदेश ।गुमला**



उपायुक्त कार्यालय में मंगलवार को संपन्न साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने जनता की समस्या सुनी और त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित कर दिया.

अपनी समस्या लेकर पहुंचे चेटर के दशरथ बाड़ा ने भारत माला प्रोजेक्ट में अधिग्रहित लगभग दो एकड़ जमीन के एवज में मुआवजा के लिए आवेदन किया है. दो दिव्यांगो ने आवेदन देकर बैटरी चलित तीन पहिया साइकिल की मांग की है.

पुग्गू खोपाटोली निवासी अविनाश मिंज ने आवेदन देकर कहा है कि उसके खेत में पीएचइडी विभाग द्वारा दूषित पानी छोड़ा जा रहा है. जिससे खेती किसानी कार्य में समस्या आ रही है. शास्त्री नगर निवासी नागो बाखला ने भी कहा कि उसके घर में भी दूषित पानी छोड़ दिया गया है.

उन्होंने समस्या के समाधान के लिए अनुरोध किया. एकता महिला मंडल, उर्मी टीराटोली डूमरडीह के सदस्यों ने तुलसी गोप नामक व्यक्ति पर झूठ बोलकर महिला मंडल से एक लाख पचास हजार रुपए की ठगी कर ने की शिकायत की है. जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर लगभग 40 आवेदन प्राप्त हुए.

### 115 युवा क्लबों को दी गई 25-25 हजार की सहायता

**शुभम संदेश ।गुमला**

युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें खेल तथा पर्यटन के रचनात्मक क्षेत्रों से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. जिसमें जिला खेल एवं पर्यटन विभाग ने सिद्दो-कान्हू युवा खेल क्लब योजना के तहत 115 क्लबों को 25,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की है.

इस राशि का उपयोग स्थानीय स्तर पर खेलों के विकास, खेल सामग्री की खरीद और प्रशिक्षण गतिविधियों के लिए किया जाएगा. कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त गुमला, दिलेश्वर महतो ने युवाओं को इस राशि का उचित उपयोग करने की सलाह दी और प्रशासन की प्रतिबद्धता की जानकारी दी.

कार्यक्रम के दूसरे भाग में पर्यटन विभाग ने स्थानीय फोटोग्राफरों और गाइड्स को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया. अंकित साहू और अभिषेक कुमार को प्रोफेशनल टूरिस्ट फोटोग्राफर के रूप में मान्यता दी गई, जबकि अमित उरांव को पर्यटक गाइड के रूप में सम्मानित किया गया.

इस पहल से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और जिले की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिलेगी. यह कदम आने वाले समय में गुमला जिले के पर्यटन को और अधिक व्यवस्थित और समृद्ध बनाने में सहायक होगा. इस प्रकार की पहलुओं से युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्राप्त होगा.

स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

## मुख्य समारोह को लेकर बनी प्रशासनिक रुपरेखा

**शुभम संदेश ।गुमला**



स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में स्वतंत्रता दिवस की रूपरेखा तैयार की गई और समारोह के भव्य आयोजन पर चर्चा की गई.

उपायुक्त ने अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए अनुशासित व प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित करने और देश भक्ति की गरिमा को बरकरार रखने पर बल दिया. उपायुक्त ने कहा कि 15 अगस्त को ड्राई डे घोषित रहेगा.

उस दिन मांस की बिक्री पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया गया. बैठक में स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों को सम्मान देने का भी निर्णय लिया गया. पुलिस अधीक्षक ने परेड का पूर्वाभ्यास, अनुशासन और बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी पर बल दिया. पूर्वाभ्यास के दौरान भी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

समन्वय व सतर्कता के साथ कार्य करने की अपील की गई. कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था, साफ-सफाई, रंग-रोगन, मंच निर्माण, विद्युत व्यवस्था, ध्वनि प्रणाली एवं सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने की संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया. सहायक निदेशक सामान्य शाखा ललन कुमार रजक ने ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, माल्यार्पण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पुरस्कार वितरण आदि की जानकारी दी.

बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, एसडीओ सदर, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, नगर परिषद प्रतिनिधि, सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी सहित सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे.

छह दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न

## 50 विद्यालयों के शिक्षकों ने ली मूल्यांकन पद्धति की जानकारी



**शुभम संदेश .लोहरदगा**

झारखंड राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित पलाश-बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु चिन्हित 50 विद्यालयों के चयनित शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 17 से 22 जुलाई तक डायट चिरी, लोहरदगा में किया गया, जो सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया.प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक -कम- जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार, एपीओ एम्लेन सुरिन एवं डायट प्राचार्य प्रभारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.प्रशिक्षण को तकनीकी सहयोग टीम से प्राप्त हुआ।इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को पलाश एमएलई कार्यक्रम के तहत विकसित नई पाठ्यपुस्तकों एवं शिक्षक संदर्शिका के प्रयोग पर दक्ष बनाना तथा कक्षा में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु तैयार करना था.प्रशिक्षण में मौखिक गणित, पठन कौशल, लेखन गतिविधियाँ, साप्ताहिक योजना, अभ्यास पुस्तिका, खेल के माध्यम से गणित शिक्षण, मूल्यांकन, ट्रैकर साइन प्रक्रिया आदि विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।शिक्षकों ने समूहों में पाठ योजना तैयार की, प्रस्तुतिकरण दिया और फीडबैक के माध्यम से सुधार किया.सभी 50 विद्यालयों को पाठ्यपुस्तकें एवं संदर्शिका वितरित की गई।डीएसई अभिजीत कुमार ने मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा की महत्ता बताते हुए शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे कक्षाओं में इस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करें.

## रोजगार सेवक की घूसखोरी पर डीसी का एक्शन: जांच में आरोप साबित

खबर का असर



**शुभम संदेश। चतरा (पत्थलगड़ा)**

सिंघानी पंचायत में तैनात रोजगार सेवक टेकनारायण राम पर लगे गंभीर आरोपों की जांच मंगलवार को डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी द्वारा की गई. यह कार्रवाई उपायुक्त कीर्तिश्री के निर्देश पर की गई, जो विभिन्न अखबारों में प्रकाशित खबरों के आधार पर की गई थी. ग्रामीणों ने रोजगार सेवक पर घूस मांगने, योजनाओं में बाधा पहुंचाने और लाभुकों से दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाए थे. निदेशक ने पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय पहुंचकर लाभुकों और ग्रामीणों से शिकायतों की विस्तृत जानकारी ली तथा योजनाओं से संबंधित दस्तावेजों की जांच की. ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार सेवक कार्य दिलाने, जियो टैगिंग और मजदूरी भुगतान के एवज में अनैतिक पैसे की मांग करता है. पैसे नहीं देने पर काम रोक दिया जाता है. साथ ही यह भी कहा गया कि टेकनारायण राम अपनी गृह पंचायत में पदस्थापित हैं, जिससे पक्षपात और द्वेष की स्थिति बनती है. डीआरडीए निदेशक ने कहा कि अखबारों में प्रकाशित बिंदुओं का सत्यापन कर लिया गया है और आरोप सही पाए गए हैं. उन्होंने बताया कि जांच प्रतिवेदन शीघ्र उपायुक्त को सौंपा जाएगा ताकि आवश्यक कार्रवाई हो सके. इस जांच से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि अब मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी और पात्र लाभुकों को समय पर लाभ मिलेगा. मौके पर जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, प्रमुख मनीषा कुमारी, बीडीओ उदल मौजूद थे.

### दिव्यांगजनों के अधिकारों को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित

**पिपरवार (चतरा)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती नेहरू आदर्श विद्यालय में मंगलवार को दिव्यांगजनों के अधिकारों को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम चतरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निर्देशानुसार आयोजित किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे. कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और उपलब्ध विधिक सहायता की जानकारी देना था. शिविर में मौजूद बच्चों और दिव्यांगजनों को बताया गया कि वे किस प्रकार मुफ्त कानूनी सहायता का लाभ ले सकते हैं और सरकार की ओर से उनके लिए किन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है. इस अवसर पर पीएलवी (पैरा लीगल वॉलेंटियर) शिव कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से इस प्रकार के जागरूकता शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है, ताकि समाज के हाशिए पर रहने वाले दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया जा सके.

### जेएलकेएम ने जर्जर रोड पर धनरोपणी कर जताया विरोध



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राय-बचरा मुख्य मार्ग की जर्जर हालत को लेकर मंगलवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (खलारी प्रखंड कमेटी) ने अनोखे ढंग से विरोध प्रदर्शन किया. पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में धानरोपणी कर विरोध जताया और जमकर नारेबाजी की. इस मौके पर पार्टी नेताओं ने कहा कि राय से बचरा तक की सड़क लंबे समय से बदहाल स्थिति में है. जगह-जगह गड्ढे हो जाने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. इसके बावजूद प्रशासन, स्थानीय सांसद और विधायक इस ओर कोई ठोस पहल नहीं कर रहे हैं. पार्टी ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जा रहा विकास का दावा पूरी तरह से खोखला है. वहीं, सीसीएल प्रबंधन भी इस गंभीर समस्या की लगातार अनदेखी कर रहा है. पार्टी के रांची जिला मंत्री रतिया गंझु ने चेतावनी दी कि यदि जल्द इस सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, तो झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा. कार्यक्रम में रांची जिला उपाध्यक्ष दीपक महतो, खलारी प्रखंड अध्यक्ष तोहिद अंसारी, पश्चिम जिला सचिव नरवंदरा महतो, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष कृष्णा कुमार, एसटी मोर्चा अध्यक्ष मुन्ना गंझु, उमेश यादव, विजय प्रजापति, अनुज कुमार, लखनलाल महतो शामिल थे.

### शॉट सर्किट के कारण एसएनसीयू वार्ड में चिकित्सा सेवा बंद

**गुमला।** गुमला सदर अस्पताल का एसएनसीयू वार्ड में फिलहाल चिकित्सा सेवा बंद कर दिया गया है. जिससे नवजात शिशु के इलाज में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. एनएचसीयू वार्ड में चिकित्सा व्यवस्था बंद का का कारण वार्ड में बिजली आपूर्ति बंद होना बताया जा रहा है. एसएनसीयू वार्ड में मंगलवार दोपहर में शॉट सर्किट होने की बात कही जा रही है. वार्ड में बिजली ठप हो गई है. एनएससीयू वार्ड में मानक के प्रतिकूल नवजात शिशु को रखा जाता है. इसका उपकरण विद्युत चालित होता है. बिजली नहीं होने के कारण एसएनसीयू वार्ड में चिकित्सा सेवा बंद कर दिया गया है. उपाधीक्षक डा. अनुपम किशोर ने कहा नवजात के परोपर देखभाल के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है.

**मीटिंग** पिपरवार क्षेत्र के संगम विहार क्लब में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

## मजदूरों की सुरक्षा पर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**शुभम संदेश। पिपरवार**



पिपरवार क्षेत्र के संगम विहार क्लब में मंगलवार को द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. बैठक में सीसीएल के स्थानीय अधिकारी, यूनियन प्रतिनिधि और आउटसोर्सिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. बैठक की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक (जीएम) संजीव कुमार ने की, जबकि संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल ने किया. बैठक की शुरुआत कोल इंडिया के कॉर्पोरेट गीत से की गई और कोयला उद्योग में शहीद हुए मजदूरों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया.

एरिया सेफ्टी ऑफिसर पंकज कुमार चौधरी ने सभी उपस्थित अधिकारियों और प्रतिनिधियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया. बैठक में खदान और मजदूरों की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर गहन चर्चा हुई. साथ ही पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों और प्रस्तावों की समीक्षा भी की गई. बैठक में खदान व पार्किंग क्षेत्र में लाइटिंग की व्यवस्था, हॉल रोड व रेस्ट सेल्टर का निर्माण, कैंटीन और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, मजदूरों के लिए जूते, टोपी और सुरक्षा किट उपलब्ध कराने जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई. इसके अलावा आवासीय कॉलोनियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट, जर्जर सड़कों की मरम्मत, विद्युत आपूर्ति, और बचरा अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन, महिला चिकित्सक की नियुक्ति, पारा मेडिकल स्टाफ व समुचित दवाइयों की उपलब्धता जैसे स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया.

बैठक के दौरान अशोक परियोजना के खान प्रबंधक दिलीप कुमार आनंद ने प्रोजेक्ट स्क्रीन के माध्यम से सीसीएल द्वारा किए जा रहे सुरक्षा उपायों की जानकारी दी. महाप्रबंधक संजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ₹मजदूरों की सुरक्षा सर्वोपरि है. सुरक्षा के साथ बेहतर उत्पादन हमारी प्राथमिकता है.₹ उन्होंने यह भी कहा कि पिपरवार क्षेत्र में सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन किया जा रहा है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने यह भी बताया कि समय-समय पर इस तरह की बैठकों से सुरक्षा संबंधी विषयों की समीक्षा और समाधान संभव हो पाता है. मजदूरों की जागरूकता के कारण ही खदानों में दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आई है.

बैठक में संजीव कुमार (महाप्रबंधक), जितेन्द्र कुमार सिंह (अशोका पीओ), दिलीप कुमार आनंद (खान प्रबंधक), नागेश कुमार गोपाल (कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी), पंकज कुमार चौधरी (स्टॉफ ऑफिसर सेफ्टी), कुदंन कुमार (स्टॉफ ऑफिसर सिविल), डीके शर्मा (स्टॉफ ऑफिसर पीएंडपी), अनिमेष ठाकुर (स्टॉफ ऑफिसर फाइनेंस), जगदीश मंडल (एरिया सर्वेयर), धीर प्रताप सिंह (साइडिंग मैनेजर), डॉ. संजीव कुमार (मेडिकल ऑफिसर), शिशिर गर्ग (कार्मिक प्रबंधक) तथा विभिन्न यूनियन प्रतिनिधी शामिल थे.

### विक्षिप्त व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी

**जयनगर (कोडरमा)।** केटीपीएस बाँझेडीह के पास मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. स्थानीय ग्रामीणों ने शव देखकर तुरंत जयनगर थाना पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही एसआई प्रतीत टोपनो पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया है. थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह ने बताया कि शव की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है. उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार मृतक व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त था और इलाके में इधर-उधर घूमता रहता था. वह लोगों से मांगकर जीवनयापन करता था. फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है और मृतक की पहचान की कोशिश की जा रही है.

## एक नजर



### दुकान से 15 पेटी शराब व 60 हजार नगद की चोरी

**गुमला ।** पालकोट के बिलिंगबिरा रोड स्थित लाइसेंसी शराब दुकान में सोमवार की रात लगभग 15 पेटी अंग्रेजी शराब और साठ हजार रुपये नगद की चोरी हुई है. चोरों ने शराब दुकान का दरवाजा और शटर का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. दुकान में सीसीटीवी कैमरा नहीं होने का चोरों ने लाभ उठाया और चोरी कर भागने में सफल हो गए. शराब दुकान संचालक राजेश कुमार केसरी व ऋषभ केसरी ने मंगलवार की सुबह घटना की सूचना पालकोट थाना प्रभारी राहुल कुमार को दी. थाना प्रभारी ने घटना स्थल का मुआयना किया. दुकान संचालक राजेश कुमार केसरी ने थाना प्रभारी को बताया कि वे सोमवार को दुकानदारी की. उसके बाद शाम में दुकान बंद कर घर चले गए. सुबह उन्हें सूचना मिली कि शराब दुकान का ताला टूटा है और शराब की बोतल बाहर बिखरा हुआ है. मैं तत्काल अपना दुकान पहुंचा जहां देखा कि दुकान का दरवाजा का ताला टूटा है और दुकान के बाहर शराब की पांच बोतल फेंका पड़ा है. चोरों ने शराब और लॉकर में रखे 60 हजार रुपये को लॉकर सहित चोरी किया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### तीर्थ यात्रा से लौटने पर भोगता समाज ने किया स्वागत



**गुमला ।** अमरनाथ और वैष्णो देवी का दर्शन कर 14 दिन के तीर्थ यात्रा के बाद घर लौटे खरवार भोगता समाज विकास संघ दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता व उनके परिवार के सदस्यों का खरवार भोगता समाज विकास संघ की ओर से गुमला के पालकोट रोड स्थित कार्यालय में भावपूर्ण स्वागत किया गया. स्वागत करने वालों में खरवार भोगता समाज विकास संघ के अध्यक्ष जीतू प्रधान, सचिव भरत प्रधान, हीरा प्रधान, शिव शंकर सिंह, विक्रम भोगता, प्रवीण प्रधान, सुदर्शन भोगता, सुनीता कुमारी आदि शामल थे. इन लोगों ने तीर्थ यात्री मंगल सिंह भोगता, पत्नी देवकी देवी, रीझेन देवी, बेटी वैष्णवी सिंह को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर स्वागत सम्मान किया. स्वागत कार्यक्रम में मंगल सिंह भोगता भावुक हो गए और रुधे आवाज में भोगता परिवार के प्रति आभार प्रकट किया.

### सिमडेगा पत्रकार संघ ने किया जिले भर में पौधरोपण

**सिमडेगा।** विश्व आम दिवस के अवसर पर मंगलवार को सिमडेगा पत्रकार संघ के तत्वावधान में जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखंडों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य कार्यक्रम इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम परिसर में हुआ, जहां कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, एसपी एम अर्शी, डीएफओ शशांक शेखर, डीडीसी दीपांकर चौधरी, डीएसपी रणवीर सिंह, डीपीआरओ पलटू महतो समेत कई अधिकारियों और पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने चंदन, आम, आंवला जैसे पौधे लगाए.कार्यक्रम के बाद पत्रकार संघ के सदस्य जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे, पत्रकार संघ अध्यक्ष आशीष शास्त्री और सचिव दीपक अग्रवाल ने जीवन में वृक्षों की अहमियत पर प्रकाश डाला.

### चान्हो पुलिस ने नदी किनारे से शव बरामद किया

**चान्हो।** रघुनाथपुर पंचायत अंतर्गत नावाडीह से होकर बहने वाली कोयल नदी से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। घटना मंगलवार दोपहर की है. नदी किनारे पहुंचे एक व्यक्ति ने नदी के अंदर झाड़ी में फंसे हुए शव को देखा, इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. देर शाम काफी मशक्कत करने के बाद पुलिस नदी से शव को निकालने में सफल हुई. पुलिस के अनुसार शव कहीं से बहकर आई प्रतीत होता है .शव एक सप्ताह से भी अधिक पहले की लग रही है.

### सिमडेगा स्थायी समिति व विकास समिति की हुई बैठक

सिमडेगा। जिला परिषद सभागार में मंगलवार को जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती रोजलिया सांता कंडुलना की अध्यक्षता में स्थायी समिति एवं विकास समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में भवन निर्माण, पेयजल एवं स्वच्छता, विशेष प्रमंडल एवं जिला परिषद की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई.अध्यक्ष ने उपस्थित सभी कार्यपालक अभियंताओं को निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित निगरानी करें और निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें. जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान खराब सोलर पंप, हैंडपंप आदि की मरम्मत शीघ्र कराने और कचरा उठाने वाली गाड़ियाँ एवं साइकिलों के संचालन को सक्रिय करने पर जोर दिया गया. साथ ही नाडेप खाद गड्ढों की उपयोगिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.बैठक में एनआरपी, आरईओ, लघु सिंचाई, विद्युत प्रमंडल और खनन विभाग के अभियंताओं की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई गई तथा उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया.बैठक में जिला परिषद सदस्य श्रीमती सोनी कुमारी पैकरा, जोशीमा खाखा, समरोम पॉल तोपनो और बिरजो कंडुलुना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

### चचेरे भाई को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार

**मांडर।** मांडर पुलिस ने हत्या की कोशिश के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नौशाद अंसारी (उम्र 20 वर्ष), पिता मुद्दीन अंसारी, निवासी चचकोपी गांव, थाना बेड़ो को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. आरोपी पर अपने ही चचेरे भाई नबी हुसैन अंसारी को गोली मारने का गंभीर आरोप है.जानकारी के अनुसार, बेड़ो थाना क्षेत्र के चचकोपी गांव निवासी नबी हुसैन अंसारी को टांगरबसली स्टेशन के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोली मार दी थी. घायल को स्थानीय लोगों की मदद से मांडर स्थित कॉनस्टेंट लीवंस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों ने बताया कि उसे पेट में गोली लगी है.मामले की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने जब पूछताछ की तो परिजनों ने नौशाद अंसारी पर हमला करने का आरोप लगाते हुए बेड़ो थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक, खलारी के निर्देश पर थाना प्रभारी मांडर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया.टीम ने संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर आरोपी नौशाद को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस (7.5 एमएम और 8 एमएम), एक मैगजीन बरामद की. फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है.

### जर्जर सड़क की होगी मरम्मत, एसडीओ ने किया निरीक्षण



**पिपरवार (चतरा)।** बचरा पंचवटी पुल से लेकर बचरा बस्ती तक की जर्जर सड़क की मरम्मत अब डीएमएफटी फंड से कराई जाएगी. इस संबंध में मंगलवार को आरईओ के एसडीओ आलोक चौधरी ने प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय प्रतिनिधियों और अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली और निर्माण कार्य को लेकर दिशा-निर्देश भी दिए. यह सड़क बचरा पंचवटी पुल से शुरू होकर बचरा बस्ती मंदिर होते हुए चमन महतो के घर तक जाती है, जिसकी हालत काफी खराब हो चुकी है. स्थानीय लोगों ने इस जर्जर सड़क की शिकायत बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी से की थी. विधायक ने इसे गंभीरता से लेते हुए चतरा में आयोजित दिशा समिति की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था. इसके परिणामस्वरूप अब इस सड़क के मरम्मत और पीसीसी पथ निर्माण की स्वीकृति डीएमएफटी फंड से मिली है. एसडीओ आलोक चौधरी ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू होगा और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा.

शुभम संदेश
रांची, बुधवार 23 जुलाई, 2025



**मंथन**

## उपराष्ट्रपति धनकड़ का इस्तीफा मर्यादा या कुछ और

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अचानक इस्तीफा राष्ट्र को आश्चर्य में डालने वाला है, परंतु यह निर्णय उनकी व्यक्तिगत स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के अनुरूप है. उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 67(क) का हवाला देते हुए तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र देकर यह स्पष्ट कर दिया कि सार्वजनिक जीवन में सेवा की सीमा, निजी स्वास्थ्य के आगे नहीं हो सकती. धनखड़ का इस्तीफा केवल एक संवैधानिक पद से हटना नहीं है, बल्कि यह राजनीतिक गरिमा और कृतज्ञता की एक मिसाल भी है. अपने पत्र में उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्री परिषद और संसद के सदस्यों के प्रति जो आभार प्रकट किया है, वह उनके समन्वयवादी, मर्यादित और विनम्र आचरण का प्रमाण है. उन्होंने जिस तरह अपने कार्यकाल को गर्व और संतोष का विषय बताया और भारत की प्रगति के प्रति अपने गर्व और आस्था को दोहराया, वह एक सच्चे राष्ट्रसेवक की भावना को दर्शाता है. धनखड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान भारतीय संसद के गरिमामयी संचालन और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उन्होंने उच्च सदन की मर्यादा को बनाए रखते हुए संतुलन और संवाद के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाने का कार्य किया. उनके योगदान और कार्यशैली आने वाले उपराष्ट्रपतियों के लिए एक मानदंड के रूप में बनी रहेगी. उनकी विदाई एक शालीनता और संवेदनशीलता का उदाहरण है, जिसकी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सदैव सराहना की जाएगी. हालांकि अचानक इस इस्तीफे से राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह के कयास हैं, जिनकी परतें शायद धीरे-धीरे आगे खुलेंगी.

**नजरिया**

## बोकारो स्टील सिटी में समन्वय से खुलेंगे सधे विकास के रास्ते

मुख्य सचिव अलका तिवारी द्वारा बोकारो स्टील सिटी को लेकर बैठक में उठाए गए मुद्दे झारखंड के औद्योगिक विकास और सामाजिक संतुलन के बीच समन्वय की जरूरत को रेखांकित करते हैं. बोकारो स्टील प्लांट एक राष्ट्रीय संपत्ति है, लेकिन इसके विकास की प्रक्रिया में स्थानीय जनभावनाओं की उपेक्षा गंभीर असंतोष का कारण बन सकती है. इसीलिए संवाद, समस्याओं की पहचान और समाधान पर बल देना प्रशासनिक दूरदर्शिता को दर्शाता है. बैठक में विस्थापितों, पुनर्वास से वंचित गांवों और पंचायत पुनर्गठन जैसे मुद्दों पर चर्चा स्वागतयोग्य कदम है. यह स्पष्ट है कि अब केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि समयबद्ध क्रियान्वयन और ज़मीनी संवाद आवश्यक है. मुख्य सचिव द्वारा जवाबदेही के साथ आपसी विश्वास और सौहार्द की बात करना एक सकारात्मक संदेश है जो उद्योग और जनसरोकारों के बीच पुल बनाता है. 756.94 एकड़ अप्रयुक्त वन भूमि को लौटाने के मामले में भी प्रशासनिक सक्रियता दिखी है. सीमांकन और पिलरिंग की प्रक्रिया को लेकर वन विभाग और सेल के बीच बनी सहमति से यह स्पष्ट है कि इच्छाशक्ति हो तो समाधान संभव है. अब जरूरत है कि इस दिशा में तेज़ी लाई जाए ताकि यह मामला विलंब का शिकार न हो. बैठक में उठे बिंदु और लिए गए निर्णय इस दिशा में सकारात्मक पहल हैं. प्रशासन, उद्योग और जनता-तीनों के बीच भरोसे और संवाद की निरंतरता ही बोकारो के टिकाऊ विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी.

# धनकड़ का इस्तीफा: शब्द कम, संदेश गहरे

बृजेंद्र दुबे



**यह इस्तीफा संविधान सम्मत विद्रोह जैसा है, जिसमें शब्द कम संदेश बहुत गहरे हैं.**

भारत के संवैधानिक इतिहास में सोमवार, 22 जुलाई 2025 की रात एक असाधारण मोड़ लेकर आई. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया. यह इस्तीफा ऐसे समय आया, जब संसद का मानसून सत्र शुरू ही हुआ था और उसी दिन धनखड़ ने राज्यसभा की कार्यवाही भी संचालित की थी. उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखते हुए अपने त्यागपत्र का कारण स्वास्थ्य को प्राथमिकता और चिकित्सीय सलाह बताया. हालांकि उन्होंने इसे पूरी तरह व्यक्तिगत निर्णय के रूप में प्रस्तुत किया, लेकिन जिस तरह से घटनाएं घटीं, उससे यह निर्णय केवल स्वास्थ्य कारणों तक सीमित नहीं दिखता.इस इस्तीफे ने राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं और अटकलों का भूचाल खड़ा कर दिया है.

जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की समयावधि और उनकी हालिया गतिविधियां सवाल खड़े करती हैं. महज 11 दिन पहले, 10 जुलाई को उन्होंने दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के एक कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से कहा था कि अगर ईश्वर की कृपा रही तो मैं अगस्त 2027 में अपने कार्यकाल की समाप्ति के साथ सेवानिवृत्त हो जाऊंगा. यह बयान उनके स्पष्ट इरादों को दर्शाता था कि वे पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे. मगर सोमवार को ठीक इसके उलट उन्होंने कार्यकाल के दो साल शेष रहते हुए इस्तीफा दे दिया.

मार्च और जून में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आने के बावजूद, धनखड़ ने कार्य जारी रखा और यहां तक कि 10 जुलाई को उन्होंने अपने भविष्य की योजना भी सार्वजनिक की. फिर ऐसा क्या हुआ कि महज 11 दिन में उनका रुख पूरी तरह बदल गया? माना जा रहा है कि राज्यसभा में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने संबंधी विपक्ष के प्रस्ताव को स्वीकार करना केंद्र सरकार को रास नहीं आया. यह प्रस्ताव एक संवेदनशील और गंभीर मुद्दे से जुड़ा था, और माना जा रहा है कि इस पर धनखड़ ने न तो सत्ता पक्ष से सलाह ली, न ही उस पर कोई 'मंदी' दिखाई. इससे सत्ता पक्ष में नाराजगी बढ़ी. जेपी नड्डा द्वारा राज्यसभा में दिए गए उस बयान को भी इसी कड़ी में देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने विपक्षी शोरगुल के दौरान चेयर का अपमान जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया. हालांकि बाद में उन्होंने सफाई दी कि उनका इरादा उपराष्ट्रपति की आलोचना नहीं था, लेकिन राजनीतिक संकेत स्पष्ट था.

इस सबके बीच सोमवार को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की दो बार बैठक हुई, जिसमें सत्ता पक्ष के मुख्य रणनीतिक नेताओं-जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू की अनुपस्थिति रही. बताया गया कि सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने धनखड़ से मीटिंग को अगले दिन के लिए स्थगित करने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया. इस घटनाक्रम ने उनकी नाराजगी को और गहरा कर दिया. जगदीप धनखड़ को भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2022 में उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया था. इससे पहले वे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में ममता बनर्जी सरकार से लगातार टकराव में रहे. उनकी छवि एक सख्त प्रशासक और भाजपा की विचारधारा के प्रखर प्रवक्ता की रही है. उपराष्ट्रपति बनने के बाद, उन्होंने अपेक्षाकृत संतुलित रवैया अपनाया और राज्यसभा के सभापति के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया.

हालांकि, हाल के दिनों में उन्होंने संसद में शालीनता, अनुशासन और दलगत टकराव को कम करने की सार्वजनिक रूप से वकालत की थी. उन्होंने सदन की गरिमा को बनाए रखने के लिए सत्ता और विपक्ष दोनों से संयम की अपील की थी. यह भूमिका कुछ हद तक उनके राजनीतिक करियर की परंपरागत शैली से अलग थी और शायद यही बदलाव सत्ता पक्ष को असहज कर रहा था. धनखड़ स्वतंत्र भारत के तीसरे उपराष्ट्रपति हैं जिन्होंने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया. इससे पहले वीवी गिरि ने 1969 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया था और कृष्ण कांत का 2002 में कार्यकाल के दौरान ही निधन हो गया था. इन दोनों इस्तीफों की प्रकृति स्पष्ट व अपरिहार्य थी,जबकि धनखड़ का इस्तीफा एकाएक, संदिग्ध और राजनीतिक रूप से संभावनाशील प्रतीत होता है. धनखड़ के इस कदम से न केवल एनडीए के भीतर संभावित दरारों की ओर संकेत मिलता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्ति जब सत्ता पक्ष से असहज हो जाते हैं, तो उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है. यह हमारे लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय भी है, क्योंकि संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और गरिमा का संरक्षण किसी भी सत्ताधारी दल से ऊपर होना चाहिए. हालांकि, यह कहना जल्दबाज़ी होगी कि धनखड़ और भाजपा के बीच कोई टकराव है, लेकिन उनका इस्तीफा यह ज़रूर दिखाता है कि अब वे पूरी तरह मौन नहीं रहना चाहते थे. यह इस्तीफा एक संविधान सम्मत विद्रोह जैसा है, जिसमें शब्द कम हैं, लेकिन संदेश बहुत गहरे. दिलचस्प बात यह है कि इस इस्तीफे पर सत्तारूढ़ दल की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है.

**यह इस्तीफा भारतीय लोकतंत्र के लिए एक चेतावनी है-कि संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादा तब ही अक्षुण्ण रह सकती है, जब उन पर बैठे व्यक्ति राजनीतिक दबावों से मुक्त रह कर स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें. धनकड़ ने यही संदेश देने की कोशिश की है.**

जगदीप धनखड़ का इस्तीफा औपचारिक रूप से एक स्वास्थ्य-आधारित निर्णय हो सकता है, लेकिन इसकी राजनीतिक पृष्ठभूमि को नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता. सत्ता पक्ष से संवादहीनता, संवैधानिक अधिकारों के प्रयोग को लेकर असहजता और संसद में बढ़ते राजनीतिक तनाव ने संभवतः उन्हें यह कदम उठाने पर विवश किया. अब जबकि उन्होंने यह गरिमामयी पद छोड़ दिया है, यह देखना दिलचस्प होगा कि वे राजनीति से संन्यास लेंगे या फिर किसी नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत करेंगे. जो भी हो, यह इस्तीफा भारतीय लोकतंत्र के लिए एक चेतावनी है-कि संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादा तब ही अक्षुण्ण रह सकती है, जब उन पर बैठे व्यक्ति राजनीतिक दबावों से मुक्त रहकर स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें. धनखड़ ने अपने तरीके से यही संदेश देने की कोशिश की है.

**आज का इतिहास**

- 1856: तिलक, गणितज्ञ, दार्शनिक और राष्ट्रवादी बाल गंगाधर का जन्म हुआ.
- 1898: ज्ञानपीठ सम्मानित बांग्ला साहित्यकार ताराशंकर बंदोपाध्याय का जन्म हुआ.
- 1903: फोर्ड ने अपनी पहली कार बेची.
- 1906: स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद का जन्म.
- 1927: मुंबई से रेडियो सेवा का प्रसारण शुरू.
- 1993: छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक लक्ष्मण प्रसाद दुबे का निधन.
- 2001: मेघावती सुकर्णोपुत्री इंडोनेशिया की राष्ट्रपति बनीं.
- 2005: मिस्र के शर्म-अल-शेख के रिजॉर्ट में हुए बम धमाकों में 88 लोग मारे गए थे.
- 2012: इराक में सिलसिलेवार हमलों में 103 लोग मारे गए.
- 2012: स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेविका का लक्ष्मी सहगल निधन.
- 2016: भारत में जन्में प्रसिद्ध चित्रकर एस. एच. रज़ा का निधन.

## भगवान सब जगह मौजूद, देखने की दृष्टि होनी चाहिए

**चिंतन**

महाराष्ट्र में एक प्रसिद्द संत हुए संत नामदेव. जब वे बहुत छोटे थे तभी से भगवान की भक्ति में डूबे रहते थे. बाल्यकाल में ही एक बार उनकी माता ने उन्हें भगवान विठोबा को प्रसाद चढाने के लिए दिया तो वे उसे लेकर मंदिर पहुंचे और उनके हठ के आगे भगवान को स्वयं प्रसाद ग्रहण करने आना पड़ा. एक बार संत नामदेव अपने शिष्यों को ज्ञान -भक्ति का प्रवचन दे रहे थे. तभी श्रोताओं में बैठे किसी शिष्य ने एक प्रश्न किया, गुरुवर, हमें बताया जाता है कि ईश्वर हर जगह मौजूद है, पर यदि ऐसा है तो वो हमें कभी दिखाई क्यों नहीं देता, हम कैसे मान लें कि वो सचमुच है, और यदि वो है तो हम उसे कैसे प्राप्त कर सकते हैं? नामदेव मुस्कुराए और एक शिष्य को एक लोटा पानी और थोड़ा सा नमक लाने का आदेश दिया. शिष्य तुरंत दोनों चीजें लेकर आ गया. वहां बैठे शिष्य सोच रहे थे कि भला इन चीजों का प्रश्न से क्या सम्बन्ध, तभी संत नामदेव ने पुनः उस शिष्य से कहा, पुत्र, तुम नमक को लोटे में डाल कर मिला दो. शिष्य ने ठीक वैसा ही किया. संत बोले, बताइए, क्या इस पानी में किसी को नमक दिखाई दे रहा है? सबने नहीं में सिर हिलाया. ठीक है!, अब कोई ज़रा इसे चख कर देखे, क्या चखने पर नमक का स्वाद आ रहा है? संत ने पूछा. जी, एक शिष्य पानी चखते हुए बोला. अच्छा, अब जरा इस पानी को कुछ देर उबालो. संत ने निर्देश दिया. कुछ देर तक पानी उबलता रहा और जब सारा पानी भाप बन कर उड़ गया, तो संत ने पुनः शिष्यों को लोटे में देखने को कहा और पूछा, क्या अब आपको इसमें कुछ दिखाई दे रहा है? जी, हमें नमक के कण दिख रहे हैं. एक शिष्य बोला.

संत मुस्कुराए और समझाते हुए बोले, जिस प्रकार तुम पानी में नमक का स्वाद तो अनुभव कर पाए पर उसे देख नहीं पाए उसी प्रकार इस जग में तुम्हे ईश्वर हर जगह दिखाई नहीं देता, पर तुम उसे अनुभव कर सकते हो. और जिस तरह अग्नि के ताप से पानी भाप बन कर उड़ गया और नमक दिखाई देने लगा उसी प्रकार तुम भक्ति ,ध्यान और सत्कर्म द्वारा अपने विकारों का अंत कर भगवान को प्राप्त कर सकते हो.

**X इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #GiftOfShelter
2. #HBDDevaBhau
3. #NationalFlagAdoptionDay
4. #ScienceAndSpirituality
5. #HappyBirthdayAjitDada
6. Vigyan Bhi Natmastak
7. Vedic Wisdom
8. Homely Shelter
9. डेरा सच्चा सौदा
10. Aashiyana

# बहुरंग




## 'सन ऑफ सरदार 2' में फिर दिखेगा जस्सी रंधावा का एक्शन अवतार, ट्रेलर रिलीज़

अभिनेता अजय देवगन बहुत जल्द अपनी अगली फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में नजर आने वाले हैं, जिसका निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा कर रहे हैं. फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है और सभी इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अजय देवगन एक बार फिर अपने चर्चित किरदार 'जस्सी रंधावा' के अवतार में बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं. गौरतलब है कि फिल्म का पहला ट्रेलर 11 जुलाई को रिलीज किया गया था और अब दूसरा ट्रेलर भी दर्शकों के दिलों पर छा गया है. 'सन ऑफ सरदार 2' मस्ती, एक्शन और कॉमेडी का पूरा पैकेज लेकर आने वाली है.

सन ऑफ सरदार 2' में पहली बार मृणाल ठाकुर के साथ अजय देवगन की जोड़ी बनी है, जो दर्शकों के लिए फ्रेश केमिस्ट्री लेकर आ रही है. फिल्म में रवि किशन, कुब्रा सेठ, संजय मिश्रा, दीपक डोबरियाल, विंदू दारा सिंह, चंकी पांडे और नीरू बाजवा जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे, जो अपनी दमदार अदाकारी से फिल्म में हंसी, ड्रामा और धमाल का तड़का लगाएंगे. 'सन ऑफ सरदार 2' को 1 अगस्त, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा. दिलचस्प बात यह है कि उसी दिन तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म 'धड़क 2' भी रिलीज हो रही है. ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त टक्कर देखने को मिल सकती है.

## 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया



मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' रिलीज के पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा की शानदार केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया है. इस फिल्म को जितनी सफलता मिल रही है, वह उम्मीद से कहीं ज्यादा है, यहां तक कि खुद निर्माता-निर्देशक भी इस तरह के रिस्पॉन्स की कल्पना नहीं कर पाए थे. सिर्फ 4 दिनों में 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है, जो इस साल की सबसे बड़ी अचंभित कर देने वाली उपलब्धियों में से एक है. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 'सैयारा' ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को भी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 22.50 करोड़ रुपये की कमाई की. इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अब 105.50 करोड़ रुपये पहुंच चुका है. फिल्म ने 21.5 करोड़ रुपये की ओपनिंग के साथ बॉक्स ऑफिस पर दमदार शुरुआत की थी. दूसरे दिन इसने 26 करोड़ रुपये, जबकि तीसरे दिन धमाकेदार तरीके से 35.75 करोड़ रुपये की कमाई की. महज 45 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने चार दिनों में ही न सिर्फ अपना बजट दोगुना वसूल लिया, बल्कि 100 करोड़ क्लब में भी तेजी से एंट्री कर ली. 'सैयारा' इस साल की सबसे चर्चित और सफल फिल्मों में से एक बन चुकी है. 'सैयारा', जो कि एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा है, 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और तब से दर्शकों के बीच इसका क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है. इस फिल्म के जरिए अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे ने अभिनय की दुनिया में ड्रीम डेब्यू किया है.

## 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन फिर करेंगे धांसू एक्शन



अभिनेता ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं. इस हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं, जिससे दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं. खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री करने जा रहे हैं. वहीं, इस बार ऋतिक रोशन की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है. यह पहला मौका होगा जब ये दोनों कलाकार सिल्वर स्क्रीन पर एक साथ नजर आएंगे. फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसने दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है. 'वॉर 2' का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा, जबकि फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. यह एक मल्टी-लैंग्वेज रिलीज होगी, जिसे हिंदी के साथ-साथ तमिल और तेलुगु भाषाओं में भी देखा जा सकेगा. फिल्म में पहली बार ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर आमने-सामने होंगे. दोनों के बीच का जबरदस्त एक्शन क्लैश दर्शकों के रोंगटे खड़े कर देगा. दिलचस्प बात यह है कि बॉक्स ऑफिस पर 'वॉर 2' का रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली' से मुकाबला होगा, जिससे यह टक्कर और रोमांचक हो गई है. ऐसे में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में एंटरटेनमेंट का महायुद्ध देखने को मिलेगा.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है. शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा. अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी. व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है. स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा. किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं. शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें. राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें. मान-सम्मान को ठेस लग सकती है. जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें. नये आगंतुकों से लाभ होगा. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी. शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा. परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. अपनों का सहयोग मिलेगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ङ्क्षचता रहेगी. मनोरथ सिद्घि का योग है. शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. आत्मङ्क्षचतन करें. पुराने मित्र से मिलन होगा. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे. समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा. परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं. कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग. आलस्य का त्याग करें. पुरुषार्थ का सहारा लें. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी. शुभांक-4-6-7


**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी. व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा. आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे. बुद्घि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी. आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. श्रम अधिक करना पड़ सकता है. वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं. शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा. शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी. अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं. कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ. नैतिक दायरे में रहें. शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं. उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी. कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देंगे. बौद्घिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा. समय आपके साथ है, इसका लाभ उठा लें. शुभांक-1-5-8



# वैज्ञानिकों की चेतावनी, खत्म हो जाएगी आर्कटिक में बर्फ

दुनिया में अक्सर कई डराने वाले अध्ययन सामने आते रहते हैं। अब वैज्ञानिकों ने एक वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन के बाद बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 10 साल के अंदर आर्कटिक में बर्फ खत्म हो जाएगी। यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर में यह अध्ययन किया गया है। इसमें कहा गया है कि गर्मियों के मौसम में भी बर्फ नजर आती है, लेकिन आने वाले कुछ सालों में बर्फ खत्म हो जाएगी। नेचर रिव्यू अर्थ एंड एनवायरमेंट जर्नल में यह अध्ययन प्रकाशित किया गया है। अध्ययन के मुताबिक, जल्द ही आर्कटिक से बर्फ गायब हो जाएगी और यह 10 सालों के अंदर ही होगा। अध्ययन में कहा गया है कि जिस हिसाब से तापमान में वृद्धि हो रही है, वह खतरनाक है। यह नहीं है कि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम करने से ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। वैज्ञानिकों ने हर तरह की स्थितियों की जांच की है, जिसके बाद उन्होंने दावा किया कि 10 साल में बर्फ का पिघलना तय है।

उनका कहना है कि इस सदी के मध्य तक आर्कटिक के समुद्र में सितंबर महीने में बर्फ नजर नहीं आएगी। सदी के अंत तक यह कई महीनों तक यह नजारा नहीं दिखेगा। अगर कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन अभी की तरह अधिक हुआ, तो उस स्थिति में भी धरती के उत्तरी क्षेत्र में सर्दियों में भी कम बर्फ नजर आएगी। इसका मतलब यह नहीं है कि बर्फ एकदम नहीं बचेगी। वैज्ञानिक भाषा में अगर आर्कटिक में 10 लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ रहती है, तो उसे बिना बर्फ का आर्कटिक कहा जाता है। 1980 में इस क्षेत्र में सबसे कम बर्फ देखी गई थी। हाल के सालों में आर्कटिक में सितंबर के महीने में सबसे कम बर्फ 33 लाख वर्ग किलोमीटर दर्ज की गई थी। वैज्ञानिक एलेक्जेंड्रा जान ने यह अध्ययन किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान, इतिहास और उत्सर्जन के हिसाब से कंप्यूटर मॉडल्स बनाए। इसके बाद उस आधार पर भविष्य में बर्फ की मात्रा का विश्लेषण किया गया। जानकारी मिली कि प्रतिवर्ष अगर 1 वर्ग किलोमीटर बर्फ पिघलती है तो अधिकतम 18 साल में आर्कटिक की बर्फ गर्मियों में समाप्त हो जाएगी। अगर ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन इसी दर से होता रहा है, तो कम से कम 10 साल में ही यह नजारा दिख सकता है। यानी 2030 के दशक में आर्कटिक इलाके में सितंबर के महीने में बर्फ नजर नहीं आएगी। आर्कटिक के जानवरों पर इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा। आर्कटिक सागर गर्म होने पर इलाके में वह मछलियां पहुंच जाएंगी, जो वहां पर नहीं रहतीं। इससे स्थानीय ईकोसिस्टम पर नई प्रजातियां हावी हो जाएगा। इसका असर कितना होगा, यह पता करना बहुत मुश्किल है। लहरों के तेज टकराव से मिट्टी का कटना होगा और इससे तटीय इलाका कट-कटकर समंदर में गिरेगा।






# दुनिया की सबसे खतरनाक सीढ़ियां

**सीढ़ियों से आप रोज चढ़ते-उतरते होंगे. चाहे घर हो या दफ्तर, हर जगह आपको एकदम सीधी और सिंपल सीढ़ियां मिलती होंगी. लेकिन अगर हम कहें कि दुनिया में कई जगहें ऐसी हैं, जहां की सीढ़ियों पर चढ़ने से लोगों की रूह कांप उठती है तो शायद आपको यकीन होगा. लेकिन यह सच है. आज हम आपको दुनिया की 6 सबसे खतरनाक सीढ़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां कलेजा हाथ में रखकर सीढ़ियों पर चढ़ते हैं लोग**

## कोलंबिया का ग्वाटापे रॉक



कोलंबिया का ग्वाटापे रॉक 650 फीट से अधिक ऊंची चट्टान में पर चढ़ने के लिए यह 649 सीढ़ियां बनाई गई है, जो बेहद डरावनी है. दरार के बीच में बनी टेढ़ी-मेढ़ी इन सीढ़ियों पर चढ़ना सबके बस की बात नहीं. इसके लिए जिगर चाहिए. इन सीढ़ियों पर चढ़ने से पहले लोगों के पैर कांपने लगते हैं. इस चट्टान को कोलंबियाई सरकार ने राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया हुआ है.

## हवाई की हाइकू सीढ़ियां



इन्हें स्वर्ग की सीढ़ी भी कहा जाता है. आम जनता यहां नहीं जा सकती और पैदल यात्रा करना अवैध घोषित किया गया है. फ़िर भी दर्जनों साहसी लोग हर दिन 2500 फीट की ऊंचाई पर बनी इन 4000 सीढ़ियों पर चढ़ते हैं. इसमें एक ओर मोनालुआ घाटी है तो दूसरी तरफ लाइकलाइक हाईवे और केनोहे है. सीढ़ियां सिर्फ 18 इंच चौड़ी है और 30 डिग्री की ढलान है, जो रूह कंपा देती है.

## माउंट हुशान की सीढ़ियां, चीन



चीन के शान्क्सी प्रांत में स्थित माउंट हुशान देश के पांच पवित्र पहाड़ों में से एक है. इस पहाड़ पर मनुष्यों द्वारा लकड़ी और लोहे की छोटे-छोटे प्लेट्स से पगडंडियों जैसा रास्ता बनाया गया है. इस पर चलने की हिम्मत वही कर सकता है, जिसका दिल बेहद मजबूत हो. चढ़ाई में खड़ी सीढ़ियों, संकरे रास्ते और तख्ती के रास्ते का एक नेटवर्क है, जिस पर जाना आसान नहीं.

## सैन जुआन डे गज़टेलुगाटेक्स की सीढ़ियां, स्पेन

स्पेन का सैन जुआन डे गज़टेलुगाटेक्स एक छोटा चट्टानी द्वीप है. यहां कई ऐतिहासिक आश्रम है, जो



वर्षों से पसंदीदा पर्यटन स्थल रहे है. लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए आपको 231 पत्थर की सीढ़ियां पार करनी होंगी जो काफी डरावनी है. क्योंकि नीचे समुद्र की तेज और उफनाती लहरें हैं और कई बार हिला पुल लगता है कि टूट जाएगा.


## पाइलोन डेल डियाब्लो वाटरफॉल की सीढ़ियां, इक्वाडोर



इक्वाडोर का पाइलोन डेल डियाब्लो वाटरफॉल पर बनी सीढ़ियां खूबसूरत नजारों का फील लेने के लिए डिजाइन की गई थी. लेकिन जब आप ऊपर से सीढ़ियों को नीचे तक देखेंगे तो वो आपको एक साथ मिली हुई दिखेंगी. वैसे ये सीढ़ियां काफी फिसलन भरी है, लेकिन साइड में मेटल की रेलिंग लगी हुई है, जिनकी मदद से आप चढ़-उतर सकते है.

## अंगकोर वाट की सीढ़ियां, कोलंबिया

कोलंबिया के अंगकोर वाट में सबसे ऊपर के मंदिरों की लगभग 70 प्रतिशत सीढ़ियां बिल्कुल झुकी हुई हैं. यही वजह है कि इन पर उतरने या चढ़ने के लिए आपको रस्सियों की जरूरत पड़ेगी. वहां के लोग कहते हैं कि ये सीढ़ियां लोगों को याद दिलाती हैं कि स्वर्ग तक पहुंचना कितना कठिन है. फिर भी हर साल हजारों लोग वहां से जाते हैं.



# लोकतंत्र का प्रहरी : चुनाव आयोग की बदलती भूमिका



विजय कुमार झा

लोकतंत्र को स्वस्थ, मजबूत और जीवंत बनाए रखने में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यह एकमात्र ऐसी संस्था है जो पूरे देश में भेदभाव रहित और पारदर्शी तरीके से चुनाव करवाकर जनता के मन में लोकतंत्र के प्रति विश्वास को मजबूती प्रदान करती है। हालांकि, दुर्भाग्यवश हाल के कुछ वर्षों में चुनाव आयोग की भूमिका पर संदेह के बादल मंडराने लगे हैं। राजनीतिक दलों के साथ-साथ आम जनता का भी इस संस्था के प्रति विश्वास धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। भारत को 1947 में आजादी मिलने के बाद पहला आम चुनाव 1952 में हुआ। उस समय न तो राजनीतिक दलों को और न ही आम जनता को चुनाव आयोग के आदेशों या चुनाव आयुक्त की पहचान से कोई खास सरोकार था। सभी के मन में एक ही भाव था: "कोई नृप होई, हमें का हानि?" उस दौर में चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था के रूप में कार्य करता था, जिसमें सभी राजनीतिक दल और मतदाता समान थे। यह संस्था निष्पक्ष थी और न ही किसी उम्मीदवार की जीत या किसी दल की सत्ता में वापसी में इसकी कोई प्रत्यक्ष भूमिका होती थी। देश में जब टी.एन. शेषन मुख्य चुनाव आयुक्त बने, तब पहली बार जनता ने चुनाव आयोग की ताकत, सीमा और अधिकारों को समझा। शेषन ने नामांकन पत्र में उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता, आपराधिक पृष्ठभूमि, और चल-अचल संपत्ति का विवरण शामिल करने का प्रावधान लागू किया। उन्होंने यह भी अनिवार्य किया कि नामांकन पत्र के सभी कॉलम भरे जाएं। इसका मुख्य परिणाम यह हुआ कि जो उम्मीदवार खुद को "गरीब का बेटा" या "भाई" कहकर चुनाव में उतरते थे, उन्हें अपनी संपत्ति का ब्योरा देना पड़ा। इससे मतदाताओं को पता चला कि तथाकथित "गरीब का बेटा" वास्तव में करोड़ों की संपत्ति का मालिक है। आपराधिक मामलों का विवरण देने के नियम से मतदाताओं को यह जानने में मदद मिली कि जिस उम्मीदवार को वे वोट देने जा रहे हैं, उसका चरित्र कैसा है। इसका मूल उद्देश्य था कि मतदाता अपने उम्मीदवार को भली-भांति जान और परख सकें। शेषन के इस कदम को पूरे देश ने सराहा, क्योंकि इससे यह स्पष्ट हुआ कि कितने आपराधिक प्रवृत्ति के लोग और करोड़पति चुनाव जीतकर जनप्रतिनिधि बन रहे हैं। साथ ही, यह भी सामने आया कि संसद में किसान और मजदूर जैसे आम लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। धीरे-धीरे ये आंकड़े जनता के बीच चर्चा का विषय बन गए। जनता ने चुनाव आयोग की भूमिका और महत्व को समझना शुरू किया, और राजनीतिक दलों ने भी इसे गंभीरता से लेना शुरू किया। चुनाव आयोग की नियुक्ति और उसके कार्यकलापों पर देश की नजरें टिकने लगीं। यह महसूस होने लगा कि आयोग के निर्णय राजनीतिक दलों के चुनावी गणित को बना या बिगाड़ सकते हैं। चुनाव आयुक्त की नियुक्ति का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि आयोग सरकार की कठपुतली न बने, एक ऐतिहासिक फैसला दिया। कोर्ट ने मुख्य न्यायाधीश, सत्ताधारी दल के नेता और विपक्ष के नेता की सहमति से चुनाव आयुक्त की नियुक्ति का प्रावधान बनाया। इस निर्णय को पूरे देश ने सराहा। हालांकि, सरकार को यह निर्णय असहज लगा। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को पलट दिया और मुख्य न्यायाधीश की जगह केंद्रीय सरकार के एक मंत्री को नियुक्ति पैनल में शामिल करने का प्रावधान कर दिया। इस बदलाव ने सरकार को नियुक्ति प्रक्रिया में हस्तक्षेप का रास्ता खोल दिया। इसके बाद नियुक्त हुए आयुक्तों पर कई गंभीर आरोप लगे, जिससे आयोग के फैसलों पर सवाल उठने लगे और जनता के बीच इसकी साख धीरे-धीरे कम होती गई। एक उदाहरण से आयोग की लाचारी को समझा जा सकता है: चुनाव समाप्त होने के बाद मतदान का प्रतिशत एक आंकड़ा दिखाता है, लेकिन सभी चरणों के मतदान के बाद और मतगणना के समय यह आंकड़ा बदल जाता है। इस तरह के सवालों का चुनाव आयोग कभी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पहले एक समय था जब लगभग 1,000 मतदाताओं पर एक मतदान केंद्र बनाया जाता था। टी.एन. शेषन ने इसे अव्यावहारिक मानते हुए 700-800 मतदाताओं पर एक मतदान केंद्र बनाने का आदेश दिया। इससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई और आम जनता की सहभागिता बढ़ी। इस निर्णय को भी देश ने सराहा। लेकिन हाल ही में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में इस नियम की अनदेखी करते हुए कुछ दिन पहले 1,500 मतदाताओं पर एक मतदान केंद्र का गठन कर दिया गया। इसका राजनीतिक दलों और जनता ने विरोध किया, लेकिन आयोग अपनी हठधर्मिता पर अड़ा रहा। विपक्षी दलों ने आयोग से मिलने के लिए समय मांगा, लेकिन उन्हें समय नहीं दिया गया, जिसे पूरे देश ने देखा। चुनाव आयोग का निर्णय पूरे देश के लिए एकसमान होना चाहिए, लेकिन हाल के कुछ फैसलों से इसकी साख पर सवाल उठ रहे हैं। उदाहरण के लिए, बिहार में आगामी चुनाव के लिए एक आदेश जारी किया गया है, जिसमें 15 जुलाई तक मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करनी होगी। इसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेजों को पहचान के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस तरह के फैसलों से आयोग की विश्वसनीयता जनता की नजरों में कम हो रही है। ऐसा लगने लगा है कि यह संस्था कठपुतली बनकर रह गई है, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। राजनीतिक दलों की सत्ता आती-जाती रहेगी, लेकिन भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का आधार पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव है। इसकी पूरी जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को निरस्त करना और चुनाव आयुक्त को सरकारी कठपुतली बनाने की कोशिश लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर सकती है।



# मिलान में स्थित है दुनिया का पहला वर्टिकल फॉरेस्ट

**वर्टिकल फरिस्ट के निर्माण में लगभग 3727 करोड़ रुपये की लागत आई है। इस वर्टिकल फॉरेस्ट में 800 पेड़ और 5 हजार से ज्यादा हरी-भरी झाड़ियां लगाई गई हैं। इस अनोखे वर्टिकल फरिस्ट को कई अवॉर्ड मिल चुके हैं।**

इटली के मिलान शहर में में है दुनिया का इ पहला वर्टिकल फॉरेस्ट। इसे बॉस्को वर्टिकल भी कहा जाता हैं। यहां दो ऊंची इमारतों को इस तरह से तैयार किया गया है कि वे शहर के बीच एक जंगल की तरह नजर आती हैं। यहां 800 से ज्यादा पेड़, 14 हजार से ज्यादा पौधे और 5 हजार हरी-भरी झाड़ियां लगाई गई हैं। इसका मकसद शहरी इलाकों में हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण को बेहतर बनाना है। इस फॉरेस्ट को स्टेफानो बोएरी आर्किटेक्ट ने डिजाइन किया है। यह प्रोजेक्ट साल 2014 में पूरा हुआ था। वर्टिकल फॉरेस्ट की पत्तियां मौसम के साथ रंग बदलती है तो इन टावर की खूबसूरती और बढ़ जाती है। दोनों टावर क्रमशः 80 और 112 मीटर ऊंचे हैं। इमारत में पेड़-पौधे हैं इसलिए गर्मियों के दिनों में भी यहां एसी का उपयोग कम होता है क्योंकि बाहरी हवा ही ठंडी होती है। यहां रहने वाले लोगों को भरपूर ऑक्सीजन मिलती है, जिससे उन्हें लगता है कि वे प्रकृति से बहुत दूर नहीं गए है। दरअसल साल 2007 में स्टेफानो बोएरी दुबई गए थे। वहां उन्होंने ऊंची-ऊंची इमारतें देखी, जिसमें कांच, धातु और सिरेमिक का इस्तेमाल किया गया था। जब सूरज की किरणें उन पर पड़ती थीं, तो इमारत में गर्मी भी बढ़ जाती थी। शोध करने पर पता चला कि पिछले 7 सालों में वहां बनी 94 प्रतिशत इमारतों में कांच लगा हुआ था। इससे जमीन में भी गर्मी बढ़ गई थी।



ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी चोट की वजह से पहले ही श्रृंखला से बाहर हो चुके हैं, नायर का कटेगा पत्ता, कंबोज का डेब्यू, शार्दुल को मौका!

# मैनचेस्टर टेस्ट में ऐसी हो सकती है प्लेइंग इलेवन, मुकाबले को तैयार

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैच की सीरीज का चौथा मुकाबला बुधवार से मैनचेस्टर में शुरू होगा. इंग्लैंड ने तो अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है लेकिन भारतीय टीम से मैच वाले दिन ही पर्दा उठेगा. वैसे कई खिलाड़ियों के चोटिल होने की वजह से टीम मैनेजमेंट को प्लेइंग इलेवन चुनने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा.

भारतीय टीम सीरीज में 1-2 से पीछे चल रही है. अगर उसे सीरीज जीत की उम्मीदों को जिंदा रखना है तो मैनचेस्टर टेस्ट हर हाल में जीतना होगा.

ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी चोट की वजह से पहले ही श्रृंखला से बाहर हो चुके हैं. अर्शदीप सिंह भी चोट की वजह से कम से कम मैनचेस्टर टेस्ट के लिए नहीं उपलब्ध होंगे, ये बीसीसीआई भी साफ कर चुकी है. एजबेस्टन टेस्ट के हीरो आकाश दीप भी ग्रोइन इंजरी से पीड़ित हैं और उनके खेलने या न खेलने पर सस्पेंस बना हुआ है. विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत उंगली की चोट से उबर रहे हैं लेकिन राहत की बात ये है कि वह ट्रेनिंग सेशन में लगातार दिखे हैं.

## जसप्रीत बुमराह

सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह चौथा टेस्ट खेलेंगे? वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत उन्हें सीरीज के 5 में से सिर्फ 3 मैच ही खिलाए जाने हैं जिनमें 2 मैच वह पहले ही खेल चुके हैं. वैसे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज कह चुके हैं कि जस्सी भाई मैनचेस्टर टेस्ट खेलेंगे. कोच या कप्तान की तरफ से ऐसा कुछ नहीं कहा गया है लेकिन एक सीनियर गेंदबाज के बयान को तो गंभीरता से लेना ही होगा. मस्ट विन मैच में बुमराह की मौजूदगी से भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को धार मिलेगी.

## अंशुल कंबोज का डेब्यू

भारत के एक साथ एक से ज्यादा गेंदबाजों के चोटिल होने से तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को मैनचेस्टर में डेब्यू का मौका मिल सकता है. वह भारत ए की तरफ से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दोनों अनाधिकारिक टेस्ट खेले थे जिनमें 5 विकेट भी झटके थे. अगर आकाश दीप पूरी तरह फिट नहीं रहते तो अंशुल कंबोज को डेब्यू का मौका मिल सकता है. हालांकि, प्रसिद्ध कृष्णा भी दावेदार हैं लेकिन सीरीज में उनका खराब प्रदर्शन उनके खिलाफ जा सकता है.

## शार्दुल ठाकुर या कुलदीप यादव

ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी के सीरीज से बाहर होने के बाद मैनचेस्टर में उनकी जगह शार्दुल ठाकुर या फिर कुलदीप यादव को मौका मिल सकता है. सीरीज में ठाकुर को पहले भी मौके मिले लेकिन वह उन्हें भुनाने में नाकाम रहे थे. कुलदीप यादव अब तक के तीनों टेस्ट में बेंच पर ही बैठे दिखे. टीम मैनेजमेंट की ऑलराउंडरों को तरजीह देने की रणनीति इस स्पिनर के खिलाफ जा रही है.

## करुण नायर का कट सकता है पत्ता

मैनचेस्टर टेस्ट में करुण नायर का पत्ता कट सकता है क्योंकि सीरीज में वह अपनी छाप छोड़ने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं. वैसे तो तीसरे टेस्ट में भी माना जा रहा था कि नायर नहीं खेलेंगे लेकिन गौतम गंभीर और शुभमन गिल ने उन पर भरोसा जताया. इसकी बड़ी वजह ये है कि उनका कोई मजबूत विकल्प नहीं दिख रहा. सीरीज के 2 मैच में आईपीएल 2025 के स्टार बी साईं सुदर्शन को मौका मिला था लेकिन वह उन्हें भुनाने में नाकाम रहे. मैनचेस्टर टेस्ट में उन्हें एक और मौका मिल सकता है.

**मैनचेस्टर टेस्ट में टीम इंडिया की संभावित प्लेइंग इलेवन :** यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेट कीपर), शार्दुल ठाकुर/कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप/अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज.



# टाईब्रेकर में जीत से दिव्या शतरंज विश्वकप के सेफा में

एजेंसी। नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. उन्होंने टाईब्रेकर में हमवतन द्रोणावल्ली हरिका को हराया. 19 साल की दिव्या ने टाईब्रेकर की पहली बाजी सफेद मोहरों से, जबकि दूसरी बाजी काले मोहरों से जीतीं. दोनों के बीच क्लासिकल प्रारूप की बाजियां बराबरी पर छूटी थीं. दिव्या पहली बार विश्वकप में खेल रही हैं. दिव्या से पहले 37 वर्षीय कोनेरू हंपी भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं. दिव्या की सेमीफाइनल में चीन की तान जोंगयी से और हंपी की चीन की ही ली टिंग जी से टक्कर होगी.

**शीर्ष तीन को मिलेगा कैंडिडेट्स का टिकट :** यह पहली बार है जब दो भारतीय खिलाड़ियों ने विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है. हंपी और दिव्या के पास कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने का बेहतरीन मौका है. शीर्ष तीन खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में प्रवेश मिलना है. कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का विजेता विश्व चैंपियन को चुनौती देता है. हरिका के पास दूसरे गेम में वापसी का मौका था, पर उन्हें मुकाबला गंवाना पड़ा. हरिका ने जैसे ही दिव्या से हाथ मिलाया, वह भावुक हो गईं. उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि वह सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं.

## पुरुषों का विश्वकप भारत में होगा: फिडे

शतरंज की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय संस्था फिडे ने पुरुषों के विश्वकप की घोषणा कर दी है. यह विश्वकप 30 अक्तूबर से 27 नवंबर तक भारत में आयोजित किया जाएगा. अभी विश्वकप के आयोजन स्थल की घोषणा नहीं हुई है. इस टूर्नामेंट में कुल 206 शतरंज खिलाड़ी खेलेंगे. इससे पहले भारत ने 2002 में हैदराबाद में विश्वकप की मेजबानी की थी, जिसे आनंद ने जीता था.

मैनचेस्टर में अब तक एक भी टेस्ट नहीं जीत पाया है भारत

# टीम इंडिया आजमाए फॉर्मूले से हट कर रचेगा इतिहास?

एजेंसी। नयी दिल्ली

पिछले मैच में हार और कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के बावजूद भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट में मजबूत इरादे से उतरेगी. भारतीय टीम श्रृंखला में वापसी करने और ओल्ड ट्रैफर्ड में पहली बार जीत हासिल करने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी.भारत को हालांकि अभी तक आजमाए गए अपने फॉर्मूले से हटने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है. लीड्स में पहले टेस्ट के बाद भारत ने अंतिम एकादश में तीन ऑलराउंडरों को शामिल किया था. इनमें नीतीश रेड्डी भी शामिल थे, जो घुटने की चोट के कारण अब श्रृंखला से बाहर हो गए हैं.रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर जैसे दो स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर की मौजूदगी में भारत के पास आठवें नंबर तक बल्लेबाज़ी करने की गुंजाइश थी. मैनचेस्टर में ऐसा शायद न हो, जहां भारतीय टीम अभी तक जीत हासिल नहीं कर पाई है. भारत ने यहां अभी तक नौ मैच खेले हैं जिनमें से चार में उसे पराजय का सामना करना पड़ा जबकि बाकी पांच मैच ड्रॉ रहे.इंग्लैंड वर्तमान श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे चल रहा है और अगर भारत को पांच मैच की इस श्रृंखला को जीवंत बनाए रखना है तो उसे यहां हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी.श्रृंखला का पहला टेस्ट मैच खेलने वाले शार्दुल ठाकुर को रेड्डी की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है लेकिन उनका बल्लेबाजी में उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है. अगर उन्हें टीम में लिया जाता है तो उन्हें गेंदबाज़ी में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा क्योंकि रेड्डी ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में महत्वपूर्ण अवसरों पर विकेट लिए थे.

**बुमराह व सिराज का अंतिम एकादश में जगह बनाना तय :** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का अंतिम एकादश में जगह बनाना तय है.लॉर्ड्स में श्रृंखला में पहली बार भारतीय बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और और अगर भारत को श्रृंखला में वापसी करनी है तो कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई वाली बल्लेबाजी लाइन-अप को फिर से अच्छा प्रदर्शन करना होगा.गिल तीसरे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन इसके बावजूद श्रृंखला में उनके नाम पर 600 से अधिक रन दर्ज हैं. भारत के लिए उनका बड़ा स्कोर काफी मायने रखता है.जोफ्रा आर्चर ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी सफल वापसी में यशस्वी जायसवाल को दो बार आउट किया और यह बाएं हाथ का बल्लेबाज इंग्लैंड के तेज गेंदबाज की अतिरिक्त गति से निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार होगा.गिल ने भले ही श्रृंखला में भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए हैं लेकिन वह के एल राहुल हैं जो अधिक विश्वसनीय बल्लेबाज नजर आए. भारत को फिर से उनसे ठोस प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी.मैच से पहले भारत के अभ्यास सत्र को देखकर लगता है कि ऋषभ पंत अपनी उंगली की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं और हमेशा की तरह अपनी दोहरी जिम्मेदारी निभाएंगे.अगर नायर को एक और मौका मिलता है, तो वह अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने के लिए बेताब होंगे. लगातार चार अर्धशतक लगाने वाले जडेजा मध्यक्रम को मजबूती दे रहे हैं लेकिन उन्हें गेंदबाजी में भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा.



## लीड्स के संयोजन को फिर से आजमा सकता

भारत लीड्स के संयोजन को फिर से आजमा सकता है, जहां उसके पास जडेजा के रूप में केवल एक स्पिनर था और छठे नंबर तक विशेषज्ञ बल्लेबाज थे, जिसमें करुण नायर और साई सुदर्शन दोनों अंतिम एकादश में थे .इसके अलावा नए तेज़ गेंदबाज़ अंशुल कंबोज और प्रसिद्ध कृष्णा भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के दावेदार हैं. अगर आकाश दीप कमर की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाते हैं, तो इनमें से कोई भी उनकी जगह ले सकता है .आकाश दीप की तरह, कंबोज भी अच्छी सीम मूवमेंट पैदा कर सकते हैं. वह भारत ए के इंग्लैंड दौरे का भी हिस्सा थे और इस तरह से यहां की परिस्थितियों से कुछ हद तक वाकिफ हैं.

युवाओं की फिटनेस में गिरावट पर जताई चिंता

# कई लोग अभी भी खेल नहीं खेलते हैं : महेंद्र सिंह धोनी

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भारत में युवाओं की फिटनेस में गिरावट पर चिंता जाहिर की है. रांची में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने बताया कि अपनी बेटी के साथ भी वे शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को शामिल करने का सचेत प्रयास करते हैं. 44 साल के धोनी का फिटनेस पर काफी जोर रहा है और वह अभी भी मैदान पर फिट नजर आते हैं. धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन वह अभी भी आईपीएल में खेलते हैं. धोनी इस उम्र में भी विकेट के पीछे काफी तेज रहते हैं और बल्लेबाज को चकमा देने का मौका नहीं छोड़ते हैं. धोनी का एक वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह फिटनेस को लेकर अपनी राय रखते नजर आ रहे हैं. हालांकि धोनी अपनी अनुशासित दिनचर्या के साथ उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने भारतीयों, विशेषकर बच्चों में फिटनेस के स्तर में गिरावट पर चिंता व्यक्त की.

**शारीरिक रूप से सक्रिय रहने पर दिया जोर :** धोनी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, आजकल उम्र कम हो रही है, यानी शारीरिक गतिविधियों की मात्रा कम हो रही है. इसलिए, हम भारतीयों का औसत फिटनेस स्तर कम हो गया है. मुझे लगता है कि मेरी बेटी भी ज्यादा शारीरिक गतिविधि नहीं करती. वह खेलों में रुचि नहीं रखती, इसलिए हमें ऐसी योजनाएं बनानी पड़ती हैं जहां आप शारीरिक रूप से सक्रिय रहें. यही हाल रहा है. बहुत से लोग खेल नहीं खेलते हैं.

धोनी ने 2004 में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर शुरू किया था और वह 2007 में भारत के कप्तान बन गए थे. अपने करियर के दौरान धोनी मैदान पर शांत रहने के लिए जाने गए, लेकिन फिटनेस को लेकर उन्होंने हमेशा ध्यान दिया. वह भारत के एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने तीनों आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम की है. धोनी के नेतृत्व में भारत ने 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था.

**फिटनेस को लेकर जागरूक रहे हैं धोनी :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी धोनी फिटनेस को लेकर जागरूक रहे. धोनी आईपीएल 2025 में खेले थे और वह इस लीग में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं. धोनी ने आईपीएल 2026 में खेलने को लेकर फिलहाल कोई फैसला नहीं लिया है क्योंकि उनका कहना है कि वह सीजन शुरू होने से पहले देखेंगे कि उनका शरीर कितना फिट है.

# एकांश सिंह के शतक के बाद भारत की सधी शुरुआत

एजेंसी। चेल्म्सफोर्

भारत बनाम इंग्लैंड
अंडर-19 यूथ टेस्ट दूसरा दिन



एकांश सिंह के जुझारू शतक की बदौलत इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 309 रन बनाए, जिसके जवाब में भारत अंडर-19 टीम ने दूसरे युवा टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 51 रन बना लिए थे. दिन का खेल बारिश के कारण प्रभावित रहा और सिर्फ 28.3 ओवर ही फेंके जा सके.स्टंप्स के समय आयुष म्हात्रे 20 रन और विहान मल्होत्रा 6 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे. भारत फिलहाल इंग्लैंड के स्कोर से 258 रन पीछे है.पहले दिन 66 रन बनाकर नाबाद लौटे एकांश सिंह ने कप्तान थॉमस रियू (59) के साथ छठे विकेट के लिए 90 रनों की अहम साझेदारी की थी. दूसरे दिन एकांश ने 155 गेंदों में 117 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 14 चौके और 3 छक्के शामिल थे.उन्होंने जेम्स मिंटो (46) के साथ नौवें विकेट के लिए 100 रनों की अहम साझेदारी की. मिंटो ने भी 89 गेंदों में एक छक्का और छह चौके लगाए.भारत की ओर से लेग स्पिनर नमन पुष्पक ने सबसे सफल गेंदबाज़ी करते हुए 76 रन देकर चार विकेट चटकाए. इसके अलावा आदित्य रावत और आरएस अम्बरीश ने दो-दो विकेट लिए. हेनिल पटेल और विहान मल्होत्रा को एक-एक सफलता मिली.भारत की शुरुआत आक्रामक रही. ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने एलेक्स ग्रीन के ओवर में एक चौका और दो छक्के लगाए, लेकिन ग्रीन ने उन्हें एएम फ्रेंच के हाथों कैच करवाकर 20 रन पर पवेलियन भेजा.

## ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने यूएस ओपन से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली।** ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने वर्ष के अंतिम ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन से नाम वापस ले लिया है. झेंग कोहली की चोट से जूझ रही हैं जिस कारण वह इस टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगी. यूएस ओपन 24 अगस्त से शुरू होगा. चीन की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने दो दिन पहले घोषणा की थी कि उनकी दाहिनी कोहनी की लगातार दर्द के कारण आर्थोस्कोपिक सर्जरी हुई है. दुनिया में छठी रैंकिंग की खिलाड़ी झेंग पिछले महीने विंबलडन में पहले दौर में हार गई थीं.

# कार्लोस अल्कारेज भी टोरंटो मास्टर्स से हटे

एजेंसी। टोरंटो



विश्व के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है. वर्ष के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन की तैयारियों से पहले इस एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अल्कारेज के नहीं खेलने से इसकी चमक फीकी पड़ गई है. अल्कारेज पहले ऐसे खिलाड़ी नहीं है जिन्होंने इस टूर्नामेंट से नाम वापस लिया है. अल्कारेज से पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था. पांच बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्कारेज विंबलडन के फाइनल में सिनर से हार गए थे और इस तरह से ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार तीसरा खिताब जीतने से चूक गए थे.अल्कारेज ने बताया कि उन्होंने थकान के कारण टोरंटो मास्टर्स से हटने का फैसला किया है. अल्कारेज ने कहा, मैं अभी विंबलडन की थकान से उबर रहा हूं और इस कारण टोरंटो मास्टर्स में भाग नहीं ले पाऊंगा.

## बिली जीन किंग कप फाइनल्स 16 सितंबर से शेनझेन में होगी

**नई दिल्ली ।** डिफेंडिंग चैंपियन इटली और मेज़बान चीन के बीच मुकाबले के साथ बिली जीन किंग कप फाइनल्स की शुरुआत 16 सितंबर से शेनझेन में होगी. इस बात की जानकारी टूर्नामेंट आयोजकों ने सोमवार को दी.इटली की टीम में विश्व नंबर 9 जैस्मिन पाओलिनी शामिल हैं, जबकि चीन की अगुवाई ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन करेंगी. आमतौर पर यह टूर्नामेंट नवंबर में होता है, लेकिन इस बार इसे डब्ल्यूटीए टूर के एशियाई स्विंग के साथ तालमेल बैठाने के लिए सितंबर में आयोजित किया जा रहा है.स्पेन और यूक्रेन के बीच दूसरा क्वार्टरफाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा, जिसमें विश्व नंबर 10 पाउला बडोसा एक्शन में नजर आएंगी. इसके बाद 18 सितंबर को अमेरिका का मुकाबला कज़ाखस्तान से और ब्रिटेन का सामना जापान से होगा.सेमीफाइनल मुकाबले 19 और 20 सितंबर को खेले जाएंगे, जबकि फाइनल 21 सितंबर को होगा.

ढाका | भारत करा सकता है पाकिस्तान का बड़ा नुकसान

# टी-20 एशिया कप 2025 पर लटकी है तलवार

एजेंसी। नयी दिल्ली




2025 टी-20 एशिया कप को लेकर अभी भी अनिश्चतता के बादल हैं. ये टूर्नामेंट इस साल आयोजित होगा या नहीं? अभी तक स्पष्ट नहीं है. 24-25 जुलाई को ढाका में एशियन क्रिकेट काउंसिल यानी एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग यानी एजीएम होनी है, लेकिन भारत ने बांग्लादेश में होने वाली इस मीटिंग से अपने हाथ खींच लिए हैं. श्रीलंका और अफगानिस्तान का सपोर्ट भी भारत को मिला है और वे भी इस मीटिंग का हिस्सा नहीं होंगे. भारत चाहता है कि एजीएम किसी न्यूट्रल वेन्यू पर आयोजित की जाए, क्योंकि बांग्लादेश में पिछले साल हुए तख्तापलट के बाद से हालात सामान्य नहीं हैं. इस पूरे परिदृश्य से पाकिस्तान के होश उड़े हुए हैं, क्योंकि उसे मोटा नुकसान एशिया कप के कैंसिल होने या पोस्टपोन होने से होने वाला है.पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी इस समय एसीसी के चेयरमैन हैं. इस टूर्नामेंट से होने वाली आय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के लिए अहम होती है. इस टूर्नामेंट की अनुमानित आय लगभग 1.16 अरब पाकिस्तानी रुपये है, जो वित्तीय वर्ष के लिए उसकी कुल अनुमानित आय 8.8 अरब पाकिस्तानी रुपये का हिस्सा है. पाकिस्तान ऑब्जर्वर की रिपोर्ट की मानें तो एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान को आईसीसी डिस्ट्रिब्यूशन से मिलता है, कई सालों से एशिया कप उनकी वित्तीय योजना का एक प्रमुख घटक बना हुआ है.पीसीबी के सीईओ सुमैर अहमद ने सिंगापुर में आईसीसी की एनुअल कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया और उन्होंने ढाका की मीटिंग के लिए अन्य देशों से सपोर्ट की मांग की, लेकिन बीसीसीआई ने साफ तौर पर इस मीटिंग में शामिल होने से इनकार कर दिया है. क्रिकबज के मुताबिक, बीसीसीआई के इस रुख का समर्थन श्रीलंका और अफगानिस्तान ने भी कर दिया है. बीसीबी एक शॉर्ट नोटिस पर भी मीटिंग को आयोजित करने के लिए तैयार है. हालांकि, मामला अब जियो-पॉलिटिकल हो चुका है.कहा जा रहा है कि मोहसिन नकवी कथित तौर पर सिंगापुर में आईसीसी कॉन्फ्रेंस में शामिल नहीं हुए और अफगानिस्तान से समर्थन हासिल करने के लिए काबुल गए. हालांकि, सोमवार (21 जुलाई) तक, ऐसा माना जा रहा है कि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी एसीबी भारत के रुख से सहमत है और उसके ढाका में प्रतिनिधि भेजने की भी संभावना नहीं है. अगर यह बैठक नहीं हो पाती है या इसे अमान्य घोषित कर दिया जाता है, तो इससे 10 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले एशिया कप पर खतरा मंडरा सकता है.

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रायन एमब्यूमो के साथ किया करार

एजेंसी। लंदन



इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रेंटफोर्ड के फॉरवर्ड ब्रायन एमब्यूमो को 65 मिलियन पाउंड (लगभग 88 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में पांच साल के अनुबंध पर साइन कर लिया है. इस डील में 6 मिलियन पाउंड के अतिरिक्त इंसेंटिव भी शामिल हैं.कैमरून के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एमब्यूमो यूनाइटेड की इस गर्मी की तीसरी साइनिंग हैं. इससे पहले क्लब ने स्ट्राइकर मैथियस कुइन्हा और डिफेंडर डिएगो लियोन को साइन किया था. इस बीच खबरें हैं कि यूनाइटेड के स्टार विंगर मार्कस रैशफोर्ड एक सीजन के लिए एफसी बार्सिलोना में लोन पर जा सकते हैं. यह ट्रांसफर उस गाथा का अंत है जो पूरे समर ट्रांसफर विंडो में चर्चा में रही. मैनचेस्टर यूनाइटेड ने करीब डेढ़ महीने पहले एमब्यूमो के लिए अपनी पहली पेशकश की थी.एमब्यूमो ने क्लब की वेबसाइट पर अपने उत्साह को साझा करते हुए कहा,जैसे ही मुझे पता चला कि मैनचेस्टर यूनाइटेड में शामिल होने का मौका है, मैंने बिना देर किए यह फैसला किया. यह मेरे सपनों का क्लब है, जिसकी जर्सी मैंने बचपन में पहनी थी.एमब्यूमो अब लगभग निश्चित रूप से मैनचेस्टर यूनाइटेड के गुरुवार से शुरू होने वाले अमेरिकी प्री-सीजन टूर का हिस्सा होंगे.ब्रेंटफोर्ड के लिए अपने करियर में एमब्यूमो ने 242 मैचों में 70 गोल और 51 असिस्ट किए हैं. इनमें से 20 गोल पिछले सीजन में आए, जब क्लब यूरोपियन प्रतियोगिता में जगह बनाने से मामूली अंतर से चूक गया.

### ब्रीफ न्यूज

## ट्रेनों पर पथराव की रोकथाम के लिए चला जागरूकता अभियान

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मवेशी टकराव, मानव टकराव, अलार्म चेन पुलिंग तथा चलती ट्रेनों पर पथराव जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक सुरक्षात्मक उपायों को सक्रिय रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है. इन निरंतर प्रयासों के तहत, मालदा मंडल के रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हाल ही में भागलपुर, नाथनगर, साहिबगंज स्टेशन और आसपास के इलाकों, हंसडीहा सेक्शन सहित संवेदनशील क्षेत्रों में और विभिन्न चलती ट्रेनों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया. इस अभियान के दौरान आमजन को रेलवे पटरियों को पार करने के खतरों से अवगत कराया गया तथा इस प्रकार की असावधानी से बचने की सलाह दी गई. साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे बच्चों एवं पालतू पशुओं को रेलवे ट्रैक के निकट न जाने दें एवं रेलवे लाइनों के पास मवेशियों को चराने से बचें.

## नवगछिया में गंगा नदी में बढ़ रहा है जलस्तर

**भागलपुर।** नवगछिया अनुमंडल के गोपालपुर, इस्माइलपुर और बिंद टोली क्षेत्र में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे दियारा क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ और कटाव के गंभीर खतरे से घिर गए हैं. शनिवार की रात ब्रह्मोत्तर धार से पानी गोपालपुर क्षेत्र में घुस गया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है. बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल नवगछिया के अनुसार, इस्माइलपुर-बिंद टोली के पास गंगा नदी का डेंजर लेवल 31.60 मीटर है, जबकि नदी का जलस्तर फिलहाल 31.75 मीटर पर बह रहा है, जो खतरे के स्तर से ऊपर है. शनिवार रात इस्माइलपुर के बिंद टोली में रिंग बांध के स्पर्श संख्या 9 के डाउनस्ट्रीम हिस्से में लगभग 55-60 मीटर क्षेत्र में तेज कटाव हुआ है. इससे तन तांगा और करारी गांव पर बाढ़ और कटाव का दबाव बढ़ गया है, जिससे ग्रामीणों में भय और असमंजस की स्थिति बनी हुई है. जल संसाधन विभाग की टीम बालू भरे बोरे डालकर कटाव रोकने में जुटी हुई है और स्पर्श संख्या 9 पर हुए नुकसान को जल्द ठीक करने की कोशिश कर रही है.

### बिहार विधानसभा में विपक्ष का हंगामा, मुख्यमंत्री नीतीश पर फेंके कागज

# एसआईआर पर चर्चा को लेकर सदन में पूरी तरह से अराजकता की स्थिति

**शुभम संदेश। पटना**



बिहार विधानसभा में मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पर तत्काल चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों ने जबरदस्त हंगामा किया. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में एकजुट विपक्ष ने इस प्रक्रिया को लोकतंत्र विरोधी करार देते हुए सदन में नारेबाजी की, पोस्टर लहराए और कार्यवाही को बाधित किया. इस दौरान एक वीडियो सामने आया जिसमें कुछ विपक्षी सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर कागज फेंकते हुए देखा गया. विधानसभा की कार्यवाही जब दोपहर दो बजे शुरू हुई, तब तेजस्वी यादव ने कहा कि एसआईआर का सीधा संबंध राज्य के मतदाताओं से है और इस पर तत्काल चर्चा होनी चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के माध्यम से वोटरों के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है. हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा कराने की मांग को खारिज कर दिया. उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपनी बात रखने का अवसर दिया गया था, लेकिन उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया. अध्यक्ष के इस निर्णय से नाराज़ विपक्षी सदस्य और अधिक आक्रामक हो गए. मार्शलों को कुर्सी छीनने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और सदन पूरी तरह से अराजकता की स्थिति में पहुंच गया. स्थिति बिगड़ती देख विधानसभा अध्यक्ष ने पहले कार्यवाही 21 मिनट के भीतर ही स्थगित कर दी और बाद में इसे बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया. अध्यक्ष ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उनकी मंशा सिर्फ हंगामा करने की है, उन्हें जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है. विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग द्वारा की जा रही मतदाता सूची की गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है और इससे बड़े पैमाने पर मतदाता अधिकारों का हनन हो रहा है. वहीं, सत्ता पक्ष इस प्रक्रिया को नियमसंगत और आवश्यक बता रहा है. विधानसभा में जारी इस गतिरोध से साफ है कि एसआईआर को लेकर राजनीतिक टकराव आने वाले दिनों में और तेज़ हो सकता है.

## विपक्षी सदस्य काले कपड़े पहनकर नारेबाजी करने लगे

**पटना।** प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया कि अगर सदन में हम इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करेंगे, तो फिर कहां करेंगे. हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने उनकी मांग को खारिज कर दिया. अध्यक्ष ने कहा कि कार्यवाही शुरू होने पर विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका दिया गया था, लेकिन उन्होंने शोरशराबा किया. इसके बाद विपक्षी सदस्य काले कपड़े पहनकर अध्यक्ष की आसंदी के सामने आ गए और नारेबाजी करने लगे. सदन में 'नीतीश सरकार मुर्दाबाद' के नारे लगे और पोस्टर लहराए गए. अध्यक्ष की बार-बार अपील के बावजूद विपक्ष शांत नहीं हुआ, जिससे सदन में अराजक स्थिति बन गई. अध्यक्ष ने विपक्ष को फटकार लगाते हुए कहा कि उन्हें जनता के मुद्दों से कोई मतलब नहीं है और उनकी मंशा केवल हंगामा करना है. विधानसभा में यह स्थिति सरकार और विपक्ष के बीच गहराते तनाव को दर्शाती है.

### डॉ. एस. सिद्धार्थ ने दिया इस्तीफा, बिहार की प्रशासनिक दुनिया में हलचल

# लड़ सकते हैं नवादा विधानसभा सीट से चुनाव

**शुभम संदेश। पटना**



बिहार की प्रशासनिक दुनिया में एक बड़ी हलचल मच गई है. मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने अपने सभी पदों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन देकर नौकरशाही से एक बड़ा मोड़ ले लिया है. 1991 बैच के इस वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने 17 जुलाई को सरकार को वीआरएस की अर्जी सौंपी, जबकि वे नवंबर 2025 में रिटायर होने वाले थे. उनके इस अचानक फैसले ने न केवल नौकरशाही को झकझोरा है, बल्कि बिहार की राजनीति में भी नई चर्चा को जन्म दे दिया है.

सूत्रों की मानें तो डॉ. सिद्धार्थ अब सक्रिय राजनीति में उतरने की तैयारी में हैं. कयास लगाए जा रहे हैं कि वे जदयू के टिकट पर नवादा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं. हाल ही में उनका नवादा दौरा, वहां के एक स्कूल का निरीक्षण और सड़क किनारे लिट्टी सेंकते हुए कैमरे में आना, इन अटकलों को और बल देता है. विश्लेषकों का मानना है कि यह सब महज संयोग नहीं, बल्कि एक सोच-समझकर बनाई गई राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है. डॉ. सिद्धार्थ हमेशा से अपनी सादगी, जन संवाद की शैली और ज़मीनी जुड़ाव के लिए पहचाने जाते रहे हैं. वे कभी लोकल ट्रेन में आम मुसाफिर की तरह सफर करते दिखते, तो कभी पटरी किनारे दाढ़ी बनवाते या सब्ज़ी मंडी में आम जनता से बतियाते हुए नज़र आते रहे हैं. सोशल मीडिया पर उनकी ये तस्वीरें बार-बार वायरल होती रही हैं, जिसने उनकी छवि को 'जनता के बीच का अफसर' बना दिया. उनकी कार्यशैली भी आम अफसरों से अलग रही. वे अक्सर बिना पूर्व सूचना के स्कूल निरीक्षण करते, बच्चों की कॉपियाँ चेक करते और शिक्षकों से सीधे सवाल-जवाब करते. शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में उनकी भूमिका को नीतीश सरकार में अहम माना गया. मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव जैसे संवेदनशील पद पर रहकर वे सत्ता के केंद्र में रहे और सरकारी नीतियों को ज़मीनी स्तर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई.

## गैंगस्टर चंदन मिश्रा के हत्यारों को पकड़ने गई पुलिस पर फायरिंग

**पटना।** गैंगस्टर चंदन मिश्रा के हत्यारों को दबोचने गई पुलिस और पटना स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम पर मंगलवार तड़के भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में दो अपराधियों के पैर-हाथ में गोली लगी है. एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया. भोजपुर पुलिस की विज्ञप्ति के अनुसार, अपराधियों ने पुलिस को देखते ही ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें दो अपराधी बलवन्त कुमार सिंह और रविरंजन सिंह को हाथ और पैर में गोली लगी है. एक अपराधी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया गया है. पूछताछ में उन्होंने गुनाह कबूल कर लिया.

### न्यूज अपडेट

## स्कॉर्पियो पलटी : एसआई समेत चार घायल

**कैमूर।** जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र अंतर्गत महमूदगंज के पास मंगलवार तड़के एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई. सुबह करीब चार बजे उत्पाद विभाग की एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई. इस हादसे में स्कॉर्पियो में सवार एसआई ओम प्रकाश शाह सहित चार लोग घायल हो गए. दुर्घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दुर्गावती पहुंचाया. प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तीन घायलों को अनुमंडल अस्पताल, मोहनिया रेफर कर दिया गया. इनमें एसआई ओम प्रकाश शाह, सिपाही देवेंद्र यादव और रवीश कुमार सिंह शामिल हैं. चिकित्सकों ने बताया कि सिपाही रवीश कुमार सिंह की हालत नाजुक है, उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी (बनारस) रेफर कर दिया गया है. वहीं, एसआई और सिपाही देवेंद्र यादव को हड्डियों में गंभीर चोटें आने के कारण सदर अस्पताल, भभुआ भेजा गया है.

## बोलेरो और ट्रैक्टर की टक्कर में दो की मौत

**सहरसा।** जिले के बौजनाथपुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए. यह दर्दनाक हादसा सहरसा-मधेपुरा मुख्य मार्ग पर राइस मिल के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी. मृतकों की पहचान बोलेरो चालक 25 वर्षीय हरि साह और 30 वर्षीय महिला रूपा देवी के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, सोनवर्षा राज थाना क्षेत्र के लगमा गांव का एक परिवार सावन की सोमवारी पर बाबा सिंघेश्वर स्थान (मधेपुरा) में पूजा करने गया था.

## गोली मारकर हत्या, पारिवारिक रंजिश की आशंका

**पटना।** फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के जानीपुर अंतर्गत मुरादपुर गांव में सोमवार देर रात एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतका की पहचान 48 वर्षीय शोभा देवी के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मंगलवार सुबह उस समय हुई जब उनकी बेटी नेहा और दामाद राजू पासवान ने कमरे का दरवाजा खोला. अंदर शोभा देवी का शव खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़ा मिला. नेहा ने बताया कि रात के समय गोली जैसी आवाज सुनी थी, लेकिन उन्होंने उसे ताड़ के पेड़ से फल गिरने की सामान्य आवाज समझ कर नजरअंदाज कर दिया. सुबह जब शोभा देवी का कमरा काफी देर तक नहीं खुला, तो आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया. इसके बाद घटना का खुलासा हुआ. सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ के एसडीपीओ दीपक कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की. प्रारंभिक छानबीन के आधार पर पुलिस को मामला पारिवारिक रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है.

## एम्स पटना में जूनियर रेज़िडेंट डॉक्टर की हुई मौत

**पटना।** एम्स में कार्यरत प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर यजुवेंद्र साहू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं. ओडिशा निवासी डॉ. साहू की मौत 19 जुलाई को उनके हॉस्टल रूम में बेहोशी का इंजेक्शन लेने के बाद हुई थी. दरवाजा नहीं खुलने पर साथियों ने पुलिस को बुलाया और दरवाजा तोड़ने पर उनकी लाश बरामद हुई. इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. मौत के तीन दिन बाद भी पोस्टमार्टम नहीं हो सका है, जिससे नाराज परिजन सोमवार को शव लेकर पीएमसीएच पहुंच गए. मृतक के भाई राकेश कुमार ने आरोप लगाया कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि मानसिक उत्पीड़न का मामला है.

## पिकअप नदी में गिरी, चालक की ही गयी मौत

**मुजफ्फरपुर।** जिले के सरैया थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक पिकअप वाहन तेज रफ्तार ट्रक से टकराने के बाद नारायणी गंडक नदी में जा गिरी. हादसे में पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नदी में समा गई. सूचना मिलते ही सरैया थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची. क्रेन की मदद से पिकअप को नदी से बाहर निकाला गया और एसडीआरएफ की टीम ने चालक का शव बरामद किया. मृतक की पहचान मोतीपुर बाजार स्थित पानी टंकी चौक निवासी रघुनाथ साह के पुत्र पप्पू कुमार के रूप में हुई है.

### कारोबार

## हैवल्स के मुनाफे में गिरावट, फिर भी शेयर में दिखी मजबूती

**नयी दिल्ली।** एयर कंडीशनर, पंखे, कूलर और बिजली से जुड़े उपकरण बनाने वाली दिग्गज कंपनी हैवल्स इंडिया को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में झटका लगा है. कंपनी का शुद्ध मुनाफा 14% घटकर 352 करोड़ रुपये रह गया है, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में इससे ज्यादा मुनाफा हुआ था. इसके अलावा, कंपनी की कुल बिक्री में भी 6% की गिरावट दर्ज की गई है और यह 5,438 करोड़ रुपये रही. कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल राय गुप्ता ने कहा कि एयर कंडीशनर, पंखे और कूलर की मांग में कमी से बिक्री प्रभावित हुई है. उन्होंने बताया कि अभी भी एयर कंडीशनर का स्टॉक अधिक मात्रा में मौजूद है, जिसे खत्म होने में 1-2 तिमाही लग सकती हैं. इसी कारण से फिलहाल कंपनी ने प्रोडक्शन घटाने का निर्णय लिया है. हालांकि कमजोर तिमाही नतीजों के बावजूद हैवल्स के शेयरों में मजबूती देखने को मिली. मंगलवार को बीएसई पर शेयर 1555 रुपये पर खुले, जो शुरुआती बढ़त के बाद गिरकर 1515 रुपये तक पहुंचे.

### रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट के बावजूद भविष्य उज्ज्वल

# कंपनी को बढ़त मिलने की उम्मीद

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने हाल ही में जारी की गई तिमाही रिपोर्ट से निवेशकों को थोड़ा निराश किया है. तिमाही नतीजे उम्मीद से कमजोर रहे, जिससे सोमवार को शेयर बाजार में आईआरएल के स्टॉक्स में गिरावट देखने को मिली. हालांकि, मार्च के निचले स्तर से शेयर में 25% तक की तेजी आ चुकी थी, इसलिए गिरावट को मुनाफावसूली के नजरिए से भी देखा जा रहा है.

इसके बावजूद, भारत और एशिया की सबसे बड़ी कंपनी के भविष्य को लेकर ब्रोकरेज हाउस आशावादी बने हुए हैं. कोटक इक्विटीज ने शेयर रेटिंग को 'बाय' से 'एड' में बदला है, जबकि जेपी मॉर्गन और जेफरीज जैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज ने आरआईएल का टारगेट प्राइस क्रमशः 8% और 5% तक बढ़ाया है. कंपनी की टेलीकॉम इकाई जियो ने पहली तिमाही में बेहतर प्रदर्शन करते हुए एवरेज रेवेन्यू पर यूजर (एआरपीयू) को 208.8 प्रति महीना तक पहुंचाया, जो पिछली तिमाही से 1.3% अधिक है. जेफरीज का अनुमान है कि एफवाई25-28 के दौरान यह एआरपीयू 11% की सीएजीआर से बढ़कर 273 हो सकता है. इसके पीछे टैरिफ में तीन बार संभावित 10% वृद्धि और होम ब्रॉडबैंड यूजर्स की बढ़ती संख्या एक बड़ा कारण है. कंपनी का ईबीआईटीडीए मार्जिन 51.8% तक पहुंच गया है, जो तिमाही-दर-तिमाही 170बीपीएस की वृद्धि है. जियो का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 410.5 बिलियन रहा, जो सालाना आधार पर 18.8% अधिक है. रिलायंस अपने नए ऊर्जा कारोबार में भी बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है. कंपनी अगले चार से छह तिमाहियों में गीगा फैक्ट्रियां और नई ऊर्जा परियोजनाएं (पॉलीसिलिकॉन, वेफर, सोलर सेल, बैटरी आदि) चालू करने का लक्ष्य रखती है. बर्नस्टीन के मुताबिक रिलायंस का गीगा कॉम्प्लेक्स टेस्ला की गीगा फैक्ट्री से चार गुना बड़ा होगा. नुवामा के अनुसार, अगर आरआईएल के मॉड्यूल बिजनेस को 15x ईवी/ईबीआईटीडीए दिया जाए, तो इसका मूल्यांकन $20 बिलियन हो सकता है. यह कंपनी के स्टॉक प्राइस को उसी तरह मजबूती दे सकता है जैसा जियो की शुरुआत के बाद 2017 में देखने को मिला था.

रिलायंस का बिजनेस मॉडल अब तेजी से बदल रहा है. कंपनी के कंसोलिडेटेड ईबीआईटीडीए में रिटेल और जियो का योगदान अब 54% से अधिक हो गया है. जियो और रिटेल के आईपीओ की संभावनाएं आने वाले समय में स्टॉक को और ऊपर ले जा सकती हैं. जेपी मॉर्गन का कहना है कि रिलायंस रिटेल का वैल्यूएशन लगभग $121 बिलियन है और यह एफवाई27ई ईबीआईटीडीए के आधार पर ₹32x मल्टीपल पर ट्रेड कर रहा है, जो डीमार्ट के 42x से काफी कम है. आईपीओ या स्टेक सेल्स जैसे किसी भी मोनेटाइजेशन से रिलायंस के शेयर में बड़ी तेजी देखी जा सकती है. सीएलएसए और नोमुरा जैसे ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि आरआईएल के पास ग्रोथ के मजबूत स्तंभ मौजूद हैं और कंपनी का वैल्यूएशन अभी भी आकर्षक है. नोमुरा का कहना है कि आरआईएल का स्टॉक अभी 12.1x ईवी/ईबीआईटीडीए और 23.3x एफवाई27एफ पी/ई पर ट्रेड कर रहा है, जिससे लंबी अवधि में इसमें तेजी की गुंजाइश बनी हुई है.

कंपनी की आगामी एजीएम पर निवेशकों की नजरें टिकी हैं, जहां एफएमसीजी, ऊर्जा, मीडिया और आईपीओ से जुड़ी घोषणाएं हो सकती हैं. रिलायंस का लक्ष्य है कि एफवाई30 तक अपने साइज को दोगुना करे और ओ2सी बिजनेस जितना बड़ा ऊर्जा व्यवसाय खड़ा करे.

### न्यूज अपडेट

## जोमैटो की पेरेंट कंपनी का शेयर बाजार में धमाल

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी फूड डिलिवरी कंपनी जोमैटो की पेरेंट कंपनी इटरनल ने शेयर बाजार में जबरदस्त प्रदर्शन किया है. बीते दो कारोबारी सत्रों में कंपनी के शेयरों में 21 फीसदी तक की तेजी देखने को मिली है, जिससे इटरनल के मार्केट कैप में 52,000 करोड़ रुपए से अधिक का इजाफा हुआ है. खास बात यह है कि जहां ओवरऑल बाजार पर दबाव बना हुआ है, वहीं इटरनल ने निवेशकों को शानदार रिटर्न देकर सबका ध्यान खींचा है. जानकारों के अनुसार, यह तेजी कंपनी के मजबूत तिमाही नतीजों के कारण आई है, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है. मंगलवार को बीएसई पर इटरनल के शेयर 292 रुपए पर खुले और तेज़ी के साथ 311.60 रुपए तक पहुंच गए, जो कि कंपनी का 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर है.

## 8वें वेतन आयोग पर केंद्र ने शुरू की तैयारी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने औपचारिक रूप से 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं. यह आयोग देशभर के लाखों केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन ढांचे और पेंशन प्रणाली की समीक्षा करेगा. संसद में सांसद टी.आर. बालू और आनंद भदौरिया द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने बताया कि आयोग के गठन के लिए अभी प्रक्रिया प्रारंभिक चरण में है और अहम हितधारकों से सुझाव मांगे जा रहे हैं. सरकार ने स्पष्ट किया कि 8वें वेतन आयोग की अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है. इसके तहत चेयरपर्सन और सदस्यों की नियुक्ति अधिसूचना जारी होने के बाद ही की जाएगी. वर्तमान में आयोग के लिए न तो समिति बनाई गई है और न ही इसके संदर्भ तय किए गए हैं.

## केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 3-4% बढ़ सकता है

**नयी दिल्ली।** रक्षाबंधन से पहले केंद्र सरकार केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ी राहत दे सकती है. उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार जल्द ही 7वें वेतन आयोग के तहत महंगाई भत्ते डीए में 3 से 4 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का ऐलान कर सकती है. यह वृद्धि जुलाई 2025 से प्रभावी मानी जाएगी. फिलहाल केंद्रीय कर्मचारियों को 55 प्रतिशत डीए मिल रहा है. मार्च 2025 में सरकार ने डीए में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी, जो 1 जनवरी 2025 से लागू मानी गई. अब जुलाई 2025 के लिए संभावित डीए वृद्धि की तैयारी चल रही है, जिसे रक्षाबंधन से पहले घोषित किया जा सकता है. सरकार साल में दो बार केंद्रीय कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देती है.

## सोने की कीमत में मामूली तेजी, चांदी की घटी चमक



**नयी दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में मामूली तेजी है. वहीं चांदी की कीमत में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है. कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,160 रुपये से लेकर 1,00,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,810 रुपये से लेकर 91,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,15,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है. दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है.

### हलचल

### अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ आईएमएफ से इस्तीफा देंगी

# पुरानी भूमिका में लौटेंगी हार्वर्ड यूनिवर्सिटी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




भारतीय मूल की वरिष्ठ अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ अगस्त के अंत में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में अपने मौजूदा पद से इस्तीफा देंगी. वह फिर से हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में अपनी पुरानी भूमिका में लौटेंगी. आईएमएफ ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की, जिससे वैश्विक आर्थिक जगत में हलचल मच गई है. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, गोपीनाथ के इस फैसले से आईएमएफ के कई अधिकारी हैरान हैं, हालांकि यह साफ है कि यह निर्णय उन्होंने स्वेच्छा से लिया है. गीता गोपीनाथ ने 2019 में आईएमएफ में इतिहास रचते हुए पहली महिला चीफ इकनॉमिस्ट के रूप में पदभार संभाला था. उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम किया और संस्थान में अपनी विशेषज्ञता का भरपूर योगदान दिया. जनवरी 2022 में उन्हें आईएमएफ का दूसरा सबसे बड़ा पद—फर्स्ट डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर—सौंपा गया था.

आईएमएफ की मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने गोपीनाथ की विदाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी विद्वत्ता और नेतृत्व संस्था के लिए अत्यंत मूल्यवान रहे हैं. जॉर्जीवा ने यह भी बताया कि गोपीनाथ के उत्तराधिकारी की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी. गीता गोपीनाथ हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट में जॉन ज्वानस्ट्रा प्रोफेसर ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज एंड इकनॉमिक्स रही हैं. हार्वर्ड से पहले वह शिकागो यूनिवर्सिटी के बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस में भी असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्य कर चुकी हैं. आईएमएफ में उनके कार्यकाल के दौरान उनके कई शोधपत्र प्रतिष्ठित आर्थिक जर्नल्स में प्रकाशित हुए.

गोपीनाथ ने अपनी स्कूली शिक्षा मैसूर में पूरी की और दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्री राम कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की. उन्होंने 1990-91 में भारत में आए बड़े विदेशी मुद्रा संकट को नजदीक से देखा, जिसने उन्हें अर्थशास्त्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया. 2010 के एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा था, ₹उस संकट ने मेरी सोच को दिशा दी और अंतरराष्ट्रीय वित्त में मेरी रुचि का बीज बोया. उनकी विदाई ऐसे समय पर हो रही है जब वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों से गुजर रहे हैं. अमेरिका के पास अब यह अवसर होगा कि वह आईएमएफ के इस प्रमुख पद के लिए नया उम्मीदवार नामित करे, विशेषकर ऐसे समय में जब अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था और नीतियों में बड़े बदलाव देखे जा रहे हैं.

### पेज एक का शेष

## संसद-विधान सभाओं की गरिमा ...

यदि सदन के भीतर भी कोई किसी के खिलाफ मानहानिकारक बात बोले, तो पीड़ित लोगों को कोर्ट जाने की अब छूट मिल जानी चाहिए. यदि मेरी बात मान ली जाए तो राजनीति को नई पीढ़ी आदर की दृष्टि से देखने लगेगी.

अभी किस दृष्टि से देखती है, यदि उसे लिख दूं तो मुझ पर विशेषाधिकार हनन का मामला चल जाएगा.

लोकतंत्र के लिए यह अच्छा नहीं कि देश की युवा पीढ़ी के मन में संसद और सांसदों के बारे में अच्छी राय न बने.

ऐसे में ही कोई तानाशाह जनता से भी ताकत पा लेता है.

वैसे भी जिस रफ्तार से जेहादी तत्व इस देश में गांव दर गांव, शहर दर शहर कब्जा करते जा रहे हैं, इसे लोहे के हाथों से रोक देने के लिए देर-सबेर किसी न किसी सरकार को तानाशाह बनना ही पड़ेगा.

चीन सरकार जेहादी उइगर मुसलमानों से डील करने के अपने अनुभव के आधार पर कहा करती है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जेहादियों का 'इलाज' संभव ही नहीं. वैसे भी भारत के बाहर भी एक पाकिस्तान है तो एक भीतर भी. कम से कम चीन में ऐसा नहीं है.

(लेखक देश के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार और पद्मश्री से सम्मानित हैं.)

शुभम संदेश
रांची, बुधवार 23 जुलाई, 2025



## न्यूज अपडेट

### अमूल फेडरेशन के नए चेयरमैन बने अशोक चौधरी

**गांधीनगर।** महेसाणा दूध सागर डेयरी के वर्तमान चेयरमैन अशोक चौधरी को गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जिसे दुनिया भर में अमूल ब्रांड के नाम से जाना जाता है) का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है. चौधरी की नियुक्ति से उत्तर गुजरात के दुग्ध उत्पादकों के हितों को नई दिशा मिलने की अपेक्षा जताई जा रही है. विसनगर तालुका के चित्रोडीपुरा गांव निवासी अशोक चौधरी मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और व्यापार क्षेत्र में सक्रिय हैं. वे साल 1995 से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं और प्राथमिक सदस्य के रूप में राजनीतिक करियर की शुरुआत के बाद शहर और जिले में विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी के लिए कार्य कर चुके हैं.

### अमेरिका की सरकारी एजेंसियों और कंपनियों पर हैकर्स का हमला

**वाशिंगटन।** हैकर्स ने माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर का इस्तेमाल करने वालों की चिंता बढ़ा दी है. माइक्रोसॉफ्ट के शेयरपॉइंट एप्लिकेशन में कमजोरी का फायदा उठाते हुए हैकर्स ने अमेरिका की सरकारी एजेंसियों और कंपनियों पर बड़ा साइबर हमला किया है. अमेरिकी सरकार, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने इसकी जांच शुरू कर दी है. द वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, अधिकारियों और निजी शोधार्थियों ने पुष्टि की है कि हैकर्स ने माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर का प्रयोग करने वालों को निशाना बनाया है. इनमें अमेरिका की सरकारी एजेसिंया और कुछ नामी-गिरामी कंपनियां भी हैं. यह वैश्विक हमला है. विशेषज्ञों का कहना है कि हजारों सर्वर खतरे में हैं. माइक्रोसाफ्ट ने इस खामी से निपटने के लिए कोई उपाय भी नहीं बताए हैं.

### 133 किलो गांजे से भरी कार को खाई में गिरा कर तस्कर फरार

**काठमांडू।** नेपाल से तस्करी के लिए भारत ले जाए जा रहे 133 किलो गांजा से भरी कार को उसमें सवार कार चालक समेत तीन लोग उसे खाई में गिरा कर फरार हो गए. रौतहट जिले के पुलिस उपाधीक्षक राजन कार्की ने मंगलवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि नियमित जांच के लिए एक कार को रोकने का संकेत दिया गया, लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी और पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ते हुए कार लेकर वह फरार हो गया. पुलिस टीम ने कार का पीछा किया, लेकिन कार को खाई में गिराने की कोशिश कर वे फरार हो गये. कार में चालक समेत तीन लोग सवार थे. पुलिस उपाधीक्षक कार्की के मुताबिक कार सड़क किनारे करीब 25 मीटर नीचे झांझ खोला किनारे अटक गयी थी जिसे क्रेन के सहारे निकाला गया.

### पाकिस्तान के उच्च सदन सीनेट में सत्तारूढ़ गठबंधन को दो-तिहाई बहुमत मिला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन ने उच्च सदन सीनेट में दो-तिहाई बहुमत हासिल कर लिया. इसमें पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. उसके बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (पीएमएल-एन) हैं. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, पीपीपी ने उच्च सदन में 26 सीटें हासिल की हैं. उसके बाद पीटीआई के पास 16 सीनेटर हैं और छह स्वतंत्र सांसदों का भी समर्थन है. पीएमएल-एन के पास अब 20 सीटें हैं. बलूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी) के पास चार सीटें हैं. मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) और अवामी नेशनल पार्टी (एएनपी) के पास तीन-तीन सीनेटर हैं.

### हॉलीवुड अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर का 54 वर्ष की आयु में निधन

**सैन जोस।** मध्य अमेरिका स्थित कोस्ट रिका में परिवार के साथ छुट्टियां मनाने गए हॉलीवुड अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर नहीं रहे. 54 वर्षीय वार्नर समुद्र में तैरते वक्त तेज लहरों की चपेट में आ गए. सांस रुकने की वजह से उनकी जान चली गई. कोस्टा रिका पुलिस ने रविवार को लिमोन शहर के कोक्लेस बीच के पास उनके शव की पहचान की. सीएनएन चैनल की खबर के अनुसार, वार्नर के परिवार में पत्नी और एक बेटी हैं. अस्सी के दशक के टीवी पर 'थियो' बनकर उन्होंने खास पहचान बनाई थी. मात्र 14 साल की उम्र में धारावाहिक 'द कॉस्बी शो' में उन्होंने आम मध्यमवर्गीय अश्वेत युवा की जिंदगी को पर्दे पर जिया. न्यू जर्सी के मूल निवासी वार्नर ने नौ साल की उम्र में अभिनय करना शुरू किया और 'फेम' जैसे शो में नजर आए.

### नासा के बजट में कटौती के विरोध में 300 से अधिक कर्मियों ने लिखा पत्र

**वॉशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन द्वारा प्रस्तावित नासा बजट में कटौती के विरोध में 300 के करीब वर्तमान और पूर्व कर्मचारी सामने आए हैं. इन सभी ने अंतरिम प्रशासक को संबोधित करते हुए एक पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें इस फैसले का कड़ा विरोध किया गया है. इस पत्र को ₹वॉयेजर डिक्लेरेशन नाम दिया गया है. इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि पिछले छह महीनों में नासा में तेज और अपव्ययी बदलाव किए गए हैं, जो एजेंसी की मूल कार्यप्रणाली और सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं. पत्र नव-नियुक्त अंतरिम प्रशासक और परिवहन सचिव सीन डफी को संबोधित किया गया है, जिन्हें इस माह की शुरुआत में नासा का कार्यवाहक प्रमुख नियुक्त किया गया था. हस्ताक्षरकर्ताओं में छह पूर्व अंतरिक्ष यात्री भी शामिल हैं. उनके अनुसार, प्रस्तावित बजट कटौती से जनसंपत्ति का नुकसान, मानव सुरक्षा में जोखिम, राष्ट्रीय सुरक्षा की कमजोरी, और नासा के वैज्ञानिक मिशन की नींव कमजोर हो सकती है.

# बांग्लादेश विमान हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 27 हुई, 78 घायल, पांच की हालत नाजुक




- दुर्घटना में घायल कम से कम 78 लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है

**एजेंसियां । ढाका**

बांग्लादेश वायुसेना के प्रशिक्षण लड़ाकू विमान के राजधानी ढाका के उत्तरा में सोमवार को माइलस्टोन स्कूल एवं कॉलेज की इमारत से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है. इनमें 25 बच्चे शामिल हैं. इस विमान हादसे की जांच वायुसेना अपने स्तर पर भी कर रही है.

द डेली स्टार की खबर के अनुसार, मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) प्रो. मोहम्मद सईदुर रहमान ने आज सुबह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में संवाददाता सम्मेलन में मृतकों की संख्या की पुष्टि की.

उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में घायल कम से कम 78 लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है. उनमें से पांच की हालत गंभीर है. रहमान ने कहा कि मृतकों में 25 बच्चे हैं. इन बच्चों में कई तो 12 साल से कम उम्र के हैं. अन्य दो मृतकों में विमान का पायलट और स्कूल शिक्षिका शामिल हैं. उन्होंने बताया कि अब तक 20 शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं. अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि पीड़ितों के रिश्तेदारों और अन्य लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी संस्थान में सेना तैनात की गई है.

उल्लेखनीय है कि चीन में निर्मित इस प्रशिक्षण लड़ाकू विमान एफ-7 बीजीआई में उड़ान भरने के कुछ ही क्षणों बाद तकनीकी खराबी आ गई थी. बांग्लादेश इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, इस विमान ने दोपहर 1:06 बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी. इसके कुछ देरबाद यह विमान दुर्घटनागस्त हो गया. अग्निशमन सेवा नियंत्रण कक्ष की ड्यूटी ऑफिसर लीमा खानम ने कहा था कि हमें दोपहर 1:18 बजे इस हादसे की सूचना मिली. कुछ खबरों में हादसे का समय 1०:30 बजे बताया गया.

## मोदी की यात्रा के दौरान ब्रिटेन एफटीए पर हस्ताक्षर होने की संभावना

# मोदी 23 से 26 जुलाई तक रहेंगे ब्रिटेन, मालदीव की यात्रा पर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल से शुरू हो रही ब्रिटेन यात्रा के दौरान दोनों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होने की संभावना है. श्री मोदी कल ब्रिटेन की यात्रा पर लंदन के लिए रवाना होंगे और वहां से सीधे मालदीव जाएंगे और 26 जुलाई को माले में मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के बाद स्वदेश लौटेंगे.

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री की दो देशों की यात्रा की जानकारी दी. श्री मिस्री ने संकेत दिये कि श्री मोदी की ब्रिटिश प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान भारत ब्रिटेन एफटीए की घोषणा हो सकती है. उन्होंने ये संकेत भी दिये कि श्री मोदी ब्रिटिश सरकार के साथ खालिस्तानी आतंकवादियों एवं ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर दो टूक शब्दों में भारत की चिंताओं को रखेंगे.

मिस्री ने कहा, प्रधानमंत्री कल, 23 जुलाई को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीरस्टार्मर के साथ चर्चा के लिए ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे. वह किंग चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात करेंगे. भारत और ब्रिटेन, दोनों देशों के व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत की भी योजना है. पदभार ग्रहण करने के बाद से यह प्रधानमंत्री की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी. प्रधानमंत्री मोदी की मालदीव यात्रा पर विदेश सचिव ने कहा, प्रधानमंत्री की मालदीव यात्रा 25 और 26 जुलाई को होगी. वह मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर राजकीय यात्रा पर जा रहे हैं. इस अवसर पर प्रधानमंत्री मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि होंगे. यह प्रधानमंत्री की मालदीव की तीसरी यात्रा होगी और नवंबर 2023 में



पदभार ग्रहण करने के बाद से राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू द्वारा आयोजित किसी शासनाध्यक्ष की पहली राजकीय यात्रा होगी. प्रधानमंत्री की ब्रिटेन की यात्रा के विवरण को साझा करते हुए विदेश सचिव ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, भारत-ब्रिटेन साझीदारी को 2021 में एक व्यापक रणनीतिक साझीदारी में उन्नत किया गया था और तब से, नियमित रूप से उच्च स्तरीय राजनीतिक आदान-प्रदान हुए हैं और दोनों पक्ष इस साझीदारी को और भी ऊँचे स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री और उनके समकक्ष, ब्रिटिश विदेश सचिव के स्तर पर नियमित बैठकें होती रहती हैं और रणनीतिक मुद्दों, वित्तीय, आर्थिक, ऊर्जा-संबंधी मुद्दों के साथ-साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी से निपटने के लिए मंत्री स्तर पर कई अन्य संस्थागत तंत्र भी हैं. 2023-24 में हमारा द्विपक्षीय व्यापार 55 अरब डॉलर को पार कर गया. ब्रिटेन भारत में छठा सबसे बड़ा निवेशक भी है, जिसका निवेश 36 अरब डॉलर है और दिलचस्प बात यह है कि भारत स्वयं ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का एक बड़ा स्रोत है, जिसका सकल निवेश लगभग 20 अरब डॉलर है. रक्षा क्षेत्र में हम सशस्त्र बलों की सभी तीन शाखाओं के बीच नियमित बातचीत और अभ्यास देख रहे हैं.

ब्रिटेन-भारत मुक्त व्यापार समझौते के बारे में पूछे जाने पर मिस्री ने कहा, ₹छह मई को प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के बीच बातचीत हुई थी, जिसमें घोषणा की गई थी कि दोनों पक्षों ने मुक्त व्यापार समझौते और अन्य मुद्दों पर बातचीत पूरी कर ली है. तब से, दोनों पक्ष एक-दूसरे के बहुत निकट संपर्क में हैं. हम आपको उचित समय पर इससे संबंधित अंतिम विवरण से अवगत कराएंगे.

भारत में आर्थिक अपराधों में वांछित भगोड़ों के बारे में पूछे जाने पर विदेश सचिवने कहा, ब्रिटेन में भारतीय कानून और न्याय से भगोड़ों से संबंधित कुछ मुद्दे हैं. ये दोनों पक्षों के बीच चर्चा का विषय रहे हैं और हम ब्रिटिश सरकार द्वारा इन भगोड़ों को भारत में सौंपे जाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं. ज़ाहिर है, दूसरे देश में ऐसे अनुरोधों और ऐसे मुद्दों के लिए एक कानूनी प्रक्रिया होती है और हम इन मामलों पर ब्रिटेन में अपने सहयोगियों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं.

ब्रिटेन में खालिस्तानी उग्रवाद पर मिस्री ने कहा, ₹खालिस्तानी उग्रवादियों और उनके करीबी लोगों की मौजूदगी का मुद्दा एक बार फिर हमने ब्रिटेन में अपने सहयोगियों के ध्यान में लाया है. हम ऐसा करते रहेंगे. यह न केवल हमारे लिए चिंता का विषय है, बल्कि हमारे सहयोगियों के लिए भी चिंता का विषय होना चाहिए, क्योंकि इसका इन अन्य देशों में भी सामाजिक सामंजस्य और सामाजिक व्यवस्था पर प्रभाव पड़ता है. ऊर्जा सुरक्षा को लेकर यूरोप एवं ब्रिटिश सरकार के रुख एवं भारत के रुख के बारें में एक सवाल के जवाब में विदेश सचिव ने कहा, हम इस बात पर बहुत स्पष्ट रहे हैं कि जहां तक ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न है, भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता भारत के लोगों को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करना है और हम इस संबंध में जो भी करना होगा, करेंगे. ऊर्जा संबंधी मुद्दों पर भी, जैसा कि हमने पहले कहा है, दोहरे मापदंड न अपनाना और व्यापक ऊर्जा बाजार के संबंध में वैश्विक स्थिति के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण रखना महत्वपूर्ण है. हम समझते हैं कि यूरोप के सामने एक महत्वपूर्ण और गंभीर सुरक्षा मुद्दा है, लेकिन बाकी दुनिया भी... यह भी मौजूद है. यह उन मुद्दों से भी निपट रहा है जो बाकी दुनिया के लिए अस्तित्व से जुड़े हैं. मुझे लगता है कि इन मुद्दों पर बात करते समय संतुलन और परिप्रेक्ष्य बनाए रखना ज़रूरी है.

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के बल पर राजनीति करने वाले घबराए : रविशंकर प्रसाद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विरोध पर विपक्ष पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के अभियान से बांग्लादेशी घुसपैठियों के बल पर राजनीति करने वाले नेता ही घबराए हुए हैं. भाजपा सांसद प्रसाद ने संसद भवन परिसर में मीडियाकर्मियों से कहा कि भारत के संविधान के मुताबिक सिर्फ़ देश के निवासी को ही वोट देने का अधिकार है. अगर इसकी जांच हो रही है तो उन्हें दिक्कत क्यों है. ड्राफ्ट तैयार होने के बाद सभी दलों को अपील करने का अधिकार है. वे अपील कर सकते हैं. न जाने क्यों विपक्षी दल इसको लेकर हाय तौबा मचाए हुए हैं. अररिया, पूर्णिया और किशनगंज में 125 प्रतिशत लोगों को आधार कार्ड जारी किए गए हैं. चुनाव आयोग ने कहा है कि ज़्यादातर लोग बाहर से आए हैं. भारत कोई धर्मशाला नहीं है.

# उपराज्यपाल ने आतंकवाद पीड़ित परिवारों के लिए एक समर्पित पोर्टल किया लॉन्च

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आतंकवाद पीड़ितों को संस्थागत सहायता प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पीड़ित परिवारों के लिए एक समर्पित पोर्टल लॉन्च किया. उपराज्यपाल ने कहा कि यह पहल केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद से पीड़ित लोगों को राहत, अनुकंपा नियुक्ति और अन्य प्रकार की सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और त्वरित करेगी. गृह विभाग द्वारा एनआईसी के सहयोग से विकसित यह वेब पोर्टल, आतंकवाद प्रभावित परिवारों का व्यापक जिलावार डेटा एकत्र करने और बनाए रखने के लिए केंद्रीकृत मंच के रूप में कार्य करेगा. पीड़ितों या उनके रिश्तेदारों की संपत्ति पर किसी भी अतिक्रमण का विवरण भी एकत्र



किया जा रहा है. यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी वैध मामला अनसुलझा न रहे और पात्र परिवारों को वित्तीय राहत, अनुग्रह राशि और अनुकंपा रोजगार के रूप में समय पर सहायता प्रदान की जाए, साथ ही किसी भी फर्जी या एकाधिक दावों को समाप्त करना सुनिश्चित किया जाए. उपराज्यपाल व्यक्तिगत रूप से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सभी मामलों के निवारण की निगरानी और देखरेख कर रहे हैं.

# गाजा में विश्व स्वास्थ्य संगठन के कर्मचारी आवास पर इजराइल का हमला

**एजेंसी। लंदन**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के गाजा के डेर अल बलाह स्थित कर्मचारी आवास पर इजराइली रक्षा बलों ने सोमवार को तीन बार हमला किया. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अधिकारियों ने एक बयान में यह जानकारी दी. संगठन ने इसके लिए इजराइल की निंदा की है.

अमेरिका के एबीसी न्यूज चैनल के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अधिकारियों ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इजराइली सेना परिसर में घुस गयी. महिलाओं और बच्चों को पैदल ही अल-मवासी की ओर जाने पर मजबूर कर दिया. विश्व स्वास्थ्य संगठन के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को हथकड़ी लगायी गयी. उनके कपड़े उतारे गए. बंदूक के जोर पर उनकी तलाशी ली गयी.

संगठन ने डेर अल बलाह में कर्मचारियों के आवास पर हुए हमलों, शरण लिए हुए लोगों के साथ दुर्व्यवहार और उसके मुख्य गोदाम को नष्ट किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है. इजराइल के सुरक्षाबलों ने इस पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है.

### विपक्ष का एसआईआर के खिलाफ संसद परिसर में प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सहित विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को बिहार में जारी मतदाता सूची अपडेट प्रक्रिया एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के मुद्दे पर संसद के मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया.

प्रदर्शन में कई विपक्षी दलों के नेताओं ने भाग लिया. इसमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आरजेडी, द्रमुक और अन्य विपक्षी पार्टियों के नेता थे. सभी ने अपने हाथ में एसआईआर के विरोध में पोस्टर कार्ड पकड़े हुए थे. इनमें लिखा था कि एसआईआर भारतीयों के अधिकार छीन रहा है. साथ ही इसे रोके जाने के नारे लगाए जा रहे थे. उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर करा रहा है.

### फरीदाबाद में भूकंप के झटके, 3.2 थी तीव्रता

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में मंगलवार सुबह भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत फैल गई. कई लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए. सुबह करीब 6 बजे आए भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.2 मापी गई, जबकि इसका केंद्र फरीदाबाद रहा. बीते 25 दिनों में हरियाणा में यह छठा भूकंप है, जो राज्य में बढ़ते भूकंपीय खतरे की ओर इशारा करता है. विशेषज्ञों के अनुसार, लगातार आ रही ये हलचलें बड़े भूकंप का संकेत भी हो सकती हैं. भूगर्भीय हलचल जमीन के पांच किलोमीटर अंदर दर्ज की गई. भूकंप के लिहाज से हरियाणा के 12 जिले संवेदनशील माने जाते हैं, जिनमें फरीदाबाद, पलवल के साथ-साथ रोहतक, पानीपत, करनाल, महेंद्रगढ़, पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, गुरुग्राम, झज्जर और नूंह शामिल हैं.

### अमृतसर हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर स्थित गुरु रामदास अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. इस धमकी के बाद मंगलवार को हवाई अड्डे की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. वहीं स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरे नौ ई-मेल शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के पास आने के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज अमृतसर पहुंचेंगे. मुख्यमंत्री यहां दरबार साहिब में नतमस्तक होने के बाद पुलिस से इन घटनाओं के बारे में रिपोर्ट लेंगे. सोमवार रात गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने के संबंध में एक ई-मेल भेजी गई थी.

# बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान को तत्काल रोका जाए : प्रियंका गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस महासचिव एवं लोकसभा की सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए इसको तत्काल रोके जाने की मांग की है. प्रियंका गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया पूरी तरह से गलत है और इससे मतदाताओं के अधिकारों का हनन हो रहा है. इस दौरान मौजूद कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने भी एसआईआर को लेकर गंभीर आपत्ति जतायी और कहा कि यह देशभर के मतदाताओं का वोट लूटने की साजिश है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को संसद में जोर-शोर से उठाएगी और यह सिर्फ बिहार का नहीं, बल्कि पूरे देश के लोकतांत्रिक ढांचे से जुड़ा सवाल है. इससे पहले, एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद के मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई प्रमुख विपक्षी नेता उपस्थित थे. सभी नेता अपने हाथों में एसआईआर के विरोध के पोस्टर लिये हुए थे, जिन



पर एसआईआर विरोधी नारे लिखे हुए थे. चुनाव आयोग बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए एसआईआर करा रहा है. इस प्रक्रिया में अब तक 90.67 प्रतिशत मतदाताओं ने फॉर्म भर दिए हैं. इसके बाद ड्राफ्ट सूची जारी होगी और 30 सितंबर तक अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी.

कांग्रेस महासचिव एवं लोकसभा की सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए इसको तत्काल रोके जाने की मांग की है. प्रियंका गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया पूरी तरह से गलत है और इससे मतदाताओं के अधिकारों का हनन हो रहा है. इस दौरान मौजूद कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने भी एसआईआर को लेकर गंभीर आपत्ति जतायी और कहा कि यह देशभर के मतदाताओं का वोट लूटने की साजिश है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को संसद में जोर-शोर से उठाएगी और यह सिर्फ बिहार का नहीं, बल्कि पूरे देश के लोकतांत्रिक ढांचे से जुड़ा सवाल है. इससे पहले, आज एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद के मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई प्रमुख विपक्षी नेता उपस्थित थे.

# हर गांव में बनेगी सहकारी समिति : अमित शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में बताया कि सरकार ने 15 फरवरी 2023 को देश में सहकारी आंदोलन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और इसकी पहुंच हर गांव और पंचायत तक सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक योजना को मंजूरी दी थी. इस योजना के तहत आगामी पांच वर्षों में देशभर के सभी गांवों और पंचायतों में दो लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख समितियां (एम-पीएसीएस), डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना का लक्ष्य है.

अमित शाह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि यह योजना केंद्र सरकार की मौजूदा योजनाओं जैसे डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (डीआईडीएफ), राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी), पीएम मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) आदि के समन्वय से लागू की जा रही है. इसमें राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) और राज्य सरकारों की भूमिका अहम है.

राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस का हवाला देते हुए शाह ने बताया कि 30 जून 2025 तक देशभर में 22,606 नयी पीएसीएस, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां पहले ही पंजीकृत की जा चुकी



हैं. इस योजना के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए 19 सितंबर 2024 को सहकारिता मंत्रालय द्वारा नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी के समन्वय में एक मार्गदर्शिका (एसओपी - मार्गदर्शिका) जारी की गयी है. इसमें सभी संबंधित पक्षों की भूमिकाएं, लक्ष्यों और समयसीमा को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है.

मार्गदर्शिका के अनुसार, आंध्र प्रदेश में कुल 4,188 पीएसीएस, 9,149 डेयरी और 200 मत्स्य सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य है लेकिन राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस के मुताबिक, 30 जून 2025 तक राज्य में केवल 891 डेयरी सहकारी समितियां (जिनमें से 5 कृष्णा जिले में हैं) और 2 मत्स्य सहकारी समितियां ही पंजीकृत की जा सकी हैं.

स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.**)